आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 18°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आयाम, प्रदेशवासियों ने लिया...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 31 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 80

www.janexpresslive.com/epaper




बीजेपी ने वंशवाद पर कसा शिकंजा... 12

# ममता घुसपैठ नहीं रोक सकतीं: शाह

## ममता बनर्जी बोलीं, शकुनि का चेला आया, घुसपैठ सिर्फ बंगाल से तो क्या पहलगाम हमला आपने कराया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी जुटाने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं। आज बीजेपी कह रही है कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी, तो फिर पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी? बांकुरा में आयोजित कार्यक्रम में ममता ने कहा- बीजेपी कहती है कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है तो क्या पहलगाम में हमला आपने कराया था? दिल्ली में जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? बीजेपी स्ढ्ढक्रके नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। ममता का ये बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर आया है। पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन आज शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। अगर राज्य में भाजपा सरकार बनी तो यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। बंगाल में सभी योजनाएं डेड एंड पर पहुंच गई हैं। दरअसल, शाह बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यहां पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना लगभग तय है। यहां कुल 294 सीटें हैं, टीएमसी की सरकार है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं।



### बंगाल में आम नागरिकों में चिंता का माहौल: शाह

शाह ने आगे कहा कि बंगाल के लिए आज से अप्रैल तक का समय बेहद अहम है, क्योंकि इस दौरान राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 साल में टीएमसी सरकार के शासन में राज्य में भय, भ्रष्टाचार और गलत प्रशासन फैला है, जिसके कारण बंगाल में आम नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण बंगाल का विकास रुक गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याण योजनाएं यहां टोल सिंडिकेट की भेंट चढ़ गई हैं। पिछले 14 वर्षों से बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार बन गई है।



### मैं सेक्युलर हूं: ममता बनर्जी

इससे पहले कोलकाता में 'दुर्गा आंगन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'कई लोगों ने कहा है कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं, लेकिन मैं सेक्युलर हूं और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मुझे बंगाल से प्यार है, मुझे भारत से प्यार है। हम सभी जातियों, सभी धर्मों से प्यार करते हैं। यही हमारी विचारधारा है। हर व्यक्ति को अपना लोकतांत्रिक अधिकार है। धर्म व्यक्तिगत पसंद है लेकिन त्योहार सभी के लिए हैं।' ममता बनर्जी ने कहा कि 'मैं सभी धर्मों के कार्यक्रमों में जाती हूं, जब मैं गुरुद्वारे जाता हूं तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन अगर मैं ईद के कार्यक्रम में जाती हूं तो कुछ लोगों को परेशानी होने लगती है।'

### एआई की मदद से किया जा रहा घोटाला: ममता

बांकुड़ा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, एसआईआर एक बहुत बड़ा घोटाला है और एआई तकनीक का इस्तेमाल करके एसआईआर किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि लोग, भाजपा को पश्चिम बंगाल की सत्ता में नहीं आने देंगे। टीएमसी प्रमुख ने धमकी देते हुए कहा, अगर मतदाता सूची से एक भी वैध मतदाता का नाम कटा तो उनकी पार्टी टीएमसी दिल्ली में चुनाव आयोग के ऑफिस का घेराव करेगी। जनसभा में ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा कहती है कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से आते हैं। अगर ऐसा है तो क्या पहलगाम में हमला आपने कराया था? दिल्ली में जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? भाजपा सिर्फ एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है।'

### क्यों हो रही घुसपैठ की समस्या, क्या बोला शाह ने?

अमित शाह ने आगे पश्चिम बंगाल सरकार पर बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार जमीन नहीं दे रही, जिसकी वजह से घुसपैठ की समस्या बनी हुई है। अमित शाह ने सवाल किया कि त्रिपुरा, असम, राजस्थान, पंजाब, कश्मीर और गुजरात की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों रुक गई, लेकिन पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि बंगाल में राज्य सरकार की जानकारी में घुसपैठ हो रही है और इसका मकसद जनसंख्या में बदलाव कर वोट बैंक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव घुसपैठ रोकने और घुसपैठियों को बाहर निकालने इन्हीं मुद्दों पर लड़े जाएंगे। अमित शाह ने साफ कहा कि बंगाल सीमा से हो रही घुसपैठ देश की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

### मैंने सीएम ममता को लिखे सात पत्र: शाह

इसके साथ ही एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने खुद ममता बनर्जी को सात पत्र लिखे हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं दे रही है। अमित शाह ने बताया कि पिछले छह साल में गृह सचिव तीन बार बंगाल गए और राज्य के मुख्य सचिव के साथ बैठकें भी हुईं, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को जमीन देने में किस बात का डर है और क्या राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल सरकार घुसपैठियों के दस्तावेज बना रही है, जिससे घुसपैठ लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है और इससे बंगाल की जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

### अमित शाह का दावा- 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा बनाएगी सरकार

शाह ने आगे इस बात पर जोर दिया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बंगाल में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ा है, जो साफ तौर पर चुनावी नतीजों में दिखता है। अमित शाह ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 17% वोट और तीन सीटें मिलीं, 2016 विधानसभा चुनाव में पार्टी को 10% वोट और तीन सीटें मिलीं। उन्होंने कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव में वोट बढ़कर 41% और सीटें 18 हो गईं, 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 21% वोट और 77 सीटें मिलीं और 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी को 39% वोट और 12 सीटें मिलीं। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 2016 में सिर्फ 3 सीटों पर थी, वह पांच साल में 77 सीटों तक पहुंच गई। वहीं कांग्रेस शून्य पर पहुंच गई और वाम दलों को एक भी सीट नहीं मिली।

### भाजपा करेगी राज्य के संस्कृति और विरासत को जीवित: शाह

इस दौरान शाह ने आगे कहा कि 15 अप्रैल 2026 के बाद जब बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, तो राज्य की संस्कृति और विरासत को फिर से जीवित किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि बंगाल भाजपा के लिए खास है क्योंकि पार्टी की स्थापना करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यहीं के बड़े नेता थे। अमित शाह ने बंगाल की जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनते ही विकास की रफ्तार तेज की जाएगी। गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी। घुसपैठ रोकने के लिए नेशनल ग्रिड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में बदलाव और विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है।

### अमित शाह ने ममता बनर्जी सरकार पर लगाए हैं आरोप

ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल के दौरे पर हैं और अपने दौरे पर उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह ने बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि ये सरकार घुसपैठ नहीं रोक सकती। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा सरकार बनी तो परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार चुनावी फायदे के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश से गरीबी मिटा रही है और बंगाल में सभी योजनाएं खत्म होने के कगार पर पहुंच गई हैं।

# यूपी में फिर बढ़ी एसआईआर की समय सीमा अब छह जनवरी को आएगी पहली कच्ची सूची



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित तिथियों के अनुसार, अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा।

### लखनऊ के आंकड़े

- कुल मतदाता: 39 लाख 94 हजार 535
- कुल बीएलओ: 3789
- वितरित किए गए फॉर्म: 99.31 फीसदी

### इसका रखें विशेष ध्यान

- फॉर्म में मोबाइल नंबर स्पष्ट लिखें। सुनिश्चित करें कि नंबर गलत न हो।
- जन्मतिथि व एपिक नंबर की पुष्टि कर लें कि उसमें कोई गलती न हो।
- आधार नंबर वैकल्पिक है। अनिवार्य नहीं है।
- फॉर्म की जो कॉपी मतदाता को दी जाए उसे सुरक्षित रखें।

### इसलिए जरूरी है एसआईआर

- फॉर्म भरकर जमा करना अनिवार्य है। वर्ना सूची से नाम कट सकता है।
- पूरे देश में आपका नाम सिर्फ एक ही मतदाता सूची में रहेगा।
- एसआईआर से डुप्लीकेसी और फेक वोटर को हटाया जाएगा।

### बीएलओ की जिम्मेदारी

प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाओं के घर घर जाकर एसआईआर फॉर्म की दो कॉपियां देनी होगी। दोनों कॉपियां मतदाता भरेगा। जिसमें एक कॉपी बीएलओ अपने पास जमा कर लेंगे जबकि दूसरी कॉपी मतदाता के पास रहेगा। फॉर्म की जो कॉपी मतदाता के पास रहेगी उसमें बीएलओ के हस्ताक्षर भी होंगे। जिससे ये सुनिश्चित हो जाएगा कि मतदाता ने एसआईआर फॉर्म भर दिया है। फोटो भी दोनों फॉर्म पर लगेंगी।

### यह जरूर करें

यदि आप वर्तमान में अपने निवास स्थान से दूर रह रहे हैं, तो अपने बीएलओ से संपर्क करें और फॉर्म प्राप्त करें।

## सुप्रीम कोर्ट ने पेश होने वाले वकीलों के लिए जारी की एसओपी, तेज होगी न्याय की प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने सामने पेश होने वाले वकीलों के लिए दलीलें रखने और लिखित नोट जमा करने की समय-सीमा तय की। शीर्ष कोर्ट ने इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इस कदम का मकसद कोर्ट के कामकाज को बेहतर बनाना और न्याय की प्रक्रिया को तेज करना है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जजों ने सोमवार को एक नोटिस जारी किया, जिसमें सभी मामलों में मौखिक दलीलों को तय समय में पूरा करने के लिए एसओपी तय की गई है। यह एसओपी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई। इस एसओपी के तहत कहा गया है कि नोटिस के बाद और नियमित सुनवाई वाले सभी मामलों में वरिष्ठ वकील, बहस करने वाले वकील या रिकॉर्ड पर वकील को सुनवाई शुरू होने से कम से कम एक दिन पहले मौखिक दलीलों की समय-सीमा जमा करनी होगी। यह जानकारी रिकॉर्ड पर वकील को दिए गए ऑनलाइन पोर्टल के जरिये माननीय न्यायालय को भेजी जाएगी।

# कोहरे में घंटों लेट ट्रेनें, यात्रियों को अब खिचड़ी नहीं बल्कि मिलेगा स्वादिष्ट खाना



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही है। इस देरी की चपेट में सामान्य ट्रेनों के अलावा शताब्दी, राजधानी और वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनें भी शामिल है। ट्रेनों के देर होने पर यात्रियों को सफर के दौरान खाने-पीने को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को राहत देने का फैसला किया है। अब तक ट्रेन लेट होने की स्थिति में यात्रियों को खिचड़ी उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन अब भोजन के मेन्यू में बदलाव किया गया है। रेलवे ने विकल्प बढ़ाते हुए पोहा, राजमा-चावल और छोले-चावल जैसे स्वादिष्ट भोजन शामिल किए हैं। इस नई व्यवस्था की शुरुआत भी कर दी गई है। रेलवे के अनुसार, कोहरे के चलते ट्रेनें अक्सर अचानक लेट हो जाती हैं। पहले से यह पता नहीं चलता कि ट्रेन कितनी देर से चलेगी, क्योंकि कोहरे की स्थिति कभी कम तो कभी ज्यादा हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यात्रियों को कम समय में भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी वजह से अब तक खिचड़ी दी जाती थी, क्योंकि यह जल्दी तैयार हो जाती है। हालांकि अब रेलवे इस व्यवस्था में बदलाव कर रहा है और यात्रियों को ज्यादा बेहतर और विविध भोजन विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठा रहा है। हाल ही में वाराणसी से दिल्ली आ रही 22435 वंदे भारत एक्सप्रेस तय समय से काफी देरी से पहुंची। ट्रेन में 1000 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें करीब 200 यात्रियों ने पहले से भोजन बुक नहीं कराया था। ट्रेन के ज्यादा लेट होने से यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने सभी यात्रियों को पोहा और राजमा-चावल उपलब्ध कराया। रेल मंत्रालय ने बताया कि जरूरत पड़ने पर यात्रियों को छोले-चावल जैसे अन्य भोजन विकल्प भी यात्रियों को दिए जा सकते हैं।

### सफर के दौरान उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके

रेलवे के मुताबिक, इस ट्रेन के ज्यादा लेट होने की वजह से यात्रियों को दो बार के बजाय करीब पांच बार भोजन उपलब्ध कराया गया। आमतौर पर इतनी संख्या में यात्रियों के लिए लगभग 2000 मील की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस ट्रेन में हालात को देखते हुए करीब 5000 मील अलग-अलग विकल्पों में दिए गए। रेलवे ने यह भी ध्यान रखा कि यात्रियों को बार-बार एक ही तरह का खाना न मिले, ताकि खाने से अरुचि न हो और सफर के दौरान उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अब आरक्षी, मुख्य आरक्षी और जेल वार्डर की परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं, कैबिनेट में प्रस्ताव पास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। यूपी पुलिस के आरक्षी, मुख्य आरक्षी और जेल वार्डरों की भर्ती में निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। इन प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लग गई है। अभी तक यूपी पुलिस के आरक्षी व मुख्य आरक्षी के साथ जेल वार्डरों की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होती थी। निगेटिव मार्किंग खत्म करने का प्रस्ताव कैबिनेट में गया था। प्रस्ताव कैबिनेट में बाई सर्कुलेशन पास किया गया है। अब सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। आरक्षी, मुख्य आरक्षी व जेल वार्डर भर्ती की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ये अच्छी खबर है।

### आयकर विभाग की लुलु मॉल पर बड़ी कार्रवाई, 27 करोड़ टैक्स न देने पर कंपनी का बैंक खाता फ्रीज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। आयकर विभाग ने लुलु मॉल के दो खातों को सीज कर दिया है। मॉल पर 27 करोड़ रुपये का बकाया है। आयकर विभाग लखनऊ के उपनिदेशक सर्किल एक ने ये कार्रवाई की है। लुलु मॉल पर लंबे समय से बकाया है। आयकर विभाग ने मॉल प्रशासन को इसके लिए कई नोटिस भेजे। सूत्रों के मुताबिक नोटिस का कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बकाया 27 करोड़ रुपये टैक्स भी नहीं जमा किया गया। जिसके बाद विभाग ने मॉल के दो खातों को सीज कर दिया है। फिलहाल मॉल प्रशासन इन खातों को ऑपरेट नहीं कर सकेंगे। कोई भी रकम निकालने की अनुमति नहीं होगी। खातों में रकम जमा हो सकती है। नियमानुसार जो भी टैक्स बनेगा उसे जमा करना होगा, तभी खाते रिलीज किए जाएंगे।

### यूपी: स्कूलों के बाद प्रदेश के मदरसों में घोषित हुए शीतकालीन अवकाश, रमजान में 33 दिन रहेगी बंदी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश के सभी मदरसे 1 से 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने ठंड को देखते हुए 10 दिन का शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। साथ ही मदरसा बोर्ड ने साल 2026 की अवकाश तालिका भी जारी कर दी है। सर्दी व गर्मी में मौसम बदलने पर जिलाधिकारी व अन्य सक्षम स्तर से घोषित होने वाले अवकाश मदरसों पर भी लागू होंगे। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से प्रदेश में करीब 16460 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इनमें सरकार से अनुदानित 560 मदरसे हैं। ठंड को देखते हुए प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त मदरसों में एक जनवरी से 10 जनवरी तक शीतकालीन घोषित किया गया है।

## खालिदा जिया के जनाजे में शामिल होंगे एस जयशंकर, आज जाएंगे ढाका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के जनाजे में शामिल होंगे। विदेश मंत्री ढाका 31 दिसंबर को रवाना होंगे। बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत सरकार और भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए वह 31 दिसंबर को ढाका जाएंगे। ▶ संबंधित खबर पेज 12 पर

## असम-त्रिपुरा में बांग्लादेशी समूहों से जुड़े 11 कट्टरपंथी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश के कट्टरपंथी समूहों से संबंध के आरोप में असम और त्रिपुरा में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी पूर्वोत्तर में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे थे। पुलिस के मुताबिक, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर ये गिरफ्तारियां कीं। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थसारथी महंत ने संवाददाताओं को बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर ये गिरफ्तारियां कीं। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थसारथी महंत ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार की रात असम के बारपेटा, चिरांग और दरांग जिलों के साथ-साथ त्रिपुरा में एक अभियान चलाया गया। इस दारौन 11 जिहादी तत्वों को गिरफ्तार किया, जो बांग्लादेशी समूहों के आदेशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा, गिरफ्तार किए गए लोग इमाम महमूद काफिला (आईएमके) के सदस्य हैं। आईएमके, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) का एक संगठन है, जो भारत में प्रतिबंधित है। मंहत ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में से 10 को असम से और एक को त्रिपुरा से पकड़ा गया। इनका उद्देश्य असम और पूर्वोत्तर के बाकी हिस्सों में अस्थिरता फैलाना था।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रदेश में धामी सरकार के प्रयासों को सराहा, लखपति दीदी बनाने में मिलेगा सहयोग



- लखपति दीदी योजना में केंद्र सरकार भी राज्य को सहयोग देगी: शिवराज सिंह चौहान

जन एक्सप्रेस । देहरादून

मुख्यमंत्री सशक्त बहना योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में उत्तराखंड ने ठोस पहल की है। राज्य के दौरे पर चमोली जिले के गौचर पहुंचे केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी समेत अन्य क्षेत्रों में भी धामी सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने लखपति दीदी समेत अन्य योजनाओं में उत्तराखंड को केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह उत्तराखंड के विकास के प्रति समर्पित रहने के साथ ही महिलाओं व किसानों के सशक्तीकरण के लिए विशेष तौर पर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि लखपति दीदी योजना में केंद्र सरकार भी राज्य को सहयोग देगी। उन्होंने राज्य में समान नागरिक संहिता, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, ब्लाक स्तर पर किसान दिवस का आयोजन जैसी पहल के लिए मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों को सराहा।

### उत्तराखंड ने ठोस कदम उठाए

मुख्यमंत्री सशक्त बहना योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में उत्तराखंड ने ठोस कदम उठाए हैं। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य दौरे के दौरान चमोली जिले के गौचर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की।

### उत्तराखंड के फल-सब्जी समेत अन्य कृषि उत्पादों की दुनियाभर में खूब मांग

उत्तराखंड में उत्पादित फल-सब्जी समेत अन्य कृषि उत्पादों की देश-विदेश में खूब मांग है। इनका यहां के किसानों को लाभ मिले, इसे लेकर भी केंद्र सरकार चिंता कर रही है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को फल-सब्जी की वैश्विक राजधानी बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड का माल्टा देश-विदेश में पहुंचे, इसके लिए भी उन्होंने केंद्र की ओर से सहयोग की बात कही। राज्य में वन्यजीवों से फसल क्षति एक बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री चौहान से मुलाकात कर खेतों की घेरबाड़ योजना के लिए मदद का आग्रह किया था। इसे लेकर भी केंद्रीय मंत्री ने संजीदगी दिखाते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना में अतिरिक्त राशि राज्य को उपलब्ध कराई जाएगी। यही नहीं, इंटीग्रेटेड खेती के लिए राज्य की परिस्थितियों के अनुसार नीतिगत बदलाव के जरिये आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने का भी केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया है।

# डीआईजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई एक दिवसीय किशोर न्याय एवं बाल संरक्षण कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस | बांदा**




मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी जे0 रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की उपस्थिति में महर्षि बामदेव सभागार में किशोर न्याय एवं बाल संरक्षण विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद परिक्षेत्र के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, जिला प्रोवेशन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल कल्याण अधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, प्रभारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, केन्द्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई, प्रभारी थाना एएचटी, समस्त थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किशोर न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करना,बाल संरक्षण से संबंधित विधिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई।कार्यशाला में किशोर न्याय एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को मानवीय, संवेदनशील एवं विधि-सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन करने तथा अंतर-विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने पर बल दिया । किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 के अंतर्गत विधि के साथ संघर्षरत बालकों एवं देखरेख व संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई साथ ही विवेचकों की भूमिका, बालकों के हित में समयबद्ध कार्यवाही एवं प्रक्रिया संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही पुलिस, जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावशाली और क्रियाशील बनाने पर जोर दिया गया।

मिशन शक्ति केंद्र की अवधारणा एवं उद्देश्य, विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक की रूपरेखा एवं आवश्यक प्रारूप तथा पॉक्सो अधिनियम-2012 के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।गुमशुदा बच्चों के प्रकरणों में सूचना पंजीकरण, विवेचना एवं बरामदगी से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसे प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यवहारिक सुझावों पर विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस एवं महिला कल्याण विभाग के समन्वय तथा 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान बाल संरक्षण के क्षेत्र में व्यावहारिक समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए उनका निवारण भी किया गया। कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला समापन के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र राजेश एस. व द्वारा चित्रकूट धाम परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में बाल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारीगण/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# डीएम ने की जिले में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पर्यटन विभाग अंतर्गत स्वीकृत नवीन पर्यटन परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण एवं अन्य संबंधित बिंदुओं पर कार्यदायी संस्था के साथ मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में वर्चुअल (ऑनलाइन) बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पालेशवरनाथ मंदिर पहाड़ी का पर्यटन विकास, तीर्थ क्षेत्र सीतापुर (खोही चैराहे के समीप) पर्यटन सुविधा केंद्र की अवस्थापना, राम सैया का पर्यटन विकास एवं पर्यटन सुविधाओं का निर्माण, महर्षि वाल्मीकि लालपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का पर्यटन विकास तथा महर्षि वाल्मीकि लालपुर के समीप तमसा (गंगा) नदी पर प्रस्तावित वाल्मीकि घाट निर्माण एवं पर्यटन सुविधाओं के सृजन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

परियोजनाओं के सौंदर्यीकरण के संबंध में डीएम ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को निर्देशित किया कि सभी स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शौचालय, सोलर लाइट, सोलर पैनल, आरसीसी बेंच, डस्टबिन, साइनेज, प्रवेश मार्ग (एंट्री रोड), कर्व्ड रैम्प तथा उच्च गुणवत्ता के पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पालेशवरनाथ मंदिर पहाड़ी मुख्य मार्ग से मंदिर तक लगभग 30 मीटर के कच्चा मार्ग की टाइलिंग के निर्देश दिए। साथ ही यात्री हाल, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्थाएं एक ही परिसर में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से विकसित करने को कहा। निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित परिसंपत्तियों का हैंडओवर विभाग अथवा संस्था को किया जाए। कहा कि सभी पर्यटन स्थलों पर एकरूपता बनाए रखते हुए विकास कार्य कराएं। साथ ही कुछ नवीन डिजाइन एवं पैटर्न को सम्मिलित किया जाए, जिससे स्थलों का सौंदर्य एवं आकर्षण और अधिक बढ़ सके। विकास कार्यों में स्थानीय क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान एवं पारंपरिक तत्वों को समाहित करने पर विशेष बल दिया गया। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठंड से लोगों को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



पूरे उत्तर भारत में इस समय भीषण ठंड का प्रकोप है और लोगों को ठंड से राहत देने के लिए योगी सरकार गंभीर है और इसको लेकर मुख्यमंत्री ने सभी जिले के जिलाधिकारी को ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। और मुख्यमंत्री के निर्देश को लेकर जनपद में नगर पालिका क्षेत्र नगर पंचायत क्षेत्र तहसील मुख्यालय में ठंड से बचाव को लेकर जहां रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं तो वहीं अलाव जलवाए जा रहे हैं तो और वही जरूरतमंदों को कंबल बांटने का भी काम किया जा रहा है। और व्यवस्थाएं चाक चौबंध रहे इसको लेकर डीएम, एडीएम, एसडीएम समेत संबंधित अधिकारी समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं। ठंड से बचाव को लेकर जिले में नगर पालिका, नगर पंचायत व तहसील प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कुल 454 जगहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। जिसमें जनपद के नगर क्षेत्र में 222, अतर्रा में 79, बबेरू में 50, नरैनी में 93 व पैलानी में 10 जगह अलाव जलवाए जा रहे हैं। तो वही जनपद के नगर में 12 जगहों पर रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं। जिसमें अब तक 381 व्यक्ति रख चुके हैं। जहां पर लोगों के लिए रजाई, गद्दे व तकिया आदि के इंतजाम किए गए हैं। तो वहीं ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने 12423 कंबल मंगवाये हैं जिसके सापेक्ष अब तक 5484 लोगों को कंबल बांटे गए हैं। जिसमें जनपद के नगर क्षेत्र में 1551, अतर्रा में 954, बबेरू में 944, नरैनी में 1008 तो वही पैलानी में 1027 जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया गया। वहीं ठंड से बचाव को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंध रहें इसको लेकर डीएम, एडीएम, एसडीएम समेत सभी जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर व्यवस्थाओं का जायजा भी ले रहे हैं। अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए जनपद में 12 रैन बसेरे संचालित किया जा रहे हैं। जहां पर सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल है। वही यहां पर साफ-सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा जरूरतमंदों को प्रत्येक तहसील क्षेत्र में कंबल बांटे जा रहे हैं। तो वहीं जहां-जहां पर अलाव की जरूरत है वहां पर अलाव भी जलवाए जा रहे हैं।और मेरे द्वारा व जिलाधिकारी के द्वारा भी खुद समय समय पर जाकर निरीक्षण भी किया जा रहा है।

फोटो न0-3

# कम्बल पाकर जरुरत मंदों के चेहरे पर दिखी खुशी



**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

मौदहा के फत्तेपुरवा गांव में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद के साथ ही विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किये। कंबल मिलने की उम्मीद लेकर बड़ी तादाद में जरुरतमंद महिलाएं और बुजुर्ग गाँव पहुंचे थे। सर्दी में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विपिन पाण्डे ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे द्य ग्राम प्रधान सियाराम विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत की तरफ से 268 गरीबों कम्बल भेंट किये गये है। इस दौरान नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश वर्मा,लेखपाल राघवेन्द्र चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सियाराम विश्वकर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद मौजूद रहे।

# 'घरों और दुकानों से कूड़ा उठाने के काम को बेहतर तरीके से अंजाम दिया जाये'




**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी नामित सदस्य मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आर आर सी संचालन में ग्रामों के घरों और दुकानों से कूड़ा उठाने के लिये शुल्क लेते हुए ओएस ओएसआर खाते में जमा करने की कार्यवाही किये जाने के लिये कहा गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने निर्देशित करते हुये कहा कि अगली बैठक में ये ओएसआर जमा करने पर गौर किया जाय। साथ ही ऑनलाइन इंट्री भी की जाये। साथ ही ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालय में रिट्रोफिटिंग करते हुए एक महीने के अंदर वित्त के टाइड फंड से पूरा कराना तय करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कूड़ा जमा करने के लिये ई-रिक्शा की खरीद नहीं की गई है। जल्द ही ई रिक्शों की खरीद कर ली जाये। साथ ही गोवर्धन प्लांट सहित प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में खास ख्याल रखते हुये राजस्व जमा किया जाये।

# ब्लॉक स्तर पर होगा कृषि निवेश मेलों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसार, कृषि निवेश तथा तकनीकी प्रबंधन योजना के अंतर्गत संचालित कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रबी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन तथा कृषकों को नवीनतम तकनीकी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जनपद व विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जाना है।

बताया कि इस योजना के तहत कृषि व कृषि आधारित अन्य गतिविधियों पशुपालन, बागवानी आदि को विकसित करने तथा उनके सतत् कल्याण के लिए जनपद व विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खंडों में किया जाएगा। जिसमें आगामी पांच जनवरी को विकासखंड कर्वी के कालूपुर पाही में, आगामी छह जनवरी को विकासखंड पहाड़ी परिसर में, आगामी सात जनवरी को विकासखंड मानिकपुर परिसर में, आगामी आठ जनवरी को विकासखंड मऊ परिसर में एवं आगामी नौ जनवरी को विकासखंड रामनगर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन सम्बन्धित अधिकारियों की मौजूदगी में किया जाएगा। इस जनपद एवं विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला में कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, विद्युत, एग्रो आदि विभागों के अधिकारियों, बैंकर्स, एनजीओ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक प्रतिभाग करते हुए किसानों को नवीनतम कृषि की जानकारी प्रदान करेंगे। जिससे कृषक अपनी उत्पादकता में वृद्धि कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

# जीआरपी रेलवे पुलिस का एक और बड़ा सरहानीय कार्य

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने हेतु आये दिव्याँग व्यक्ति को थाना जीआरपी पुलिस द्वारा मानवीय मूल्यो का पालन करते हुये गोदी में उठाकर पीएफ 01 की सीढियो से उतारकर सकुशल ट्रेन में बैठाया गया।अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी के निर्देशन में एंव पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनु. झांसी के कुशल नेतृत्व में ट्रेन/प्लेटफार्म पर आने जाने वाले दिव्याँग व्यक्तियो की सहायता एंव सुरक्षित यात्रा करने हेतु उनकी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टीगत निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रेलवे स्टेशन जनपद के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर एक दिव्यांग व्यक्ति/यात्री जो अपनी बैसाखी और सामान के साथ ट्रेन में जाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तथा सीढियो से उतर रहे थे जिनको मुझ थानाध्यक्ष शिवबाबू थाना जीआरपी जनपद द्वारा मय हमराह हेड कांस्टेबल आशुतोष पहारिया, कांस्टेबल प्रारुप कुमार के तत्काल आगे बढ़कर न केवल उनका सामान उठाया, बल्कि उन्हें हेड कांस्टेबल आशुतोष पहारिया द्वारा अपनी गोद में उठाकर सीढियो के माध्यम से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न0-01 पर खडी ट्रेन में सकुशल सुरक्षित रूप से उनको बैठाया गया । हेड कांस्टेबल आशुतोष पहारिया द्वारा यह व्यवहार अत्यंत विनम्र, संवेदनशील और मानवीय मूल्यो को बढावा देने वाला व पुलिस बल को प्रेरणा देने वाला साबित होगा।पुलिस का यह कार्य न केवल दिव्यांग व्यक्ति के सफर को सुगम और भयमुक्त बनाता है बल्कि इस प्रयास से वहां उपस्थित आम जनता के बीच पुलिस मित्र की छवि और अधिक सुदृढ़ हुई है और जनता के बीच पुलिस की एक सकारात्मक और मददगार छवि भी पेश की गयी है।सेवा ही धर्म के संकल्प के साथ पुलिस द्वारा की गई यह मदद समाज में संवेदनशीलता और सुरक्षा का भाव जगाती है।रेलवे स्टेशन पर उपस्थित यात्रियो व उस दिव्याँग व्यक्ति द्वारा थाना जीआरपी पुलिस जनपद द्वारा की गयी इस मदद की भूरि - भूरि प्रशंसा करते हुये अभार प्रकट किया गया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता ने जन्मदिवस पर वृद्धाश्रम सहित जिला अस्पताल में कंबलों सहित बांटें फल

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों एवं सहयोगियों द्वारा सेवा एवं मानवता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल एवं वृद्धाश्रम में असहाय व कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल एवं फल वितरित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत महिला जिला अस्पताल एवं पुरुष जिला अस्पताल से हुई, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों को फल एवं कंबल वितरित किए गए। इसके पश्चात वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को कंबल एवं फल भेंट किए गए।

इस मौके पर श्याम मोहन धुरिया ने कहा कि उन्हें अपना जन्मदिन गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच मनाना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की जितनी अधिक सहायता हो सके, वह हमेशा करने का प्रयास करते हैं। इसी भावना के तहत जिला अस्पताल और वृद्धाश्रम में कंबल एवं फल वितरण का आयोजन किया गया। वहीं वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों ने श्याम मोहन धुरिया को दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं धन-धान्य से परिपूर्ण जीवन का आशीर्वाद दिया। इस सेवा कार्यक्रम में श्याम मोहन धुरिया के पुत्र योगेश धुरिया योगी, दीपक धुरिया ,विकास जोशी ,पंकज शुक्ला, शाहरुक, पप्पू, विक्की बनिया, सच्चू,आमोद, श्रीकांत श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, जितेंद्र सिंह सुरेश साहू समेत लगभग दो दर्जन सहयोगी व समर्थक मौजूद रहे।

# भारतीय भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं: प्रो आलोक चौबे

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा समिति भारत सरकार द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय भारतीय भाषा परिवार व्याख्यान एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि भारतीय भाषाएं आम आदमी की समझ विकसित करती है, प्रेम बढ़ाती है, आपस में जोड़ने का काम करती है। विद्यार्थियों को अपनी मातृ भाषा के साथ साथ एक भारतीय भाषा का भी अध्ययन करना चाहिए। कहा कि भाषा के नाम पर हुई गलती को लेकर हमें आत्म चिंतन कर सुधार करना चाहिए। भाषा विद्यार्थियों की प्रगति में सकारात्मक योगदान दे, इस गौरवशाली उद्देश्य को आत्मसात कर शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करना चाहिए। मातृभाषा में ही बच्चों की फर्स्ट हैंड अंडरस्टैंडिंग होती है। हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के महत्व को साझा करते हुए उन्होंने जोधपुर आईआई टी में हुए प्रयोग का उदाहरण दिया और बताया कि वहां इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में ब्रांच चयन में हिंदी भाषा को लेकर एक प्रयोग किया गया, जिसके फलस्वरूप हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों ने अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों से अधिक अंक अर्जित किए।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग के प्रो योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय भाषा परिवार एकता का परिवार है। संस्कृत शुद्ध वैज्ञानिक भाषा है, इसमें कोई अपवाद नहीं है और भारतीय भाषाओं की जननी के रूप में सर्वमान्य है। आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों धाम की व्याख्या करते हुए कहा कि अपने देश के प्रत्येक कोने में जाए और वहां की संस्कृति और भाषा का अनुसरण करें, जो भाषाएं दूसरों का सम्मान नहीं करती, वह सिकुड़ रही है। भाषाएं आपस में बात करती हैं, जिससे आपस में मेल जोल बढ़ता है।

कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नंदलाल मिश्रा ने कहा कि भाषा विचार विनिमय का माध्यम है। उन्होंने मनोवैज्ञानिक ढंग से भाषा को परिभाषित किया। इस दौरान भारतीय भाषा परिवार को एक करने की दृष्टि से प्रकाशित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. ललित कुमार सिंह ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि औचित्य एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय भाषा परिवार भारत की बहुरंगी संस्कृति का जीवंत प्रमाण है। भाषा केवल संप्रेषण का साधन ही नहीं बल्कि हमारी पहचान, इतिहास एवं सांस्कृतिक चेतना का संवाहक भी है।

इस मौके पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो नीलम चैरे, प्रो कपिल देव मिश्रा, प्रो प्रज्ञा मिश्रा, प्रो नीलम चैरे, प्रो अजय आर चैरे, प्रो सुनीता सिंह, प्रो कमलेश कुमार थापक, प्रो घनश्याम गुप्ता, प्रो वाई के सिंह, प्रो त्रिभुवन सिंह, डॉ जयप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## गरीबों की मसीहा बनी डा.प्रतीक्षा गुप्ता।

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिला अस्पताल में एक हृदयस्पर्शी घटना सामने आई है, जहां डॉ. प्रतीक्षा गुप्ता ने मानवता की मिसाल कायम की। ग्राम जरर निवासी शिव देवी को अचानक तेज पेट दर्द हुआ। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। डा. प्रतीक्षा गुप्ता ने मरीज का चेकअप किया। जांच में पता चला कि शिव देवी के पेट में एक बड़ी गांठ (ट्यूमर) है, जिसके लिए तत्काल ऑपरेशन जरूरी था। मरीज के परिवार वाले गरीब होने के कारण उनके पास ऑपरेशन का खर्च उठाने के लिए पैसे नहीं थे। वे काफी परेशान थे। इस स्थिति को देखकर डा. प्रतीक्षा गुप्ता ने कहा,आप चिंता न करें,मैं खुद यह आपरेशन करूंगी। डाक्टर ने स्वयं आपरेशन थिएटर में जाकर जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की।आज शिव देवी पूरी तरह स्वस्थ हैं और घर लौट चुकी हैं। इस नेक कार्य से डा. प्रतीक्षा गुप्ता गरीबों की मसीहा बन गई हैं। उनके इस कदम की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।ऐसे डाक्टर समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो गरीब मरीजों की मदद के लिए आगे आते हैं।

# घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव के लिए खिलाई जाएगी डी.ई.सी. व एलबेन्डाजोल गोली

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय अन्तर्विभाग समन्वय समिति की प्रथम बैठक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि जनपद के ब्लाक पहाड़ी, मानिकपुर व अर्बन कर्वी में एमडीए अभियान आगामी 10 से 28 फरवरी 2026 तक चलाया जाना है। इस अभियान में घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव के लिए डीईसी व एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन कराया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागो को आपसी समन्वय स्थापित करते हुये अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाली एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचाव के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.एम.) अभियान चलाया जाता है। जिसके अन्तर्गत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर डी.ई.सी. व एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन कराती है। नोडल अधिकारी डॉ जी.आर. रतमले ने बताया कि अधियान के तहत एक-दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली एल्बेन्डाजोल (200 एम.जी.) पीसकर, दो वर्ष से अधिक उम्र वर्ग को एक गोली एल्बेन्डाजोल (400 एम.जी.), दो-पांच वर्ष तक के बच्चों को एक गोली डी.ई.सी. (100 एम.जी.), पांच-15 वर्ष तक के बच्चों को दो गोली डी.ई.सी. (200 एम.जी.) एवं 15 वर्ष के ऊपर की आयु के सभी लोगो को तीन गोली डी.ई.सी. (300 एम.जी.) का सेवन खाना खाने के बाद कराया जाएगा।

# मार्ग चौड़ीकरण के लिए एडीएम ने किया निर्धारित स्थानों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद चित्रकूट की सीमा अंतर्गत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने बस स्टैंड स्थित यूरिनल को रोड पुलिया के चैड़ीकरण कार्य के लिए ध्वस्त करने तथा बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय को भी हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अटल पार्क के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। पार्क में लगे कुछ झूले टूटे हुए पाए जाने पर तत्काल सही कराने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया। पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय में भी वॉश बेसिन, लाइट स्विच आदि क्षतिग्रस्त पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को दंडित करने तथा शौचालय के शीघ्र मरम्मत कार्य के निर्देश दिए।



प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान को प्रकाश व्यवस्था सुधारने एवं खराब लाइटों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। काली देवी चैराहा का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाने तथा लटके हुए विद्युत पोल को सही कराने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। एडीएम ने बेड़ी पुलिया चौराहा का भी निरीक्षण कर सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराने तथा अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, अधिशासी अभियंता शुभम तिवारी, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, डीपीएम शिवा कुमार, सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive




**शराब घोटाले: अवैध कमाई के लिए सियासतदानों...**

छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में सियासतदानों और नौकरशाहों का गिरोह शामिल था। अवैध कमीशन के चक्कर में इस गिरोह बेहिसाब शराब की बिक्री कराई। चार साल में 2883 करोड़ रुपये की काली कमाई की गई। ईडी ने शराब घोटाले का पर्दाफाश कर नौकरशाहों... पढ़ें पेज 12 पर...



# प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आयाम, प्रदेशवासियों ने लिया भरपूर लाभ

- आधुनिक, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य तंत्र का प्रदेशवासियों ने उठाया लाभ
- कई नई स्वास्थ्य इकाइयों का हुआ लोकार्पण, अस्पतालों का शिलान्यास और आईसीयू का भी हुआ विस्तार
- मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य पर रहा फोकस, पीडियाट्रिक केयर यूनिट और न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट में हुई बढ़ोत्तरी
- ई-संजीवनी, टेलीमेडिसिन, एंबुलेंस सेवाएं और टीबी उन्मूलन में हुई उल्लेखनीय उपलब्धि



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

वर्ष 2025 अपनी खट्टी-मिठी यादों के साथ हम सबसे विदा लेने को बकरार है। कहने को तो ये एक साल है, जो नियती के अनुसार हर साल आता है और फिर समय के पहिये की गिनती पूरी होने के बाद विदा ले लेता है, लेकिन वर्ष 2025 प्रदेशवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के मजबूत ढ़ाचे के विस्तार देने में अपनी अहम भूमिका रखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2025 स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस वर्ष आधारभूत ढांचे के विस्तार से लेकर अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं तक अनेक बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इन प्रयासों का सीधा लाभ प्रदेश की करोड़ों जनता को मिला है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनीं।

## मां और नवजात शिशु स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

एनएचएम की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि योगी सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके तहत 42 बेड वाले पीडियाट्रिक केयर यूनिट जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्थापित किए गए। वहीं 32 बेड वाले सभी 23 पीडियाट्रिक यूनिट पूरी से संचालित हुईं। इसके अलावा नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए प्रदेश में 412 न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट्स (ह्क्क्र)की स्थापना की गई। वर्ष 2024-25 में बाह्य रोगी सेवाओं में 27 प्रतिशत और अंतः रोगी सेवाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। संस्थागत प्रसव, सिजेरियन डिलीवरी, बड़े और छोटे ऑपरेशन, पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाओं में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ।

## आधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं घर के पास

प्रदेश के 74 जनपदों में सीटी स्कैन और सभी 75 जनपदों में डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जनवरी से नवंबर-25 के बीच 9.42 लाख सीटी स्कैन और 6.50 लाख से अधिक डायलिसिस सत्र संचालित किए गए। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एसेंशियल ड्रग लिस्ट का विस्तार किया गया, जिससे प्राथमिक से लेकर जिला अस्पताल स्तर तक दवाओं की संख्या बढ़ाई गई। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 318 अस्पतालों को जोड़ा गया, जिनमें 248 कैंसर उपचार से संबंधित हैं। दिसंबर-25 तक लगभग 3,862 करोड़ रुपये का भुगतान अस्पतालों को किया गया। एंबुलेंस सेवाओं को मजबूत करते हुए 2,249 नई एंबुलेंस बेड़े में जोड़ी गई, जिनसे लाखों मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। टीबी उन्मूलन अभियान में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन किया। जांच की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और 7,191 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 424 प्रतिशत अधिक है। ई-संजीवनी सेवाओं के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 75 हजार से अधिक कॉल के साथ उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। मानसिक स्वास्थ्य के लिए टेली-मानस सेवा सफलतापूर्वक लागू की गई, जिससे लाखों लोगों को परामर्श मिला। इसके साथ ही टेलीमेडिसिन और टेली-रेडियोलॉजी सेवाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

### 83 नई स्वास्थ्य इकाइयों का हुआ लोकार्पण

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप वर्ष 2025 में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती प्रदान की गयी है। इस क्रम में इमरजेंसी कोविड रिलीफ पैकेज के तहत प्रदेश में चिकित्सा ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती दी गई। वर्ष 2025 में कुल 83 नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण किया गया तथा एक बड़े अस्पताल का शिलान्यास हुआ। इनमें 26 आईपीएचएल लैब, 38 पचास बेड के फील्ड अस्पताल, 13 जनपदीय ड्रग वेयरहाउस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीसीबी यूनिट और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके साथ ही सीतापुर में 200 बेड के जिला चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया गया। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 1800 और जिला अस्पतालों में 1029 आईसीयू बेड स्थापित किए गए। ऑक्सीजन आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम सहित 49 एलएमओ स्टोरेज टैंक स्थापित किए गए। इससे गंभीर मरीजों को समय पर जीवन रक्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# किसानों के हक की लड़ाई तेज: भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी का सदस्यता अभियान

- सीतापुर-हरदोई से आए दो दर्जन किसानों ने थामा संगठन का दामन, मनीष यादव बोले, अब अधिकारों पर डाका नहीं चलेगा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

किसानों की उपेक्षा और प्रशासनिक बेरुखी के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते हुए भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी ने राजधानी लखनऊ में ताकत दिखाई। उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में आयोजित सदस्यता एवं पदग्रहण समारोह में सीतापुर और हरदोई से आए करीब दो दर्जन किसानों ने संगठन की सदस्यता ली और जिम्मेदारियां संभालीं। समारोह के दौरान किसानों ने भूमि विवाद, सिंचाई की बदहाली, फसलों के उचित मूल्य, मुआवजे में देरी, बिजली संकट और अफसरशाही की अनदेखी जैसे गंभीर मुद्दों को खुलकर रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए दो टूक कहा कि किसान और मजदूर अब चुप नहीं रहेंगे। उनके हक पर किसी भी कीमत पर कुठाराघात नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनियन किसानों की लड़ाई को सिर्फ ज्ञापन तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर प्रशासन के हर दरवाजे तक संघर्ष करेगी। संगठन गांव-गांव जाकर किसानों को एकजुट करेगा और अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। मनीष यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिली है और यह साफ संकेत है कि किसान अब अपने अधिकारों के लिए संगठित हो रहे हैं। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह शांतिपूर्ण लेकिन संघर्ष का संदेश देता हुआ संपन्न हुआ।

## निरंतर बढ़ता विकास की तरफ बख्शी का तालाब - योगेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरावाँ से महिगंवा सुबंशीपुर तक प्रस्तावित 7 मीटर चौड़ी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का लागत 12.23 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का मंगलवार दोपहर भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने सड़क भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला कहा कि यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कहा कि इसके चौड़ीकरण से आवागमन और अधिक सुगम सुरक्षित एवं सुचारु होगा।




# इलाज या लूट?

## निजी अस्पताल में 26,300 की वसूली, मरीज को थमाई 'कानूनी तौर पर अमान्य' रसीद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में निजी अस्पतालों की मनमानी का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। कानपुर बाईपास, बेगरिया रोड के जे.डी हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर मरीज से 26,300 रुपये वसूल लिए गए, लेकिन जो बिल दिया गया, वह खुद अस्पताल ने ही 'मेडिको-लीगल प्रयोजनों के लिए अमान्य' घोषित कर दिया।

### अधूरी पर्ची, पूरा पैसा

दस्तावेजों के अनुसार डॉ. एस.ओ. रहमान (एमबीबीएस), रजिस्ट्रेशन नंबर 29383 (एमसी) के नाम से जारी पर्ची में मरीज का नाम, उम्र, ब्लड प्रेशर, पल्स, एसपीओ2, तापमान जैसी बुनियादी जानकारियां या तो अधूरी हैं या दर्ज ही नहीं। इसके बावजूद मरीज से हजारों रुपये का भारी-भरकम बिल वसूल लिया गया।

### चार्ज लिखे, विवरण गायब

बिल में रजिस्ट्रेशन चार्ज, वार्ड/वार्मी चार्ज, ऑक्सीजन चार्ज, ट्रीटमेंट/मेडिसिन, डिलीवरी चार्ज जैसे मद तो लिखे गए हैं, लेकिन न दवाओं के नाम स्पष्ट, न ही सेवाओं का ठोस ब्योरा। सबसे चौंकाने वाली बात–इसी पर्ची के नीचे बड़े अक्षरों में दर्ज है: 'नाट वैलिड फॉर मेडिको-लीगल प्रपोज '

### अमान्य रसीद, वैध वसूली?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज के बाद मानक, स्पष्ट और वैध बिल/डिस्चार्ज दस्तावेज़ देना अनिवार्य है। ताकि मरीज उसे बीमा, कानूनी या प्रशासनिक प्रक्रिया में प्रस्तुत कर सके। सवाल यह है कि जब दस्तावेज़ ही कानूनी तौर पर अमान्य है, तो वसूली किस आधार पर की गई?




### प्रशासन मौन, सवाल कायम

मरीज के परिजनों और स्थानीय लोगों ने निजी अस्पतालों पर अप्रमाणिक रसीदों और अस्पष्ट बिलिंग के जरिए खुली लूट का आरोप लगाया है। स्वास्थ्य विभाग से मानक बिलिंग उल्लंघन और मनमाने शुल्क पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई बयान नहीं आया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी भी संदेह के घेरे में है। सवाल साफ है–कार्रवाई होगी या इलाज के नाम पर मरीजों की जेब यूं ही कटती रहेगी?

# बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह एवं सहयोगी ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- रास्ता रोकने, दीवार खड़ी करने और धमकी के आरोप
- जन एक्सप्रेस की खबर का असर लापरवाही बरतने में सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर हटाए गए

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कथित तौर पर रास्ता बंद कराने, दीवार खड़ी करवाने और धमकी देने के आरोप पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी जौनपुर महराजगंज ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले के तूल पकड़ने के बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह को भी हटा दिया गया है। घटना को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाएं तेज हो गई हैं और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

### रास्ते पर दीवार खड़ी कराने का आरोप

शिकायत के अनुसार, इलाके में आने-जाने के सार्वजनिक मार्ग पर दीवार खड़ी कर आवागमन रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान विरोध करने पर कथित तौर पर धमकाने और दबाव बनाने जैसी घटनाएं भी सामने आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि रास्ता बाधित होने से कॉलोनीवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और माहौल में तनाव पैदा हुआ।

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह नाम लेकर धमकाने' का भी आरोप

दर्ज कराई गई शिकायत में यह भी कहा गया है कि विवाद के दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम लेकर लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। हालांकि इस संबंध में आरोपों की सत्यता अभी जांच के अधीन है और पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा विवाद

सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो के बाद मामला और गर्मा गया। वीडियो में कथित रूप से मारपीट, धक्का-मुक्की और अभद्रता जैसी स्थितियों का दावा किया गया है। पीड़ित पक्ष ने इन वीडियो का संज्ञान लेने और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### सुशांत गोल्फ सिटी के इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

मामले के संज्ञान में आने के बाद पुलिस विभाग में भी हलचल देखी गई। प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई के तहत सुशांत गोल्फ सिटी थाने के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह को हटाकर लाइन हाजिर कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

### दोनों पक्षों से पूछताछ, जांच तेज

पुलिस का कहना है कि दर्ज एफआईआर के आधार पर विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मौके की स्थिति का भी परीक्षण किया जा रहा है। संबंधित दस्तावेजों और वीडियो क्लिप्स की तकनीकी जांच की बात भी सामने आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार

इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह की ओर से ताज़ा आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। वहीं, पीड़ित पक्ष ने सुरक्षा और न्याय की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की अपील की है।

# शहीद पथ के समीप बनेगा संस्कृति भवन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि शहीद पथ के निकट संस्कृति मुख्यालय की स्थापना की जायेगी। संस्कृति भवन में संस्कृति विभाग के अधीनस्थ निदेशालयों के कार्यालयों को शिफ्ट किया जायेगा। उन्होंने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि की व्यवस्था के लिए प्रक्रिया शुरू करें। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के नये परिसर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा। लखनऊ में पर्यटन एवं संस्कृति पार्क विकसित किया जायेगा। इस पार्क में पर्यटन और संस्कृति से जुड़ी वस्तुओं को प्रदर्शित किया जायेगा। इसकी शुरूआत 17 नगर निगमों के अधीन आने वाले पार्कों से होगी।पर्यटन मंत्री आज पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति व पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। लखनऊ भ्रमण करने वाले लोगों को किफायती रेट पर टिकट प्रदान किया जायेगा। इस बस का शुभारम्भ मंत्री 6 जनवरी को 1090 चौराहे से पूर्वाहन 10:30 बजे हरी झंडी दिखाकर करेंगे। मीडिया के लिए शुभारम्भ के दिन यात्रा निःशुल्क रखी गयी है। लखनऊ दर्शन का उद्देश्य पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं को आकर्षित करके लखनऊ को एक नये डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगरा और काशी की तरह लखनऊ को भी अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन गन्तव्य के रूप में ख्याति दिलाने के लिए परियोजना तैयार की जाए। आगरा और काशी में पहले से ही देशी-विदेशी पर्यटकों का आवागमन होता रहता है, इसी तर्ज पर लखनऊ को भी पर्यटन का हब बनाने के लिए तैयारी की जाए। उन्होंने निर्माणाधीन संग्रहालयों एवं स्मारकों आदि का कार्य शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत को वितरित किये जाने वाले वाद्ययंत्रों को पूरी सावधानी एवं निगरानी के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ क्रय कराया जाए।पर्यटन मंत्री ने निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय स्वीकृति एवं लंबित भुगतान के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी चीजों को उलझाने की नहीं बल्कि सुलझाने की मानसिकता के साथ कार्य करें। परियोजनाओं को आगे बढ़ाये। बिलम्ब करने अथवा लटकाने की प्रवृत्ति छोड़े अन्यथा कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। अधिकारियों को फाइल बिलम्ब करने की पुनरावृत्ति छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की अद्यतन स्थिति की बिन्दुवार समीक्षा की।

# दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग का सर्वांगीण सशक्तीकरण सरकार की प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- दिव्यांग विश्वविद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने, शिक्षकों की नियुक्ति और निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के वंचित, पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी नीतियों पर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।बैठक में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। मंडल स्तर पर कार्यशालाओं, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों एवं अवसरों की जानकारी दिव्यांगजन तक पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। विश्वविद्यालय परिसरों में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योजनाओं की वास्तविक प्रगति तभी मानी जाती है जब उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचते हैं। जनपद स्तर पर अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं तथा जिन जनपदों में प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वहां संबंधित जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की गति बढ़ाई जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजना अंतर्गत 72,690 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 12,76,303 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय 2025-26 में 299 संस्थाओं को 25,588 'ओ' लेवल तथा 9,304 'सीसीसी' प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है।बताया गया कि वर्तमान में 11,88,425 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन तथा 13,357 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। निःशुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 16,97,319 दिव्यांगजन एवं उनके सहयोगियों ने राज्य परिवहन की बस सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य निधि का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हितों में किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन से न्यायालयों में लंबित दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों, उनकी प्रकृति एवं निस्तारण की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए मंत्री कश्यप ने बताया कि लखनऊ में 7 दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रयागराज एवं ललितपुर में दिव्यांगजन पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, चिकित्सीय, शैक्षणिक एवं विधिक विषयों पर राष्ट्रीय कार्यशालाएं आयोजित होंगी। प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी एवं बागपत में चित्रकला एवं हस्तकला प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के माध्यम से दिव्यांग प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा।

# अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से प्रदेशवासियों को मिला लाभ: ब्रजेश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

वर्ष 2025 में यूपी की अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का आमजन को भरपूर लाभ मिला। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस वर्ष आधारभूत ढांचे के विस्तार से लेकर अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं तक अनेक बड़ी उपलब्धियां हासिल की। इन प्रयासों का सीधा लाभ प्रदेश की करोड़ों जनता को मिला है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनीं। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, वर्ष 2025 में इमरजेंसी कोविड रिलीफ पैकेज के तहत प्रदेश में चिकित्सा ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती दी गई। वर्ष 2025 में 83 नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण किया गया तथा एक बड़े अस्पताल का शिलान्यास हुआ। इनमें 26 आईपीएचएल लैब, 38 पचास बेड के फील्ड अस्पताल, 13 जनपदीय ड्रग वेयरहाउस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीसीबी यूनिट और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक छात्रों का प्रोजेक्ट सीएसटी-यूपी की स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम के अंतर्गत चयनित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा विकसित नवाचारी परियोजना 'कृषि सखीः ए डेटा-ड्रिवन स्मार्ट एग्रीकल्चर डिसीजन सपोर्ट सिस्टम' को उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीएसटी-यूपी) की इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम 2025-26 के अंतर्गत अनुदान हेतु चयनित किया गया है। इस परियोजना का नेतृत्व बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र रत्नेश त्रिपाठी कर रहे हैं। टीम में कृष्णा यादव, अभिषेक पांडेय एवं आदित्य मौर्य शामिल हैं। छात्र परियोजना से संबंधित कार्य कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु पाण्डेय के निर्देशन में संपादित करेंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, तकनीकी दक्षता और नवाचार-भावना का प्रतिफल है तथा यह परियोजना समाजोपयोगी समाधान प्रस्तुत करती है। वहीं संकाय के डीन प्रो. सतेन्द्र पाल सिंह ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट्स से छात्रों के तकनीकी कौशल के साथ-साथ उनकी अनुसंधान दृष्टि और उद्यमशील सोच को भी मजबूती मिलती है। 'कृषि सखी' परियोजना का प्रमुख उद्देश्य किसानों को फसल चयन, उर्वरक प्रबंधन एवं सिंचाई योजना जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों में डेटा-आधारित वैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराना है। यह प्रणाली परंपरागत खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एआई/एमएल आधारित स्मार्ट निर्णय-सहायता प्रदान करेगी, जिससे उत्पादकता में वृद्धि, लागत में कमी तथा जोखिम प्रबंधन संभव हो सकेगा। तकनीकी दृष्टि से यह प्रणाली ईएसपी32 माइक्रोकंट्रोलर आधारित पोर्टेबल सेंसर यूनिट, जीएसएम संचार प्रणाली, तथा मृदा नमी, तापमान एवं श्व॥ जैसे आवश्यक सेंसरों पर आधारित होगी। इसके साथ-साथ मौसम पूर्वानुमान, सैटेलाइट डेटा, ऐतिहासिक कृषि आँकड़े, क्षेत्रीय मिट्टी प्रोफाइल, सरकारी मृदा-मौसम डेटासेट्स एवं मंडी मूल्य प्रवृत्तियों का एकीकृत विश्लेषण किया जाएगा, जिससे खेत एवं फसल की स्थिति का समग्र आकलन संभव हो सकेगा। एआई-आधारित नॉलेज-बेस्ड निर्णय प्रणाली के माध्यम से प्रत्येक किसान की भूमि, स्थान, मिट्टी की स्थिति एवं फसल इतिहास के अनुरूप निजीकृत परामर्श प्रदान किया जाएगा। मोबाइल ऐप के जरिए किसानों को रीयल-टाइम कृषि सलाह, कीट-रोग चेतावनी, सिंचाई-उर्वरक सुझाव, बाजार जानकारी तथा सरकारी कृषि योजनाओं से संबंधित सूचनाएँ प्राप्त होंगी, जिससे वे वैज्ञानिक एवं आर्थिक दोनों दृष्टियों से अधिक प्रभावी निर्णय ले सकेंगे। इस परियोजना का प्रोटोटाइप प्रदर्शन अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ में विषय-विशेषज्ञों के समक्ष किया जाएगा।



### इंस्टाग्राम की दोस्ती से घर की दहलीज तक

# समाज के सवालों के बीच महिला ने चुना अपना रास्ता

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सोशल मीडिया के दौर में रिश्तों की परिभाषा कितनी तेजी से बदल रही है,इसका ताजा उदाहरण जिले में देखने को मिला।यहां इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती पहले प्यार में बदली और फिर एक विवाहिता के घर छोड़कर प्रेमी के साथ जाने तक पहुंच गई। हैरानी की बात यह रही कि पूरे मामले के बाद महिला ने अपने पति के साथ रहने से साफ इनकार करते हुए प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जता दी,जिस पर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे अनुमति दे दी।जानकारी के अनुसार हरिपुर निवासी रिक्की की शादी वर्ष 2020 में सुल्तानपुर निवासी शशिभूषण से हुई थी।दंपती का एक बच्चा भी है। शशिभूषण नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते थे,जबकि रिक्की गांव में ससुराल पक्ष के साथ रहती थी।इसी दौरान इंस्टाग्राम के जरिए उसकी पहचान मैंगनीपुर निवासी अमित चौहान से हुई।सोशल मीडिया की यह 'दोस्ती' धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई।कुछ माह पूर्व रिक्की घर छोड़कर अमित के साथ चली गई और घर से जेवरात व नकदी ले जाने का भी आरोप लगा।पति की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।मोबाइल लोकेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को दिल्ली से बरामद कर अमेठी लाया।कोतवाली परिसर में पति, पत्नी और दोनों पक्षों के परिजनों के सामने घंटों चली बातचीत के बाद भी रिक्की अपने फैसले पर अडिग रही।उसने स्पष्ट कहा कि वह अब पति के साथ नहीं,बल्कि प्रेमी के साथ जीवन बिताना चाहती है। पुलिस ने कानून के दायरे में रहते हुए महिला की इच्छा को प्राथमिकता दी।और उसे प्रेमी के साथ जाने की अनुमति दे दी।यह मामला समाज पर कई सवाल खड़े करता है।जहां एक ओर संस्कार, परिवार और रिश्तों की दुहाई दी जाती है,वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में बने रिश्ते वास्तविक जीवन के बंधनों को तोड़ते नजर आ रहे हैं।यह घटना सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि उस समाज पर कटाक्ष है,जो तकनीक के हाथों रिश्तों की नींव कमजोर होते देख रहा है।सवाल यह नहीं कि महिला ने क्या चुना,सवाल यह है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।

### एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क के किनारे मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों को छुटते समय सड़क चौराहें एवं मोड़ पर सड़क पार करते समय बच्चों की सुरक्षा हेतु दो सुरक्षा गार्ड नियुक्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिन विद्यालयों में उक्त का अनुपालन न किया जा रहा हो उनको नोटिस जारी किया जाये। जनपद में सुरक्षा के दृष्टिगत बिना फिटनेस के चलने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की जाये।

# मुसाफिरखाना में अधिवक्ताओं का उग्र प्रदर्शन

### एसडीएम पर दुर्व्यवहार व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुसाफिरखाना तहसील मंगलवार को उस समय तनावपूर्ण माहौल में बदल गई,जब अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया।

अधिवक्ता संघ ने एसडीएम पर संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने तथा भ्रष्टाचार में लिप्त होने जैसे गंभीर आरोप लगाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि एसडीएम द्वारा कथित रूप से घूस लेकर आदेश पारित किए जा रहे हैं, जो न केवल अधिवक्ताओं के सम्मान के विरुद्ध है,बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता और पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक एसडीएम अभिनव कन्नौजिया को मुसाफिरखाना से हटाया नहीं जाता, तब तक उनकी अदालत का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। धरना- प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तहसील परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।हालांकि अधिवक्ताओं के तेवर और चेतावनी से साफ है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन और भी तेज हो सकता है।

# राज नेत्र सेवा संस्थान ने वितरण किया गरीबों को कंबल



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के दोस्तपुर महरूआ रोड पर स्थित जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाली संस्थान राज नेत्र सेवा संस्थान के द्वारा समाज के गरीब और असहाय लोगों को भीषण ठंड से बचने के लिए ठंड के महीनों में लगातार एक दशक से जनपद के अलग-अलग हिस्सों के अलावा अस्पताल पर पहुंचने वाले बुजुर्ग रगियों को निशुल्क कंबल का वितरण किया जा रहा है उक्त के क्रम में राज नेत्र सेवा संस्थान के निदेशक डॉक्टर आर पी पाल ने इस वर्ष लगभग तीन सौ के आसपास लोगों को जनपद के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर गरीबों को निशुल्क कंबल का वितरण करने का कार्य किया गया है इसके अलावा संस्थान द्वारा समय-समय पर गरीब एवं असहाय और बुजुर्ग लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं प्रत्येक सप्ताह के प्रति बुधवार को जनपद के अलावा अन्य जनपदों से पहुंचने वाले मरीजों के आंखों का निशुल्क इलाज करने का कार्य भी किया जाता है

डॉ आरती पाल ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को लगभग तीन से चार सौ मरीजों के आंखों का इलाज लगभग एक दशक से निशुल्क किया जाता है उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा लगातार गरीब असहाय निर्धन एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के इलाज के अलावा अन्य प्रकार के कार्यों को किया जाता है।

### भारतीय संस्कृति से छेड़ छाड़ के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, सेवा भारती एवं सीमा जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर ज़्लिाधिकारी को सौंपा गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अंबुज भार्गव ने 30 दिसंबर को बताया कि बीते 25 दिसंबर को राजकीय आश्रम पद्धति पचपेड़वा में विद्यालय की प्राचार्य द्वारा थारू छात्र छात्राओं को ईसाई समुदाय से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर दबाव बनाकर ईसाई धर्म से जुड़े नृत्य गाने का कार्यक्रम करवाए गए, जिसका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कड़ी शब्दों में निंदा करता है। जबकि उस विद्यालय में कोई भी छात्र ईसाई धर्म का नहीं है। भारतीय संस्कृति से छेड़ छाड़ करने वालो पर कड़ी कार्रवाई हो। इस दौरान आकाश, आनंद, मुकेश, एबीवीपी, वीएचपी, सेवा भारती जिला अध्यक्ष रुपेश मिश्रा, सीमा जागरण मंच आदि संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुबेर मती पांडे इं. कॉ. में सीमा जागरण मंच द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के श्रीदत्तगंज विकासखंड मुख्यालय स्थित कुबेर मती पांडेय इंटर कालेज में सीमा जागरण मंच अवध प्रांत बलरामपुर द्वारा आयोजित सेवा भारती कोचिंग कैंप का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर जेपी पांडे प्राचार्य एमएल जेपीजी कॉलेज प्रचार प्रांत उपाध्यक्ष सीमा जागरण मंच अवध प्रांत के नेतृत्व में कुबेर मती इंटर कॉलेज श्रीदत्तागंज पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल नितिन कोहली मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ आरती तिवारी, जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला अध्यक्ष सीमा जागरण मंच ओमप्रकाश मिश्रा मैं अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन करते हुए डॉक्टर सुनील शुक्ला द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया।

सभी अतिथियों को प्रभु श्री राम का चित्र एवं साल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सेवा में कैसे परीक्षाएं दी जाती हैं और क्या-क्या तैयारी करनी चाहिए इसके बारे में जानकारी दी गई। एनसीसी स्टाफ द्वारा फिजिकल के बारे में कैसे तैयारी बच्चे करें साथ-साथ बौद्धिक सत्र में बच्चों को रिटेन एग्जाम लिखित परीक्षा के बारे में और पाठ्यक्रम कैसे तैयार करें इसके बारे में विस्तार से एसएसबी जवानों द्वारा बताया गया। अवध प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से बॉर्डर एरिया के डेढ़ सौ छात्र -छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। छात्र-छात्राओं को मुख्य वक्ता द्वारा सेवा में भर्ती होने के लिए बताया कि कैसे आप सेना भर्ती में तैयारी करें लिखित परीक्षाओं के बारे में उन्होंने जागरूक किया। उनके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष प्रोफेसर जेपी पांडे, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, उत्सव आनंद मिश्रा, जिला मंत्री डॉक्टर पम्मी तिवारी, प्रोफेसर प्रकाश चंद मिश्रा, प्रोफेसर एसपी मिश्रा, एमएलके कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मंजू तिवारी, युवा नेता राजेश्वर मिश्रा, बालक राम, संजय यादव व प्रमोद मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### डीएम राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधिओं के साथ किया ईवीएम एवं वीवीपैट का निरीक्षण

**बलरामपुर।** मंगलवार को डीएम विपिन कुमार जैन ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ ईवीएम और वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए 24×7 लाइव निगरानी व्यवस्था, कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग बैकअप, मॉनिटरिंग रजिस्टर की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कैमरे निष्क्रिय न रहें तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संरक्षित की जाए।

इसके साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। स्ट्रॉन्ग रूम परिसर, कंट्रोल रूम, गलियारे एवं आसपास के क्षेत्र की नियमित सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का परीक्षण किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि परिसर में नमी, धूल अथवा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।

# पीएलएफएस एवं एएसयूएसई सर्वेक्षण को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत सभागार में नियोजन विभाग द्वारा संचालित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) एवं असंगठित क्षेत्र उद्यम वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE) के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुधीर गिरि द्वारा अवगत कराया गया कि नियोजन महानिदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग तथा अर्थ एवं संख्या निदेशक द्वारा प्रदेश में संचालित पीएलएफएम एवं एएमयूएसई सर्वेक्षणों को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) भारत में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को समझने के लिए कराये जाने वाला एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में रोजगार और बेरोजगारी के प्रमुख संकेतकों का अनुमान लगाना है, जो नीतियों और कार्यक्रमों को बनाने में मदद करता है तथा ASUSE सर्वेक्षण भारत के आर्थिक परिदृश्य, विशेषकर गैर- कृषि असंगठित क्षेत्र को समझने के लिए असंगठित क्षेत्र उद्यमों का सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

जो भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना, रोजगार और आर्थिक योगदान के बारे में जानकारी प्रदान करता है। प्रदेश सरकार द्वारा नियोजन विभाग के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु जिले में सर्वेयर एवं सुपरवाइजर नामित किए गए हैं।प्रदेश सरकार द्वारा नियोजन विभाग के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु जिले में सर्वेयर एवं सुपरवाइजर नामित किए गए हैं।

उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि सर्वेक्षण के दौरान सर्वेयर अथवा सुपरवाइजर द्वारा मांगी गई जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराकर सर्वेक्षण में सहयोग प्रदान करें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ब्रजेश तिवारी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी आभा रानी एवं शायना परवीन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसएसबी 50 वीं वाहिनी ने किया विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशसशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा मंगलवार को सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न प्रशिक्षणों का शुभारंभ किया गया ।

जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण, वेल्डिंग प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण, बेसिक कंप्यूटर एवं नेटवर्किंग प्रशिक्षण, प्लंबिंग प्रशिक्षण तथा मोटर वाइंडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ समवाय त्रिलोकपुर में किया गया ।कार्यक्रम में वाहिनी के उप कमांडेंट मुकेश कुमार गुर्जर, अध्यक्ष नगर पंचायत पचपेड़वा रवी वर्मा, सहायक कमांडेंट जाधव भूषण भरत राव, गुड्डू पूर्व प्रधान विजुवा कला तथा 150 सीमावर्ती युवक युवतियां प्रशिक्षणार्थी एवं वन डेवलपमेंट फाउंडेशन से आए प्रशिक्षक उपस्थित रहे ।

# एनएसपीएस त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों से सार्थक संवाद स्थापित करना रहा।

विद्यालय में पीरियोडिक टेस्ट-द्वितीय के लिए आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों पर शिक्षकों से विचार विमर्श करते हुए परीक्षा परिणामों की जानकारी प्राप्त की और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जिज्ञासाओं को शिक्षकों के समक्ष रखा, अध्यापकों ने विद्यार्थियों के मजबूत व कमजोर पक्षों पर चर्चा की, साथ ही अध्ययन में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी साझा किए। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने आये हुए सभी अभिभावकों को



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित अध्ययन, समयबद्ध होमवर्क तथा सकारात्मक वातावरण बनाये रखने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, कामरान, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हुड़दंग मचाया या स्टंटबाजी की तो हवालात में मनेगा नया साल: कप्तान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



नववर्ष 2026 के आगमन को लेकर रायबरेली में उत्साह और उल्लास का माहौल है, वहीं शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रायबरेली पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। 31 दिसंबर की रात से लेकर एक जनवरी तक जिले के पिकनिक स्पॉट, पार्क, होटल, पर्यटन स्थलों, नदी-तालाबों के किनारे, प्रमुख सड़कों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हुड़दंग, तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने साफ शब्दों में कहा है कि नववर्ष का जश्न मनाने की पूरी छूट है, लेकिन कानून तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना इस बार पुलिस की शीर्ष प्राथमिकता है। नववर्ष के अवसर पर पिकनिक स्पॉट, पार्क और पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना रहती है। इन स्थानों पर विवाद, मारपीट और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की आशंका को देखते हुए सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के दिशा निर्देश दिए गए है। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि शरारती तत्वों पर नजर रखी जा सके और किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो। नए साल के जोश में सड़क पर तेज रफ्तार बाइकिंग, स्टंटबाजी और ट्रिपल लोडिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ने के लिए प्रमुख सड़कों और पिकनिक स्थलों के आसपास ब्रेथ एनालाइजर से जांच अभियान चलाया जाएगा। नववर्ष की पूर्व संध्या से लेकर पहली जनवरी तक जिले में रातभर गश्ती की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में डायल 112 सेवा को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। वहीं अफवाहों और आपत्तिजनक पोस्ट पर रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया सेल को भी सक्रिय किया गया है।कुल मिलाकर, एसपी डा. यशवीर सिंह ने नववर्ष 2026 को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए व्यापक तैयारी कर ली है।

### एनकार्ड की बैठक सम्पन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्रवाइयों की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' से पर्यावरण संरक्षण की सशक्त पहल

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

पर्यावरण की स्वच्छता और शुद्धता को लेकर नरेन्द्र सिंह जनसेवा समिति तिलोई अमेठी की अध्यक्ष रन्जू सिंह ने एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना **एक पेड़ मां के नाम** को धरातल पर उतारते हुए उन्होंने अपने श्वसुर, आदर्श शिक्षक रहे स्वर्गीय नरेन्द्र बहादुर सिंह सांगीपुर की स्मृति में प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में पाँच-पाँच वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है। इस अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय रेवटे डीह में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा विद्यालय परिवार के साथ मिलकर पौधे रोपे। इनमें अमरूद, जामुन और कांजी जैसे उपयोगी व छायादार वृक्ष शामिल रहे। जिससे भविष्य में बच्चों को शुद्ध ऑक्सीजन और प्राकृतिक फल प्राप्त हो सकेंगे।



विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र सोलंकी, प्रतिमा यादव, विजय सिंह एवं वंदना सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह,डायरी-कलम और अंगवस्त्र भेंट कर गर्म जोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर रन्जू सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण ही नहीं,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की भी आधारशिला हैं।वृक्षारोपण से विद्यालयों की सुंदरता बढ़ेगी और बच्चों को स्वस्थ वातावरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि तिलोई क्षेत्र के 140 परिषदीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान चलाया जाएगा। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाने का संकल्प ले ले,तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। रन्जू सिंह की इस नेक पहल की पूर्व प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सराहना की।यह वृक्षारोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है,बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा भी दे रहा है।

### रायबरेली में कच्ची दीवार भरभराकर गिरी, किशोर मजदूर की दबकर मौत; गांव में पसरा मातम

**रायबरेली।** जनपद में डीह थाना क्षेत्र के पूरे जालिम मजरे रोखा गांव में परिवार की परवरिश के लिए काम करने गए किशोर पर कच्ची दीवार ढह गई, जिससे वह उसके नीचे दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला लेकिन तब बहुत देर हो चुकी थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं गरीब परिवार पर किशोर की मौत से वज्रपात हो गया। पूरे जालिम मजरे रोखा निवासी अरमान पुत्र वल्लन उम्र करीब 17 वर्ष गांव के ही रियासत अली के यहां चल रहे भवन निर्माण कार्य में काम करने गया था। वही काम कर ही रहा था तभी एक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। जिसकी चपेट में आकर वह उसी के मलवे में दब गया। दीवार गिरते ही वहां पर कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलवा हटाकर किसी तरह अरमान को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसकी मलवे में दबकर मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

## सर्द रातों में उम्मीद की छत बने कानपुर के रैन बसेरे

# 35 रैन बसेरों में 2700 से अधिक जरूरतमंदों को निशुल्क आश्रय, कंबल-अलाव से मिली राहत

### अधिकारियों के नियमित निरीक्षण से व्यवस्थाएं दुरुस्त, सभी रैन बसेरे बने निराश्रितों का मजबूत सहारा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शीतलहर के बढ़ते प्रकोप के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर कानपुर नगर में निराश्रितों को ठंड से बचाने के लिए व्यापक और प्रभावी इंतजाम किए गए हैं। जनपद में संचालित रैन बसेरे इस समय हजारों जरूरतमंदों के लिए सुरक्षित, निःशुल्क और सम्मानजनक आश्रय का माध्यम बन रहे हैं।

#### 30 स्थायी और 5 अस्थायी रैन बसेरे

शासन के आदेश पर नगर निगम द्वारा 30 स्थायी और 5 अस्थायी रैन बसेरों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है, जिनमें भीड़ लगातार बढ़ रही है। बीते कुछ दिनों में 2700 से अधिक निराश्रितों ने इन रैन बसेरों का लाभ लिया है, जिससे प्रशासन की तैयारी और सक्रियता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।
सभी रैन बसेरों में रजाई, कंबल, गद्दे,

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत जनपद में संचालित सभी रैन बसेरों को पूरी तरह निःशुल्क, सुरक्षित और सुविधायुक्त रखा जा रहा है। ठंड के मौसम में किसी भी निराश्रित को खुले में न रहना पड़े, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। रैन बसेरों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, रजाई-कंबल और अलाव जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।
> **जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर**

स्वच्छ बिस्तर, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और अलाव की सुविधा सुनिश्चित की गई है। निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने पर अतिरिक्त रजाई-कंबलों की तत्काल व्यवस्था की जा रही है। रैन बसेरे पूरी



तरह निःशुल्क संचालित किए जा रहे हैं।

#### सुतरखाना का शहरी आश्रय गृह बना मॉडल

सुतरखाना क्षेत्र में संचालित तीन मंजिला शहरी आश्रय गृह प्रशासन की संवेदनशीलता का उदाहरण बनकर सामने आया है। इस रैन बसेरे में महिला, पुरुष और दिव्यांगजनों के लिए अलग व्यवस्था, अटैच टॉयलेट, आरओ पेयजल और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध है।

#### प्रशासनिक निगरानी से व्यवस्थाएं और मजबूत

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण का उद्देश्य किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकना और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना है।
डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रैन बसेरों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और ठंड से बचाव की सभी सुविधाएं अनिवार्य हैं।
लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर निगम के सभी जोनल अधिकारियों,
नगर स्वास्थ्य अधिकारी और अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जनपद के सभी रैन बसेरों का नियमित और औचक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

**प्रमुख रैन बसेरे-**

**सुतरखाना नौ नंबर रेलवे स्टेशन मार्ग**
- 1- तीन मंजिला शहरी आश्रय गृह
- 2- महिला, पुरुष व दिव्यांगजनों के लिए पृथक व्यवस्था
- 3- परमट मंदिर के निकट रैन बसेरा
- 4- सीमित क्षमता, व्यवस्थाएं ठीक

**भैरव घाट रैन बसेरा**
- 1- निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश
- 2- झकरकटी बस अड्डा अस्थायी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध
- 1- मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, रजाई-कंबल की सुविधा

**कानपुर नगर में 35 रैन बसेरे सक्रिय**
- स्थायी रैन बसेरे - 30
- अस्थायी रैन बसेरे - 5

# उपनिबंधक कार्यालय बचाव आंदोलन सफल

## 18 दिनों की अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त, जिलाधिकारी ने मानी मांगें

### 31 दिसंबर से तहसील बिल्हौर में न्यायिक कार्य होंगे सुचारू



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

तहसील बिल्हौर में उपनिबंधक कार्यालय बचाव आंदोलन के अंतर्गत विगत 18 दिनों से चल रही अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को सफलतापूर्वक समाप्त हो गई। जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा जनहित में जारी पत्र के माध्यम से अधिवक्ताओं की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया गया। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर की उपस्थिति में उपजिलाधिकारी बिल्हौर संजीव कुमार दीक्षित ने धरना स्थल पर जिलाधिकारी का पत्र पढ़कर सुनाया तथा अधिवक्ताओं को अवगत कराया कि उनकी मांगें शासन स्तर पर मान ली गई हैं। पत्र की घोषणा होते ही धरना स्थल पर मौजूद अधिवक्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस आंदोलन को मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत, पूर्व सांसद अंजू बाला, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, एमएलसी अरुण पाठक, जिला पंचायत सदस्य राधन शिवम गौतम व मीना गौतम, ग्राम प्रधान वीरेन्द्र कटियार (बिल्हौर देहात), रवेन्द्र कटियार (नसिरापुर), अपना दल अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन दिवाकर, भाजपा कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा (बिल्हौर नगर) एवं शानू राठौर (ककवन) सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों का पूर्ण समर्थन प्राप्त रहा। इसके अतिरिक्त भारतीय किसान यूनियन से अनन्त अवस्थी, कानपुर ग्रामीण प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल अग्निहोत्री, सभासद अशोक तिवारी (गुड्डा) समेत अन्य सभासदगण, बार कार्उसिल उत्तर प्रदेश प्रत्याशी नरेश चन्द्र त्रिपाठी, अंकज मिश्रा, अरविन्द उपाध्याय, अनुराग पाण्डेय, राधा यादव, अभिषेक दीक्षित, रामेन्द्र कटियार, रामप्रकाश गुप्ता, विश्वनाथ कटियार सहित अन्य प्रत्याशियों एवं दवा व्यापार मंडल ने भी आंदोलन को समर्थन पत्र सौंपा। जिलाधिकारी का पत्र जारी होने के बाद नरेश चन्द्र त्रिपाठी पुनः धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन की सफलता पर सभी को बधाई दी।वहीं बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कटियार व महामंत्री सौरभ कटियार, द लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कटियार व महामंत्री राजीव कटियार, तथा एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनीत गुप्ता महामंत्री अनुराग द्विवेदी ने आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 31 दिसंबर से हड़ताल समाप्त कर तहसील में समस्त न्यायिक कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ किए जाएंगे।

# मेमोज के पैसे मांगे तो ख़ौलता तेल डाल दिया, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार दूसरा फरार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के मस्वानपुर निवासी शिव कुमार रावतपुर में रहते है! वह मेमोज फिंगर का डेला लगाकर अपना जीवन यापन करते है! मंगलवार रात करीब आठ बजे उनकी दुकान पर रावतपुर के मस्वानपुर निवासी शिवम मिश्रा अपने एक अन्य साथी के साथ दुकान पर आये और एक रोल खाकर जाने लगे जब उन्होंने पैसा माँगा तो वह बोला बाद में पैसा देंगे आरोप है कि उसने उधार देने से मना किया और पैसा देने का दबाव डाला तो शिवम और उसका साथी गाली गलौज करने लगे! विरोध करने पर शिवम ने कढ़ाई का ख़ौलता तेल उसके ऊपर उड़ेल दिया! जिससे उसके शरीर में कई जगह पर छाले पड़ गए!
वहीं मौके से शिवम को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उसका साथी मौके से फरार हो गया शोर शराबा सुनकर पुलिस बूथ पर बैठे पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और थाने भेज दिया! पीड़ित ने शिवम व उसके साथी के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है!

#### बोले थाना प्रभारी

रावतपुर थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि 15 को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ है विवाद के दौरान एक पक्ष ने खौलता तेल उसे पर डाल दिया था जिससे उसके छाले पड़ गए पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दूसरे फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है

#### पुलिस बूथ से दस कदम पर हुई घटना

रावतपुर थाना क्षेत्र के मस्वानपुर में पुलिस बूथ बना है पुलिस के सामने ही चौराहे पर रोज़ शाम को शारबियो का जमावाड़ा लगता है बावजूद इसके पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है मंगलवार को घटना पुलिस बूथ से महज दस कदम की दूरी पर हुई इसके बावजूद दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया!

# दुकान पर बैठे युवक पर थार-स्कॉर्पियो सवार दबंगों का हमला, फायरिंग से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शिवराजपुर थाना क्षेत्र में दबंगई और खुलेआम हथियारों के प्रदर्शन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। केपी गारमेंट की दुकान पर बैठे एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर थार और स्कॉर्पियो सवार दबंगों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने फायरिंग भी की, हालांकि गोली पीड़ित को नहीं लगी। मामले में पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शिवराजपुर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है।पीड़ित अमित वर्मा पुत्र अनिल वर्मा निवासी शिवराजपुर ने जन शिकायत प्रकोष्ठ में दी तहरीर में बताया कि 10 दिसंबर को शाम करीब 7:16 बजे वह केपी गारमेंट की दुकान पर बैठा था। तभी दो-तीन गाड़ियां वहां आकर रुकीं, जिनमें एक थार और एक स्कॉर्पियो शामिल थी। गाड़ियों से उतरकर अभिषेक ठाकुर उर्फ बोनी ठाकुर अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि अभिषेक ठाकुर से उसका पहले से विवाद चल रहा था।आरोप है कि अभिषेक ठाकुर उर्फ बोनी ठाकुर, प्रदीप सिंह, शिवम, मोना, रोहित तिवारी उर्फ बउआ सहित 5 से 6 अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। सभी के हाथों में लोहे की रॉड थी। विरोध करने पर आरोपियों ने अमित वर्मा को बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और सिर फट गया।पीड़ित के अनुसार हमले के दौरान अभिषेक ठाकुर उर्फ बोनी ठाकुर ने उस पर फायरिंग भी की, हालांकि गोली मिस हो गई। जाते-जाते आरोपी तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि यदि पुराने मुकदमे में समझौता नहीं किया तो उसे जान से खत्म कर देंगे।
आरोप है कि आरोपी खुद को बड़े नेताओं का करीबी बताते हुए पुलिस को भी कुछ न कर पाने की धमकी देता रहा।
मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देश पर शिवराजपुर थाने में नामजद आरोपियों और अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ककवन ब्लॉक को मिली ऐतिहासिक सौगात

## पाण्डु नदी पर बनेगा आर.सी.सी. सेतु, शासन से मिली मंजूरी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विधानसभा बिल्हौर के अंतर्गत ब्लॉक ककवन सहित पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी राहत और विकास की ऐतिहासिक सौगात सामने आई है। कसिगवां-नया निवादा मार्ग के मध्य पाण्डु नदी पर आर.सी.सी. सेतु, पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के नव निर्माण कार्य को उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अशोक कुमार रावत (सांसद, मिश्रिख लोकसभा) एवं राहुल बच्चा सोनकर (विधायक, बिल्हौर विधानसभा) के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस सेतु के निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी।
सांसद ने उठाया था जनसमस्याओं का मुद्दा - सांसद अशोक कुमार रावत द्वारा पूर्व में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजकर बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में लघु सेतु एवं अतिरिक्त संपर्क मार्गों के निर्माण की तात्कालिक आवश्यकता से अवगत कराया गया था। पत्र में स्पष्ट किया गया था कि सेतु के अभाव या क्षतिग्रस्त स्थिति के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पत्र में पाण्डु नदी पर आर.सी.सी. सेतु सहित कई अन्य महत्वपूर्ण लघु सेतु निर्माण कार्यों को जनहित में आवश्यक बताते हुए शीघ्र स्वीकृति की मांग की गई थी, जिस पर अब शासन ने सकारात्मक निर्णय लिया है। जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य - शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। सेतु निर्माण से न केवल दूरी और समय की बचत होगी, बल्कि आपात सेवाओं, कृषि परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर -इस बहुप्रतीक्षित परियोजना की स्वीकृति पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने इसे वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जैसा बताते हुए सांसद अशोक कुमार रावत एवं विधायक राहुल बच्चा सोनकर के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सेतु क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### श्री साईं जन्मोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्व0 रामलाल राही द्वारा स्थापित सत श्री साईं शिव शक्ति मंदिर नई बस्ती सरायन तट पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर दिन बुधवार को श्री साईं जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगाद्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित बृजेश शास्त्री व पुजारी पंडित मनोज शास्त्री ने बताया कि 31 दिसम्बर को प्रातः साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक मंदिर में स्थापित मूर्तियों का स्नान, श्रृंगार पूजन आदि किया जायेगाद्य पूर्वान्ह ग्यारह बजे से दो बजे तक गाजे बाजे के साथ श्री साईं पालकी यात्रा मंदिर से नगर भ्रमण हेतु निकाली जाएगी।

# कल्याणपुर उधार पैसा मांगने पर युवक का सर फोड़ा

### पुलिस घटना की जाँच पड़ताल में जुटी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर में उधार पैसे मांगने को लेकर युवक दबँगो ने जमकर पीटा! दबँगो ने उसका सर फोड़ दिया! घायल अवस्था में युवक थाने पहुंचा जहाँ डॉक्टरों ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दबँगो के खिलाफ तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।
कल्याणपुर थाना क्षेत्र के साहब नगर निवासी फ़ज़ल हक प्राइवेट कर्मी है। फज़ल हक ने बताया की सोमवार देर रात को अपने निजी काम से कल्याणपुर आवास विकास में रहने वाले दोस्त के घर गया था! तभी घर आते समय साहब नगर घर के पास रहने वाले शाहरुख उर्फ़ नट्टूल अपने तीन दोस्तों के साथ एवन चश्मे वाले के पास खड़े थे! आरोप है कि उसने अपने बकाया पैसा माँगा तो शाहरुख उर्फ़ नट्टूल ने गाली देते हुए मारपीट कर दी। और वहाँ पड़े पत्थर से उसपर हमला कर दिया जिससे उसका सर फट गया! स्थानीय लोगों ने जब पकड़ने का प्रयास किया तो सभी वहाँ से दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग निकले। जिसके बाद पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी! जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा, वहीं पीड़ित ने कल्याणपुर थाने की जाकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की! वहीं कल्याणपुर थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है! पीड़ित कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई कि जायेगी।

# तेज रफ्तार व गलत दिशा में आई बाइक ने ली दो युवकों की जान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



अरौल थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत का मामला सामने आया है। यह हादसा कुछ दिन पहले हुआ था, लेकिन इलाज और अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण परिजन तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सके। अब पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।पीड़ित आशीष कुमार पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम पिहानी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 2025 की शाम करीब 9 बजे उनका पुत्र रितिक अपने मित्र रौनक पुत्र रमेश के साथ मोटरसाइकिल से तेरा मल्लू से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों पिहानी कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा में आकर जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में रितिक और रौनक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही रौनक की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रितिक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल कन्नौज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।पीड़ित पिता के अनुसार घटना के बाद इलाज और क्रियाकर्म में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके, साथ ही हादसे के दौरान कुछ जरूरी कागजात भी गुम हो गए थे। अब अरौल थाने में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि दुर्घटना से संबंधित धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों की पड़ताल के साथ दोषी वाहन चालक के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ककवन में बाइक चोरी, बाजार में खड़ी बजाज प्लेटिना गायब, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

ककवन थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। बाजार में खड़ी एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने पार कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मान सिंह पुत्र झाऊ लाल निवासी ग्राम बक्खापुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 25 की रात करीब 8:45 बजे उनकी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल ककवन क्षेत्र में विषधन स्थान से चोरी हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब बाइक का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने थाने में तहरीर दी।मामले में ककवन पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### कल्याणपुर थाने में अधिवक्ता के प्लाट पर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता के प्लॉट पर अवैध कब्जे की कोशिश, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी का मामला पुलिस ने छह नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नौबस्ता के केडीए कॉलोनी निवासी सर्वेश कुमार दीक्षित ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। बारासिरोही क्षेत्र में पुरानी शिवली रोड पर एक प्लॉट है। प्लॉट पर बाउंड्रीवाल बनी हुई है और बोर्ड भी लगा है। आरोप है कि कल्याणपुर क्षेत्र के भूपेन्द्र सिंह, सुशील कुमार, विजय दीप, रविन्द्र कुमार, अजय और राजेश मिलकर उक्त प्लॉट पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। 18 दिसंबर को आरोपियों ने प्लॉट के गेट का ताला तोड़ दिया था। ताला तोड़ते हुए पूरी घटना सीसीटीवी में भी है। इसके बाद 24 दिसंबर को आरोपियों ने प्लॉट पर लगे बोर्ड पर पेंट डालकर नाम बिगाड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि 26 दिसंबर की देर रात भूपेन्द्र सिंह ने फोन कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए प्लॉट पर कब्जा करने की धमकी दी। जब की पिछले 36 वर्षों से प्लॉट पर कब्ज है। थाना प्रभारी कल्याणपुर राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# देवगवां व मंडरूवा पड़ाव तथा परिक्रमा मार्ग का विस्तृत प्रशासनिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

मिश्रिख। जिलाधिकारी सीतापुर के निर्देशानुसार आज देवगवां एवं मंडरूवा पड़ाव सहित परिक्रमा मार्ग का विधिवत एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उपजिलाधिकारी मिश्रिख एवं मेलाधिकारी महोदय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत पड़ाव स्थल पर अधिकारियों की बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग, पड़ाव स्थलों, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली, जलनिकासी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। जिला पंचायत के मा0 सदस्य तथा संबंधित विभागों के अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का मौके पर ही चिन्हांकन किया गया, जिससे आवश्यक कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके।अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय सामने आई कई समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया गया, वहीं जिन समस्याओं के समाधान में समय की आवश्यकता है, उनके लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परिक्रमा मार्ग को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने पर विशेष जोर दिया।

# हैलट परिसर के बाहर व्यापारी के साथ हुई एक लाख कि टप्पेबाजी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



राजापुर चित्रकूट के गल्ला एवं दलहन व्यापारी कैलाश अग्रहरि के साथ हैलट अपस्ताल गेट के बाहर जब अपनी जांच कराकर अस्पताल से बाहर निकले गोल चौराहे की तरफ टैंपो में बैठने हेतु आगे बढ़े तो वहां मौजूद एक व्यक्ति ने पीड़ित व्यापारी को रोकते हुए कहा कि आपके कपड़ों में कुछ लगा है इसको साफ कर लीजिए अंदर आकर इतने में व्यापारी हैलेट परिसर गेट के अंदर जाकर साफ करने लगा साफ करके जैसे व्यापारी पीछे मुड़ा तो देखा वो व्यक्ति गायब था इतने में व्यापारी ने अपनी जेब में हाथ रखा तो एक लाख रुपया गायब मिला। व्यापारी समझ गया कि उसके साथ टप्पेबाजी हो गई। व्यापारी फौरन हैलेट चौकी पहुंचा किन्तु वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को बताया परन्तु व्यापारी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उल्टा पीड़ित व्यापारी को डांटकर भगा दिया।उल्टे सीधे सवाल पूछे ऑनलाइन पैसा क्यों नहीं भेजते हो, ये पैसा कहां से लाए थे, किसका पैसा है। इतने में व्यापारी परेशान होकर नयागंज पहुंचा जहां स्थानीय व्यापारियों ने आज पीड़ित व्यापारी को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के पास ले गये। क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने तत्काल व्यापारी से घटना की वृहद जानकारी की और व्यापारी की मदद हेतु प्रभारी निरीक्षक स्वरूप नगर के सीयूजी नंबर पर फोन किया तो एसएसआई महोदय ने फोन उठाकर कल दोपहर आने को कहा तब विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी पीड़ित को लेकर स्वरूप नगर थाने पहुंचे जहां पता चला कि प्रभारी निरीक्षक छुट्टी पर हैं मौके पर एसएसआई मौजूद मिले। थाने पहुंचते ही क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने एसएसआई से कहा कि व्यापारी कल से इतनी ठंड में भटक रहा है उसकी मदद क्यों नहीं की गई और आज जब मैने फोन किया तो आप कल बुलाने के लिए कह रहे हैं जबकि व्यापारी का एक लाख रु चला गया।
अपने घर से व्यापारी दो सौ किलोमीटर दूर ठंड में भटक रहा है इससे हमारे शहर की क्या छवि बनती है ऐसे में आप तत्काल व्यापारी का मुकदमा दर्ज करिए यदि कल चौकी पर गए हुए व्यापारी को वहां से दबाव बनाकर लौटाया न गया होता तो अब तक व्यापारी मुकदमे की कॉपी लेकर अपने घर पहुंच चुका होता काफी नोंकझोंक के बाद व्यापारी का मुकदमा दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया तभी क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने कहा कि चौकी इंचार्ज हैलेट को बुलाकर मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण कराइये। घटनास्थल पहुंचने पर हैलट चौकी इंचार्ज द्वारा पीड़ित व्यापारी पर दबाव बनाया जा रहा था जिस पर वरिष्ठ व्यापारी नेता शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, संजय त्रिवेदी, विशाल अग्रवाल ने हैलेट चौकी इंचार्ज से कहा कि आप व्यापारी पर दबाव न बनाए बल्कि व्यापारी की मदद करें दो दिन से भटक रहे पीड़ित व्यापारी के साथ जो घटना हुई है उसका मौका मुआयना करने हम आपके साथ आए है स्वयं ऐसे में दबाव बनाकर व्यापारी की बात को न दबाया जाए व्यापारी के साथ हुई घटना पर जल्द से जल्द खुलासा करें।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बना पर्यावरण संकट

**आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं।**

*पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण- शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया गया और उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है, जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है, क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं, जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को सरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो आगे बढ़ता ही जाएगा यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20-से 40 प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुडी भीषण घटनाओं के कारण जन-धन की भारी हानि हो रही है।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

भारत का उद्यमी तंत्र अब केवल संख्या पर नहीं बल्कि गुणवत्ता और स्थायित्व पर भी केंद्रित है। महानगरों के साथ-साथ नए क्षेत्रों में स्टार्टअप गतिविधियों का विस्तार एक व्यापक उद्यमी संस्कृति के निर्माण की ओर संकेत करता है।खेल और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी 2025 ने यह दिखाया कि भारत बहुआयामी विकास की दिशा में अग्रसर है। युवा खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां और स्वच्छ ऊर्जा क्षमता में निरंतर वृद्धि, दोनों ही भारत के भविष्य को अधिक सशक्त, टिकाऊ और आत्मविश्वासी बनाती हैं। समग्र रूप से देखें तो 2025 भारत के लिए केवल उपलब्धियों का वर्ष नहीं बल्कि आत्मनिर्भर आत्मविश्वास के परिपक्व होने का वर्ष रहा।

# अर्थव्यवस्था से अंतरिक्ष तक भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियां



योगेश कुमार गोयल

**यह वह समय रह जब भारत ने यह सिद्ध किया कि वह संकटों के बीच भी अवसर गढ़ सकता है, अनिश्चितताओं के बीच स्थिरता बनाए रख सकता है और वैश्विक मंच पर अपने हितों को स्पष्ट, संतुलित और दृढ़ स्वर में प्रस्तुत कर सकता है। 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में 2025 एक ऐसा पड़ाव रहा, जिसने भरोसा दिया कि लक्ष्य कठिन जरूर है पर दिशा सही है।**

भारत के लिए वर्ष 2025 केवल एक कैलेंडर वर्ष नहीं बल्कि एक ऐसे संक्रमणकाल का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने देश की विकास यात्रा को नई दिशा, नई भाषा और नया आत्मविश्वास दिया। यह वह वर्ष रहा, जब भारत ने न केवल अपनी आंतरिक क्षमताओं को सुदृढ़ किया बल्कि वैश्विक मंच पर भी एक परिपक्व, स्थिर और निर्णायक शक्ति के रूप में अपनी पहचान को और गहराया। अर्थव्यवस्था, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल नवाचार, बुनियादी ढ़ांचा, ऊर्जा, स्टार्टअप और खेल, लगभग हर क्षेत्र में भारत की प्रगति ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश अब केवल संभावनाओं का राष्ट्र नहीं बल्कि परिणाम देने वाला, नीति-आधारित और दीर्घकालिक दृष्टि से संचालित राष्ट्र बन चुका है। वैश्विक परिदृश्य 2025 में किसी भी दृष्टि से आसान नहीं था। दुनिया आर्थिक मंदी की आशंकाओं, ऊर्जा संक्रमण के दबाव, आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता और तीव्र होती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से जूझ रही थी। ऐसे समय में भारत का स्थिर, संतुलित और आत्मविश्वासी प्रदर्शन इस बात का संकेत बना कि देश अब वैश्विक परिस्थितियों का केवल अनुसरण करने वाला नहीं बल्कि कई मामलों में दिशा तय करने की क्षमता भी रखता है। भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही कि तेज विकास और रणनीतिक परिपक्वता के बीच संतुलन साधते हुए उसने अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक स्थायित्व को प्राथमिकता दी। आर्थिक मोर्चे पर 2025 भारत के लिए मजबूती का वर्ष रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत तक पहुंचना केवल एक आंकड़ा नहीं था बल्कि यह घरेलू मांग, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों की संयुक्त शक्ति का प्रमाण था। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि ने यह संकेत दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अपनी आंतरिक गतिशीलता बनाए रखने में सक्षम है। केंद्रीय बैंक द्वारा वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत तक संशोधित किया जाना आर्थिक लचीलेपन और नीति-विश्वसनीयता को दर्शाता है। लगभग 4.19 ट्रिलियन डॉलर के आकार के साथ भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना केवल रैंकिंग का विषय नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति-संतुलन में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। विनिर्माण क्षेत्र में 2025 ने एक प्रकार से पुनर्जागरण का संकेत दिया। वर्षों से सेवा क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता के बाद अब विनिर्माण को विकास का मजबूत स्तंभ बनाने की दिशा में ठोस प्रगति दिखाई दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विनिर्माण उत्पादन की 4.26 प्रतिशत वृद्धि और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में निरंतर सुधार यह दर्शाता है कि उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की रणनीति धरातल पर उतर रही है। इलैक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण



**स्वास्थ्य अवसंरचना में किया गया निवेश दीर्घकालिक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षमता को मजबूत कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में 2025 ने यह स्पष्ट किया कि ज्ञान और अनुसंधान को राष्ट्रीय विकास का केंद्र बनाने की रणनीति पर गंभीरता से काम हो रहा है।**

का 115 अरब डॉलर तक पहुंचना और निकट भविष्य में इसके तीव्र विस्तार की संभावना भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की भूमिका निभा रही है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 2025 ने भारत को एक नई वैश्विक पहचान दी। यह वर्ष केवल प्रक्षेपणों की संख्या या तकनीकी प्रयोगों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की भूमिका के गुणात्मक परिवर्तन का वर्ष बना। बड़े और जटिल संचार उपग्रहों की सफल तैनाती ने यह स्थापित किया कि भारत अब केवल किफायती लॉन्च सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि उच्च-मूल्य और तकनीकी रूप से जटिल वाणिज्यिक मिशनों का भरोसेमंद साझेदार बन चुका है। इन-ऑर्बिट सैटेलाइट डॉकिंग जैसी उन्नत क्षमता का सफल प्रदर्शन भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों, उपग्रह सेवा विस्तार और गहरे अंतरिक्ष अभियानों की आधारशिला है। मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम की दिशा में किए गए परीक्षण, स्वदेशी अंतरिक्ष-ग्रेड माइक्रोप्रोसेसर का विकास और छोटे उपग्रह प्रक्षेपण तकनीक का निजी क्षेत्र को हस्तांतरण, ये सभी संकेत देते हैं कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब नवाचार, आत्मनिर्भरता और निजी भागीदारी के नए युग में प्रवेश कर चुका है। रक्षा क्षेत्र में 2025 को सुधार और आत्मनिर्भरता के निर्णायक वर्ष के रूप में देखा जा सकता है। सैन्य ढ़ांचे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ संयुक्त युद्ध क्षमता को मजबूत करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए गए। थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच बेहतर समन्वय के लिए एकीकृत कमांड संरचना की ओर बढ़ना भविष्य की युद्ध आवश्यकताओं के अनुरूप एक रणनीतिक कदम है। नौसेना में नई पनडुब्बियों की तैनाती, स्वदेशी लड़ाकू विमानों की श्रृंखलाबद्ध आपूर्ति और रक्षा बजट में दीर्घकालिक निवेश यह स्पष्ट करता है कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में आयात-निर्भरता से बाहर निकलकर घरेलू क्षमता निर्माण पर जोर दे रहा है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रश्न नहीं बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता का आधार भी है। बुनियादी ढ़ांचे के विकास ने 2025 में भारत के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया। सड़क, रेल, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने की दिशा में भी भूमिका निभाई। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, सीमावर्ती सड़कों का निर्माण और तटीय विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन भारत को घरेलू रूप से अधिक एकीकृत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अधिक सक्षम बना रहा है। यह निवेश केवल निर्माण गतिविधि तक सीमित नहीं बल्कि रोजगार सृजन, लागत में कमी और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने का माध्यम भी है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत ने 2025 में वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया। डिजिटल भुगतान प्रणालियों का अभूतपूर्व विस्तार, लेनदेन की बढ़ती संख्या और मूल्य तथा तकनीकी नवाचार ने यह सिद्ध किया कि भारत केवल डिजिटल उपभोक्ता नहीं बल्कि डिजिटल समाधान प्रदाता भी है। डिजिटल भुगतान में निरंतर वृद्धि, उच्च-मूल्य लेनदेन की सुविधा और वैश्विक स्तर पर भारत की डिजिटल प्रणालियों की स्वीकार्यता, भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी भूमिका की झलक देती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 2025 का सबसे बड़ा योगदान यह रहा कि स्वास्थ्य सेवा को अधिकार के रूप में सुलभ बनाने की दिशा में ठोस प्रगति हुई। लाखों नागरिकों तक स्वास्थ्य बीमा और उपचार की पहुंच, निजी स्वास्थ्य खर्च में उल्लेखनीय कमी और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों तक विस्तार, ये सभी संकेत देते हैं कि सामाजिक कल्याण अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं बल्कि वास्तविक जीवन में प्रभाव डाल रहा है। स्वास्थ्य अवसंरचना में किया गया निवेश दीर्घकालिक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षमता को मजबूत कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में 2025 ने यह स्पष्ट किया कि ज्ञान और अनुसंधान को राष्ट्रीय विकास का केंद्र बनाने की रणनीति पर गंभीरता से काम हो रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों के विस्तार, नई सीटों का सृजन, अनुसंधान पार्कों की स्थापना और संकाय क्षमता में वृद्धि, ये सभी कदम आने वाले वर्षों में भारत की मानव पूंजी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे। स्टार्टअप पारिस्थितिकी में 2025 परिपक्वता का वर्ष रहा।

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 13:47 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 13:29 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सिद्ध, 21:13 तक |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:35 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 12:24-13:42 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### ठोस रहे रणनीति !

*कम ना हो रौनक ।*
*गिरे ना बाजार ।।*
*चले कुछ प्रयास ।*
*जो सबका अधिकार ।।*
*बाहर से दबाव ।*
*आना धमकी जारी ।।*
*ठोस रहे रणनीति ।*
*बड़ी कुछ तैयारी ।।*
*संतुलन और धैर्य से ।*
*है अब चमत्कार ।।*
*अपनाना स्वदेशी ही ।*
*है बड़ा हथियार ।।*
*जो अभी चिल्ला रहे ।*
*होंगे भी खामोश ।।*
*होगा धराशायी ।*
*जल्द उनका जोश ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अपील : बिना डॉक्टर की सलाह के न लें एंटीबायोटिक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हाल में प्रसारित हुए 'मन की बात' कार्यक्रम में एक ऐसी समस्या की ओर ध्यान दिलाया, जो धीरे-धीरे पूरे देश की सेहत के लिए खतरा बनती जा रही है। उन्होंने ढ्ढष्टरूक्र की एक नई स्टडी का जिक्र करते हुए एंटीबायोटिक दवाओं के ज्यादा इस्तेमाल और इससे होने वाली परेशानियों का जिक्र किया। उन्होंने साफ कहा कि दवाएं कोई सामान्य पेनकिलर नहीं हैं, जिन्हें बिना सोचे-समझे लिया जा सके। प्रधानमंत्री की यह अपील इंडियन कार्उंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ढ्ढष्टरूक्र) की हालिया रिपोर्ट के संदर्भ में आई है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते इस आदत को नहीं बदला गया, तो आने वाले समय में छोटी-छोटी बीमारियां भी गंभीर रूप ले सकती हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने क्या कहा?:** प्रधानमंत्री ने रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा, 'आज मैं एक ऐसे मुद्दे पर बात करना चाहता हूं जो हम सभी के लिए चिंता का विषय बन गया है। ढ्ढष्टरूक्र यानी इंडियन कार्उंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाएं कमजोर



साबित हो रही हैं। हम सभी के लिए यह बहुत ही चिंताजनक है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका एक बड़ा कारण लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन है। एंटीबाटोयिक ऐसी दवाएं नहीं हैं, जिन्हें यूं ही ले लिया जाए। इनका इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए। '

**एंटीबायोटिक क्यों हो रही हैं बेअसर?:** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक एंटीबायोटिक के कमजोर होने की सबसे बड़ी वजह उनका अंधाधुंध और गलत इस्तेमाल है। आज स्थिति यह है कि हल्का बुखार, गले में दर्द या जुकाम होते ही लोग खुद ही एंटीबायोटिक लेना शुरू कर देते हैं। कई बार पुरानी पर्ची देखकर या मेडिकल स्टोर से सीधे दवा खरीद ली जाती है। असल में एंटीबायोटिक सिर्फ बैक्टीरियल इंफेक्शन पर काम करती हैं, वायरल बीमारियों पर नहीं। लेकिन जब इन्हें बिना जरूरत या गलत मात्रा में लिया जाता है, तो बैक्टीरिया इन दवाओं के खिलाफ मजबूत हो जाते हैं। इसी को मेडिकल भाषा में 'एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भविष्य में वही दवा उसी बीमारी पर असर नहीं करेगी।

**प्रधानमंत्री की चेतावनी क्यों है अहम?:** प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि उनकी चेतावनी क्यों अहम है, 'आजकल लोग यह मानने लगे हैं कि बस एक गोली ले लो, हर तकलीफ दूर हो जाएगी। यही वजह है कि बीमारियां और संक्रमण इन एंटीबायोटिक दवाओं पर भारी पड़ रहे हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कृपया अपनी मनमर्जी से दवाओं का इस्तेमाल करने से बचें। एंटीबायोटिक दवाओं के मामले में तो इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मैं तो यही कहूंगा कि मेडिसिन्स के लिए गाइडेंस और एंटीबायोटिक्स के लिए डॉक्टर्स की जरूरत है। यह आदत आपकी सेहत को बेहतर बनाने में बहुत मददगार साबित होने वाली है। '

---

## एक्सप्रेस विशेष

# उत्सव आमार जाति, आनंद आमार गोत्र



हृदयनारायण दीक्षित

**ऋग्वेद के पहले भी एक विकासमान संस्कृति थी। पूर्वकालीन संस्कृति में वर्ण विभाजन होते, तो ऋग्वेद में उनका उल्लेख होता। ऋग्वेद में जन्मना जाति या वर्ण नहीं है। ब्राह्मण का अर्थ स्तुति, या स्तोत्र ही आया है।**

**अथर्ववेद की दृष्टि में कीट पतिंग, पशु पक्षी और सभी मनुष्य ब्रह्मचारी हैं। ब्राह्मण होने की संभावना सबमें है। यह बात स्मृतिकाल से बिल्कुल अलग है। स्मृतियों के अनुसार जन्म से सभी शूद्र है, ज्ञानार्जन/संस्कार से ब्राह्मण हो जाते हैं। अथर्ववेद का मत सही है कि जन्म से सभी ब्रह्मचारी हैं, कर्म क्षेत्र में जाकर श्रम विभाजन के फलस्वरूप वर्ण, वर्ग बनते हैं। फिर अपनी प्राण ऊर्जा को ऊर्ध्वमुखी बनाते हैं।**

**सीमा** लघुता है और असीम विराट। हमारा होना एक सीमा में है लेकिन विराट हो जाने की संभावनाएं खुली हुई हैं। शरीर हमारी पहली सीमा है, इसके बाद परिवार दूसरी सीमा। इसका आनंद निजी सीमा के अतिक्रमण में है। इसके बाद समाज है। समाज की सीमा के अतिक्रमण के बाद राष्ट्र की सीमा है। इनके पार ब्रह्माण्ड। तब संकीर्णता विस्तीर्ण होकर अनन्त हो जाती है। जाति वर्ण संकीर्णताएं हैं। मैं अपना संकीर्ण परिचय देता हूँ-मैं जाति वर्ण से ब्राह्मण हूं। संकीर्णता तोड़ें तो मैं मनुष्य जाति का हूं। अब मैं विश्व मानवता का हिस्सा हो गया। इसे और बढ़ाएं तो मैं प्रकृति का हिस्सा हूं। अन्ततः मैं ब्रह्म या सम्पूर्णता का विनम्र हिस्सा हूं। संप्रति ब्राह्मण जाति हैं। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पीछे सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग सम्बंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि सम्पूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्वेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छान्दोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राहमण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया। ब्राह्मण होने के लिए प्रकृति के रस छन्द ऋत में ढलना होता था। अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है- 'ब्रह्मचारी अर्थात् ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियाँ-देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मन्त्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है। बताते हैं, 'आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्यशक्तियाँ-(देवगण) उसका अभिनन्दन करती हैं।' (मन्त्र 2) यहां 'तीन रात्रि' का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया? रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, 'ब्राह्मण होने से पूर्व साधक-विद्यार्थी ब्राह्मी-अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है।' (वही मन्त्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्वमुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है। ऋषि बताते हैं 'आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं।' (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गयी है? ज्ञान गर्भ में ब्रह्मचारी का पृथ्वी अंश सामान्य पृथ्वी अंश से परिष्कृत होता है। चेतन अंश निर्मल होता है। अथर्व0 का ऋषि इसे ज्ञानगर्भ की घटना बता रहा है। आगे कहते हैं 'ब्रह्मचारी अपनी तपसाधना से उनकी (नये पृथ्वी व द्युलोक) रक्षा करता है।' (वही) ब्रह्मचारी अपनी काया और चेतना का नया रूप विकसित करता है और इसी नये रूप की रक्षा करता है। फिर ब्राह्मण की सम्पत्ति बताते हैं, 'ब्राह्मण की सम्पदा निकटवत्त गुफा (गुहा-अनुभूति) में रहती है और द्यु लोक के आधार से परे होती है।' (वही मन्त्र 10) ब्राह्मण हो गया व्यक्ति आंतरिक रूप में समृद्ध हो जाता है। भौतिक सम्पदा का आधार पृथ्वी है। इससे भी परे द्युलोक आधार है लेकिन इस मन्त्र में ब्राह्मण की सम्पदा 'द्युलोक से भी परे' है। ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं 'ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते है-ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति।' (वही मन्त्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# नशे में जश्न पड़ सकता है भारी भारी पड़ेगा हुड़दंगियों से सख्ती से निपटेगी खाकी

- नववर्ष की खुशियों में न घोले हुड़दंग, कानून तोड़ने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर
- नववर्ष पर सुरक्षा पहली प्राथमिकता, पिकनिक स्पॉट से बाजार तक पुलिस अलर्ट
- कानून के दायरे में मनाएं नया साल, अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई तय

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




नववर्ष के जश्न के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने जिलेभर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। 31 दिसंबर की शाम से एक जनवरी तक शहर के प्रमुख पिकनिक स्पॉट, होटल-ढाबों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुख्य चौराहों पर पुलिस की सख्त निगरानी रहेगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक नए साल के मौके पर जिले में करीब दो सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

कई पुलिसकर्मी सादी वर्दी में रहकर होटल, ढाबों, शराब की दुकानों, पार्कों और पिकनिक स्पॉट पर नजर रखेंगे। बुधवार शाम से ही शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## एसपी ने दिए सख्त निर्देश

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और डायल 112 की गाड़ियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील और प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी वायरलेस के साथ तैनात रहेंगे। किसी भी तरह की अव्यवस्था या बवाल करने वालों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक स्थलों पर होगी सघन चेकिंग

31 दिसंबर की शाम छह बजे से रात दो बजे तक होटल, ढाबे, धर्मशाला, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा घर और मुख्य बाजारों में पुलिस टीमें सघन चेकिंग अभियान चलाएंगी। पुलिस का कहना है कि नए साल के जश्न के दौरान कानून का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इन स्थानों पर तैनात रहेगा अतिरिक्त फोर्स

शहर के नौगवां चौराहा, आसाम चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा, गौहनियां चौराहा, गैस चौराहा, नकटादाना चौराहा, रेलवे स्टेशन तिराहा, रोडवेज और सुनहरी मस्जिद चौराहा समेत सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस पिकेट लगाई गई है।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण और मर्यादित तरीके से मनाएं, ताकि नया साल सभी के लिए सुरक्षित और खुशहाल साबित हो।

## चोरी की घटना के मामले में अज्ञात चोरो पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

घर से हजारो रुपये की चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुईया निवासी सहाना ने वताया कि 29 दिसंबर की रात घर पर बच्चों के साथ बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान दीवार फांदकर अज्ञात चोर घर में घुस आए।

इसके बाद चोर एक कमरे में घुस गए। जिसमे उसकी बहू का रखा सोने चांदी के जेवर सेफ का ताला तोड़कर चोरी कर लिए।

इसके बाद चोर दूसरे कमरे में घुस गए। जंहा बक्से में रखा सहाना का सोने चांदी के आभूषण और बीस हजार रुपए चोरी कर ले गए। वारदात को लेकर खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

जांच के बाद पुलिस ने पीडित की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर घटना के खुलासे के प्रयास शुरु कर दिए। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कड़ाके की सर्दी में 'चाय पर चर्चा', गन्ना राज्यमंत्री से जनता का सीधा संवाद

- जनता के सवालों के बीच गन्ना राज्यमंत्री ने गिनाई डबल इंजन सरकार की उपलब्धियाँ
- पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज से टेंट सिटी तक विकास की रफ्तार पर मंत्री का जोर
- जनता दर्शन में उमड़ी भीड़, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



कड़ाके की सर्दी के बीच मंगलवार सुबह शहर के चावला चौराहा पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार शामिल हुए। अलाव के चारों ओर जुटे लोगों ने जहां गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, वहीं क्षेत्र के विकास को लेकर सवाल-जवाब का दौर भी चला। राज्यमंत्री ने जनता के सवालों के सटीक उत्तर देते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

सुबह करीब आठ बजे चावला चौराहा पहुंचने पर युवाओं ने मालाओं से स्वागत किया। जय श्रीराम के नारों के बीच राज्यमंत्री का अभिनंदन हुआ। चौपाल के रूप में चले संवाद में नागरिकों ने सड़क, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में विकास को तीव्र गति दी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, भरापचपेड़ा में खमीर प्लांट, पीएम श्री विद्यालय, शाही के समीप अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना जैसे कार्य कराए गए हैं।

इसके साथ ही बेरोजगार युवाओं के लिए भरापचपेड़ा में उद्योगों की स्थापना के प्रयास जारी हैं। पीटीआर में पर्यटकों के लिए टेंट सिटी निर्माण की स्वीकृति, सड़कों का नव निर्माण और चौड़ीकरण भी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से क्षेत्र के तेज विकास के लिए भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अपील की।

कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष इन्द्रेश सिंह चौहान, बैंक उपाध्यक्ष पूरन लाल गंगवार, नगर मंत्री अमरीष शर्मा व ओमकार मौर्य, डीसीडीएफ उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, सभासद चेतन गंगवार, सभासद साकेत सक्सेना सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश



चाय पर चर्चा के बाद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने संजय रॉयल पार्क स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। कड़ाके की सर्दी के बावजूद सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। राज्यमंत्री ने सभी की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रभावी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# गन्ना अधिकारी के औचक निरीक्षण में गन्ना उत्तराई शुल्क वसूली का मामला उजागर, कार्रवाई के संकेत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



एल.एच. चीनी मिल पीलीभीत के गन्ना क्रय केंद्र बिठोरा खुर्द द्वितीय का जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राम भद्र द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जिससे किसानों से अवैध वसूली का मामला उजागर हुआ है। निरीक्षण के समय क्रय केंद्र पर तौल कार्य श्री प्रेम पाल द्वारा किया जा रहा था। तौल लिपिक ने अधिकारियों को बताया कि वह 18 दिसंबर से इस क्रय केंद्र पर तौल कर रहे हैं। अब तक यहां कुल 15,307.64 कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। वर्तमान में चौथे पक्ष के ग्यारहवें कॉलम की पर्चियों की तौल की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित किसानों ने अधिकारियों को बताया कि जब वे गन्ना तौल के लिए क्रय केंद्र पर आते हैं, तो उनसे गन्ना उत्तराई के नाम पर 150 रुपये की वसूली की जाती है। इस संबंध में जब तौल लिपिक से पूछताछ की गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण नोट में गन्ना उत्तराई शुल्क वसूली का उल्लेख दर्ज कर लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सभी अध्यासी एवं प्रधान प्रबंधकों को पूर्व में ही गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि गन्ना क्रय केंद्रों पर लोडिंग अथवा अनलोडिंग के नाम पर किसानों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि किसानों से शुल्क वसूली का कोई भी मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) अधिनियम 1953 एवं सुसंगत नियमावली 1954 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत निरीक्षण की मूल प्रति दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के लिए सहायक चीनी आयुक्त बरेली को भेज दी गई है। साथ ही जिलाधिकारी पीलीभीत को भी पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। निरीक्षण के दौरान गन्ना किसान बाबू राम, उद्देश्य कुमार, कंचन लाल सहित अन्य किसान भी मौके पर उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड से लटका मिला युवक का शव

## पुलिस ने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया (सूफी नगर) निवासी बहार (पुत्र बाबू) सोमवार दोपहर से लापता था। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी बहार का कोई पता नहीं चल सका, जिससे परिवार चिंतित था। मंगलवार सुबह, घर से करीब चार किलोमीटर दूर पिपरिया दुलई के मजरा आंखें में ग्रामीणों ने एक खेत के किनारे आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलने पर खेत स्वामी, पुलिस और परिजन रोते विखलते मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान लापता बहार के रूप में हुई। इससे खलवली मच गई। बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरा गया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के पास से उसका मोबाइल फोन मिला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मोबाइल में कुछ कॉल रिकार्डिंग्स और अन्य डेटा मौजूद हैं, जो मामले की गुत्थी सुलझाने में अहम साबित हो सकते हैं। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल्स और रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। बहार की मौत की खबर से सूफी नगर में शोक का माहौल है। परिजनों ने इस घटना के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताई है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# पूरनपुर पुलिस की कार्रवाई

## हिस्ट्रीशीटर अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में अपराध और अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद भर में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अवैध शस्त्र के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने भगवन्तापुर जाने वाली सड़क पर टंकी के सामने पुलिया के पास घेराबंदी कर अकरम पुत्र सूखा, निवासी मोहल्ला कुरैशियान, ग्राम शेरपुर कला को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना पूरनपुर पर मुकदमा संख्या 772/25, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त अकरम के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## पॉक्सो केस में आरोपी युवक ने किशोरी को दूसरी बार भगाया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी युवक द्वारा किशोरी को दोबारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 18 मई को उसका ही रिश्तेदार मोहित पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरनगर, कोतवाली पूरनपुर बहला-फुसलाकर ले गया था। इस मामले में उसने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। फिलहाल यह मामला न्यायालय में पॉक्सो एक्ट के तहत विचाराधीन है। आरोप है कि 28 दिसंबर की रात करीब 11 बजे आरोपी युवक एक बार फिर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## कोटा चयन की बैठक कोरम न पूरा होने से स्थगित

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। तहसील के गांव कबीरपुर कसगंजा में सरकारी राशन (उचित दर दुकान) के कोटा चयन को लेकर आयोजित खुली बैठक कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। बैठक को अब अग्रिम तिथि तक टाल दिया गया है। ग्राम पंचायत सचिव राहुल कनौजिया ने बताया कि गांव में कोटा चयन के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया था। हालांकि, आवश्यक कोरम (उपस्थिति) पूरा न होने से बैठक आगे के लिए बढ़ा दी गई। उन्होंने कहा कि नई तिथि तय होने पर ग्रामीणों को सूचित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में उचित दर दुकानों (कोटा) का चयन ग्राम पंचायत स्तर पर खुली बैठक के माध्यम से किया जाता है। ऐसी बैठकों में कोरम न पूरा होने पर प्रक्रिया स्थगित हो जाती है, जैसा कि राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी देखा गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही नई बैठक आयोजित कर कोटेदार का चयन पूरा किया जाएगा, ताकि राशन वितरण सुचारू रूप से चालू हो सके।

## कार सवार युवकों ने युवक को अगवा कर पीटा, घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना न्यूरिया क्षेत्र में कार सवार युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गुलड़िया भिंडारा निवासी मोहम्मद अय्यूब ने थाना न्यूरिया पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र मोहम्मद फय्यूम 29 दिसंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी दुकान के सामने खड़ा था। इसी दौरान एक कार में सवार चार से पांच युवक वहां पहुंचे और जबरन उसके पुत्र को कार में बैठा लिया। आरोप है कि कार में ले जाकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी युवक को भिंडारा मंदिर के पास छोड़कर फरार हो गए।घायल युवक किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित पक्ष थाना न्यूरिया पहुंचा। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। थाना प्रभारी न्यूरिया के अनुसार तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## उधार दिए ढाई लाख रुपये मांगने पर पिता-पुत्र से मारपीट

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। उधार दिए गए ढाई लाख रुपये वापस मांगना एक व्यक्ति और उसके पुत्र को भारी पड़ गया।




आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपियों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुर द्वारा निवासी फुलचंद्र पुत्र तोताराम ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फुलचंद्र के अनुसार उसका छोटा पुत्र जगदीश कुमार बरेली में रहता है। रिश्तेदारी के चलते उसकी पहचान बरेली के किशोर बाजार बिहारीपुर निवासी उर्मिला देवी और उनकी पुत्री रजनी देवी से थी।आरोप है कि जरूरत बताकर आरोपियों ने उससे ढाई लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी नाराज हो गए। 4 दिसंबर की रात आरोपियों ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की और धमकी देकर चले गए।इसके बाद 6 दिसंबर को जब वह बाइक से माधोटांडा जा रहा था, तो गजरौला के रिछोला के पास जंगल के समीप उर्मिला देवी, उनके पुत्र नीरज, रूबी, अंजू, रजनी और एक अज्ञात युवक गाड़ी से पहुंचे और उसे पकड़ लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे 2100 रुपये भी छीन लिए। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ठंड और कोहरे से जनजीवन अस्त व्यस्त, घरों में रहे लोग



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

ठंड और कोहरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हर दिन कड़ाके की ठंड ने गरीब तबके को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है लेकिन अब तक सरकार की ओर से मिलने वाले कंबल जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाए हैं। शाम ढलते ही लोगों को घरों में दुबकने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। चुनाव के समय 'समाजसेवा' का दावा करने वाले कई संगठन और व्यक्तित्व भी इस बार मैदान से गायब नजर आ रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में जिले की संवेदनशील आबादी ठंड के कहर को अपने हाल पर ही झेलने को मजबूर है। चुनाव के बाद राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन सुस्त हर वर्ष ठंड के मौसम में राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करती रही हैं। परंतु इस वर्ष प्रशासन की सुस्ती के साथ-साथ इन संगठनों की सक्रियता भी उल्लेखनीय रूप से कम दिख रही है। जानकार बताते हैं कि पहले जिला प्रशासन द्वारा सरकारी कंबल का आवंटन होते ही उन्हें जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बांटा जाता था, लेकिन इस बार कंबल आवंटन की प्रक्रिया ही शुरू नहीं हो पाई है, जिससे वितरण पूरी तरह ठप पड़ा है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्दी कार्रवाई नहीं करता, तो जिले के गरीब और दैनिक मजदूर वर्ग के सामने ठंड से निपटना और भी मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान हालात यह दर्शाते हैं कि सरकारी इंतजाम, सामाजिक जिम्मेदारी और राजनीतिक सक्रियता तीनों ही इस बार ठंड के आगे बेदम नजर आ रही हैं।

# भाजपा के दिवंगत पूर्व प्रदेश सह महामंत्री भावनी सिंह की जयंती पर राज्यमंत्री ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### स्वर्गीय भावनी सिंह को याद कर सम्मानित किया गया योगदान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



मंगलवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जनसहयोग कार्यालय पर भाजपा के दिवंगत पूर्व प्रदेश सह महामंत्री (संगठन) स्वर्गीय भावनी सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने स्वर्गीय भावनी सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि वे संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्ठा रखने वाले एक कुशल संगठनकर्ता थे। उनका नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भावनी सिंह के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को और मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया श्रद्धांजलि अर्पित। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, मीडिया प्रभारी ऋषिराम श्रीवास्तव, भाजपा नगर महामंत्री अमरीष शर्मा, नगर भाजपा मंत्री ओमकार मौर्य (ओपी), विजय शाही, मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय भावनी सिंह के संगठनात्मक योगदान और नेतृत्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के हित में निरंतर प्रयास ही स्वर्गीय भावनी सिंह की स्मृति को जीवित रखने का सर्वोत्तम तरीका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भावनी सिंह के आदर्शों को अपनाने और संगठन के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# बाल विवाह मुक्त भारत व वीर बाल दिवस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने और बच्चों के अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा थाना बीसलपुर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं वीर बाल दिवस 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर एवं केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 की जानकारी देते हुए बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षित रहने के उपाय समझाए गए। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181 एवं 1076 की जानकारी भी साझा की गई। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित विधवा पेंशन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता और लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा की रोकथाम, दहेज प्रतिषेध, लैंगिक समानता एवं बाल अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर थाना बीसलपुर का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# चाकू मारकर शख्त की हत्या की फिर हाथ की नस काटकर खुद को किया मौत के हवाले

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के लाहौरा गांव के पूर्वा नगरी में खेत में ओझाई करने को लेकर कंतलाल ने प्रेमलाल की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी हाथ की नस काटकर जान दे दी। एएसपी ऑपरेशन मनीष मिश्रा ने बताया कि थाना चुनार क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे को मारकर हत्या कर दी गई। स्वयं भी आत्महत्या कर लिया। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची कर जांच पड़ताल किया।

प्रेमलाल व कंतलाल दोनों पड़ोसी थे। जो कई वर्षो से साथ में रहते थे। इनके बीच किसी बात को लेकर आपस में अनबन हुई। कंतलाल ने प्रेमलाल पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद स्वयं भी आत्महत्या कर लिया।

प्रेमलाल के परिजन की प्राप्त तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है। दोनों मृतकों के शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शहर में जिला प्रशासन का सख्त रुख, चौरसी मोड़ से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

## डीएम के निर्देश पर संयुक्त टीम की कार्रवाई, यातायात व्यवस्था सुचारू करने की पहल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार उरई शहर के प्रमुख चौराहों में से एक चौरसी मोड़ पर आज अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु सघन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। संयुक्त टीम द्वारा सड़क मार्ग पर किए गए अस्थायी व स्थायी अवैध कब्जों, ठेलों एवं अन्य अवरोधों को हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। अतिक्रमण हटने के पश्चात चौरसी मोड़ पर वाहनों की आवाजाही सुचारू हुई तथा आमजन को राहत मिली। प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों व अतिक्रमणकर्ताओं को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में सड़क अथवा फुटपाथ पर पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि शहर को जाम मुक्त बनाने तथा आम नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से आमजन में सकारात्मक संदेश गया है।

## शिक्षक गोली कांड में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक व लिपिक पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

लाइसेंसी राइफल की गोली लगने से शिक्षक की मौत हो गई थी। मृतक के बेटे ने स्कूल प्रबंधन पर परेशान करने का आरोप लगाया था। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, लिपिक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्जकर दिया गया है।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा निवासी सहायक अध्यापक अनुरूद्ध पाल की सोमवार सुबह लाइसेंसी राइफल की सफाई करने के दौरान गोली चल गई थी, इससे सहायक अध्यापक लुहूलुहान को गए थे। बाद में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। मृतक के पुत्र बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने केपीएस जूनियर हाईस्कूल (एडेड)के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक व लिपिक पर आए दिन प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। बेटे का कहना था कि स्कूल प्रबंधन से परेशान होकर पिता ने गोली मारकर आत्म हत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, सहायक अध्यापक ध्रुबेन्द्र सिंह, व लिपिक कदम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में सीओ अबुंज यादव का कहना है कि मामला दर्ज करा दिया गया है, पूरे मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच की जा रही है।

# जिला कारागार में बंदियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में जिला कारागार उरई में निरूद्ध बंदियों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीके राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैयालाल यादव तथा कारागार चिकित्साधिकारी डा. सर्वेश कुमार ने रसोई घर में कार्यरत बंदियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए बताया कि बालों की सफाई, नाखूनों का छोटा व स्वच्छ होना तथा बर्तनों की पूर्ण स्वच्छता ही सुरक्षित एवं शुद्ध भोजन की पहचान है। उन्होंने रसोई में कार्य के दौरान स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया।जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत जेल अधीक्षक नीरज देव ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ कारागार के रसोई घर एवं खाद्यान्न भण्डार गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रसोईघर, भण्डार गृह एवं उपयोग में लाए जा रहे बर्तनों की गहनता से जांच की गई। जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं दुरुस्त पाई गई। जिला कारागार प्रशासन की यह पहल सर्दी के मौसम के दृष्टिगत बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उप कारापाल/खाद्य प्रभारी अमर सिंह, उप कारापाल सर्किल इंचार्ज रामलखन सहित अन्य कारागार स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन सैकड़ों लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



तहसील शाहाबाद क्षेत्र के गांव गुजीदेई स्थित नर्मदेश्वर धाम में एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर का आयोजन जिले के वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीकान्त पाठक की अध्यक्षता में किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मीनाक्षी, चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दौलतपुर तथा कमलेश चंद्र द्वारा आउटरीच स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर रामकिशोर गुप्ता, उमेश चंद्र त्रिवेदी, सच्चिदानंद पाण्डेय, संजय गुप्ता, रमाकांत पाठक, अभिनव पाठक, अजीत कश्यप अतरजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की की अपेक्षा की।

# पुलिया के नीचे पानी में मिला युवक का शव परिजनों ने दो लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

मंगलवार की सुबह खर्रा गांव के बाहर पुलिया के नीचे पानी में एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। पत्नी ने गांव के ही दो व्यक्तियों पर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों को पकड़ा है। जिनसे पुलिस पूछतांछ कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा में गांव के बाहर पुलिया के नीचे पानी में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे गांव के लोग जब बाहर निकले तो पुलिया के नीचे शव को पड़ा हुआ देखा। जब लोगों ने शव की पहचान का प्रयास किया तो पता चला कि शव गांव के ही हरनारायण उर्फ पटालम का है। जिसके सिर के पास किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था। जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए। पूछतांछ में मृतक की पत्नी भारती ने पुलिस को बताया कि गांव में एक निमंत्रण था। जिसमें जाने की बात कहकर पति घर से गए थे। शाम को बेटी नीलम ने फोन किया तो पहली बार में कई आवाजें आ रही थीं। जब दूसरी बार फोन किया तो पति ने बताया कि वह लोग खाना खाकर सो जाएं। वह खाना खाकर देर रात तक घर आएंगे। लेकिन रात में वह घर नहीं पहुंचे, सुबह उनके शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही छोटेलाल और श्यामाचरण के साथ उनका उठना बैठना था। रात में भी वह उन्हीं के साथ थे। शराब के नशे में उन्हीं ने पति की हत्या कर दी है। जिसकी तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछतांछ की जा रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी। बता दें, मृतक मजदूरी करता था। उसकी तीन बेटियों में बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। दूसरी बेटी नीलम (15) व किरन (12) के साथ ही बेटे मुन्ना (8) का रो रोकर बुरा हाल है।

# समाजसेविका शालिनी सिंह ने जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



हरपालपुर,हरदोई।एक सप्ताह से कोहरे व शीत लहर के चलते आमजन ठंड से ठिठुरते हुए नजर आ रहा है।ऐसे मौसम में गरीब व बेसहारा लोगो की मुसीबतें सबसे ज्यादा बढ़ी हुई है। मंगलवार को समाजसेविका शालिनी सिंह द्वारा अपने पैतृक गांव बरनई में जरूरत मंद लोगो को सर्दी से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया गया।

मंगलवार को सांडी विकास खण्ड की बरनई ग्राम पंचायत में समाजसेविका शालिनी सिंह ने ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि सरकार की सभी योजनाओं लाभ गांव के हर घर, परिवार की चौखट तक पहुंचे। इस मौके पर समाजसेविका शालिनी सिंह ने कहा कि वह समाज के गरीबो व जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा कार्य करती रहूंगी।इस अवसर पर संस्था के सदस्य सवेंद्र, पुष्पेंद्र, जितेंद्र, राजू, हिमांशु एवं भीम, आदेश,शैलेन्द्र,लालसिंह, रामगुड्डा, मदनपाल, सर्वेश, पप्पू, भूरे व अनेक सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एसपी ने महिला उपनिरीक्षक सहित 8 पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जनपद में एसपी अशोक कुमार मीणा का लापरवाह और भ्रष्ट पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त एक्शन लगातार जारी है। इसी क्रम में एसपी ने गंभीर आरोपों में महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह, यातायात उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा सहित कुल 8 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

इस बड़ी कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार पाली थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह,आरक्षी सुरेश शर्मा, गुरजीत सिंह और मुख्य आरक्षी अंबुज तिवारी पर गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजने की धमकी देकर उगाही करने के गंभीर आरोप लगे थे। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर एसपी ने महिला उपनिरीक्षक समेत सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया।

वहीं मल्लावां क्षेत्र में तैनात यातायात उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा,आरक्षी मनोज सिंह, विजय पाल मौर्य और हेड कांस्टेबिल राजेश कुमार पर कस्बे में ऑटो चालकों को डराने-धमकाने और उनसे रंगदारी मांगने के आरोप सामने आए थे। इस प्रकरण को भी गंभीरता से लेते हुए एसपी ने सभी आरोपित पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने की कार्रवाई की। एसपी अशोक कुमार मीणा ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि पुलिसकर्मियों द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक कृत्य, भ्रष्टाचार या कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की साख और जनता का विश्वास सर्वोपरि है, और इसे नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।एसपी की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां पुलिस विभाग में अनुशासन का संदेश गया है, वहीं जनपदवासियों ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए उठाए गए इन कदमों की खुलकर सराहना की है।

## हरदोई में जमानतदार गिरोह का खुलासा,फर्जी दस्तावेजों से दिलाते थे जमानत,6 आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जनपद में गंभीर अपराधों में जेल में बंद अभियुक्तों को फर्जी तरीके से जमानत दिलाने वाले पेशेवर जमानतदारों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना कोतवाली शहर में दिनांक 29 दिसंबर को छह पेशेवर जमानतदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों पर गंभीर धाराओं में फर्जीवाड़ा कर अभियुक्तों को जमानत दिलाने का आरोप है, जिसके बाद कई अभियुक्त फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली शहर में दर्ज मुकदमें में विश्वनाथ पाण्डेय, प्रवीण दीक्षित, धर्मेन्द्र, अमित, रामकिशोर और पिंकू उर्फ प्रेमशंकर को नामजद किया गया है। ये सभी आरोपी लंबे समय से पेशेवर रूप से जमानतदार बनकर गंभीर मामलों में बंद अभियुक्तों की जमानत कराते थे।आरोपी फर्जी आधार कार्ड, कूटरचित भू-राजस्व अभिलेख और अन्य जाली दस्तावेजों का उपयोग कर अदालत में जमानत प्रस्तुत करते थे। विशेष रूप से आरोपी पिंकू उर्फ प्रेमशंकर कचहरी परिसर में प्रार्थना पत्र लिखने का कार्य करता था।

# संदिग्ध हालत में युवक का शव खेत में बने बंगले के पास मिला शव, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के नगला कन्हारी गांव निवासी एक युवक का संदिग्ध हालत में उसके खेत मे लगे ट्यूबबेल के पास शव मिलने से सनसनी मचा गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार सुबह नगरा मजरा कन्हारी गांव निवासी 27 वर्षीय गोविंद कटियार का संदिग्ध हालत में उसका शव खेत में बने बंगले के पास मिलने से हड़कंप मच गया। शव पर चोट के निशान और कान से खून बहने के चलते परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर बदहवास हो गए। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।परिजनों ने बताया कि गोविंद कटियार का खेत गांव के उत्तर दिशा में स्थित है। वह गेहूं की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए अक्सर रात में खेत पर ही रुकते थे। खेत में समरसेबुल और ट्यूबवेल लगे होने के कारण उन्होंने वहीं एक छोटा बंगला बनवा रखा था।मृतक गोविंद अविवाहित थे। उनके पिता प्रकाश चंद्र और मां का पूर्व में निधन हो चुका है। परिवार में बड़े भाई विपिन और उनका परिवार है। खेती-किसानी की जिम्मेदारी गोविंद ही संभालते थे, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर सवायजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खेत के ट्यूबवेल के पास युवक का शव मिला है, जिसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## दो पक्षो में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** थाना व कस्बा हरपालपुर में दो पक्षो के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कस्बा निवासी अभिषेक पुत्र सोनू ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया हैं कि 26 दिसंबर की रात करीब 8:00 बजे घर के दरवाजे पर मौजूद था। तभी गांव निवासी धीरा, विश्वेश्वर सहित चारों लोग ने अनायास गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की है। बीच बचाव करने आए चाचा धर्मेंद्र को भी आरोपियों ने मारा पीटा है। पुलिस से अभिषेक की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैं।उधर धीरू ने दी गई तहरीर में बताया हैं कि 26 दिसंबर की रात 8¬00 बजे घर के दरवाजे पर मौजूद था।गांव निवासी निवासी सोनू समेत चार लोग अपने हाथों में लाठी-डंडा लेकर आए अनायास गाली गलौज करने लगे जिससे उसको शारीरिक चोटें आईं हैं। पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर प्राथमिकी की दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# जन सुनवाई मे दिया जा रहा योजनाओं का लाभ: डीएम



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 54 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जन सुनवाई मे आज एक व्यक्ति का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए तथा एक बुजुर्ग महिला की शिकायत का समाधान करने के साथ ही कम्बल दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। जन सुनवाई मे एक बुर्जुग महिला को अपर जिलाधिकारी ने कम्बल दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पालिका बोर्ड बैठक में डिग्री कालेज व अस्पताल को भूमि आवंटन को मिली स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



मंगलवार को नगरपालिका बोर्ड की बैठक नसरीन बानो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें नागरिकों को राहत देने के लिए कई प्रस्ताव पारित हुए। इस मौके पर दाखिल खारिज में बदलाव किया गया, तथा महाविद्यालय एवं अस्पताल के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति भी सर्वसम्मत से प्रदान की गई। पालिका बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष नसरीन बानों ने कहा कि हमारा लक्ष्य नगरवासियों को अधिक से अधिक सुविधा देने का है। उन्होंने कहा लाइट,पानी,सड़कों आदि की बेहतर सुविधा दिलाने पर कार्य किया जा रहा है।

शहरवासियों की राहत के लिए दाखिल खारिज के नियमों में बदलाव किया गया है जिससे बैनामा कराने वालों को भारी सहूलियत मिलेगी। वहीं नागरिकों की सुविधाओं के लिए आने वाली योजनाओं के लिए पालिका की भूमि को आवंटन किए जाने के प्रस्ताव पास किए गए है। एक एंबुलेंस और एक मर्चरी वैन की व्यवस्था का प्रस्ताव पास किया गया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया पालिका बोर्ड की बैठक में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय और सौ बेड के अस्पताल के लिए भूमि आवंटन किया गया है।और वन स्टॉप सेंटर के लिए भी भूमि चिन्हित की गई है। दाखिल खारिज की प्रक्रिया में पहले 2 प्रतिशत शुल्क जमा होता था जिसको शासनादेश के अनुसार अब घटाकर 1 एक प्रतिशत किया गया है और अधिकतम इस शुल्क की सीमा 10, 000 तक निर्धारण की गई अर्थात मालियत कितनी भी ज्यादा होने पर अब दाखिल खारिज में केवल दस हजार शुल्क देय होगा। इस बैठक में सभासदों में अजहर मसूद, जिया जुनैद, इमरान, आदित्य गौतम, मुईद, प्रीति, रतिराम, ऋषिपाल, अहिवरन, शैल कुमारी, नैना कुशवाहा सहित जेई कृष्ण कुमार यादव भी मौजूद रहे।

### सभासद को श्रद्धांजलि दी गई

नगर पालिका परिसर में वरिष्ठ सभासद लक्ष्मी कांत त्रिपाठी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ सभासद लक्ष्मी कांत त्रिपाठी बहुत मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी याद हमेशा आएगी।पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने भी वरिष्ठ सभासद को पुष्प अर्पित करते हुए उनकी मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया। स्वर्गीय सभासद के चित्र पर फूल मालाएं अर्पित करके सभासदों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# दहेज में अतिरिक्त मांग को लेकर पति सहित 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

दहेज में चार पहिया वाहन की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और विवाहिता को घर से निकालने की प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा बुजुर्ग की रहने वाली मोनी पत्नी रोहित कुमार पुत्री रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया हैं कि उसका विवाह 10 जुलाई 2024 को हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के ईसेपुर गांव निवासी रामसिंह के पुत्र रोहित के साथ हुआ था।पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर मुझे ससुराल विदा किया था।विवाह के बाद से ही पति रोहित कुमार, ससुर रामसिंह, सास महेश्वरी समेत पांच लोग अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि करीब ढाई माह पहले सभी आरोपियों ने विवाहिता को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा विवाहिता का आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि दोबारा घर आई तो जान से मार डालने की धमकी दी हैं तथा आरोपी विदा कराने से भी इंकार कर रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समय पांच लोगों के खिलाफ डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी की दर्ज की है। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि प्राथमिकी की दर्ज कर मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वीडियो कॉल पर पति से बात करते हुए विवाहिता ने लगाई फांसी

## मौत का लाइव दृश्य देख बदहवास हुआ पति, परिजनों को दी घटना की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बरगदवा/महराजगंज**

बरगदवां थाना क्षेत्र के ग्राम भगतपुरवां टोला डगरुपुर में सोमवार की शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। विदेश में रह रहे पति से विडियो कॉल पर बात करते हुए 27 वर्षीय विवाहिता तारा ने दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान पति ने मौत का पूरा दृश्य मोबाइल पर देखा, जिसके बाद उसने घबराकर परिजनों को सूचना दी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतका तारा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हरपुर ग्राम सभा के टोला धुमठवा निवासी राजन यादव से प्रेम विवाह के रूप में हुई थी।



दोनों का सात माह का एक पुत्र आयांश है। परिजनों के अनुसार, राजन यादव का पड़ोस की एक युवती से अवैध संबंध था, जिसको लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। 13 दिसंबर को राजन विदेश यानी सऊदी अरब कमाने चला गया था। विवाद बढ़ने पर तारा कुछ दिन पहले मायके आकर रहने लगी थी।

सोमवार शाम करीब छह बजे तारा अपने बच्चे को सुलाकर पति से विडियो कॉल पर बात कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पति के उकसाने पर उसने फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, सीओ नौतनवां अंकुर गौतम और थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ला फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मोबाइल फोन को कब्जे में लिया गया है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### लीलावती का उजड़ गया पूरा परिवार

तारा की मौत से उसकी मां लीलावती देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। छह वर्ष पूर्व सड़क हादसे में पति की मौत हो चुकी है। इकलौता बेटा आकाश एनडीपीएस एक्ट में जेल में बंद है, जबकि उसका 11 माह का बेटा बीमार होकर अस्पताल में भर्ती है। अब बेटी की आत्महत्या से परिवार पूरी तरह टूट गया है।

# गैंगस्टर की अवैध स्रोतों से अर्जित संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत एक शातिर अन्तर्जनपदीय अभियुक्त मो. परवेज की संपत्ति कुर्क करने का आदेश न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जनपद प्रतापगढ़ द्वारा दिया गया है। अभियुक्त प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना इलाके के हथिगन पुरवा गांव का निवासी है। अन्तर्जनपदीय अभियुक्त मो. परवेज थाना कोतवाली नगर का गैंगस्टर अभियुक्त है साथ ही उसके विरुद्ध प्रयागराज जिले के थानों में भी गैंगस्टर, गोवध, पशु क्रुरता अधिनियम, चोरी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम जैसे गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा पेशेवर एवं अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने हेतु ऐसे तत्वों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है । वर्तमान में जिनके विरुद्ध प्रमाणित रूप से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाई जा रही है, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें संपत्ति कुर्की, गिरफ्तारी, निरोधात्मक कार्रवाई एवं अन्य दंडात्मक प्रावधान शामिल हैं। उसी क्रम में अन्तर्जनपदीय अभियुक्त मो. परवेज के विरुद्ध कठोर कदम उठाते हुए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एक चार पहिया (बोलेरो) व दो दोपहिया (अपाचे व स्प्लेण्डर) कुर्क करने का आदेश जारी किया गया है। पुलिस के अनुसार अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि असामाजिक व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को कानून का भय बना रहे और आम नागरिक शांति व सुरक्षा के वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें । कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा है कि यदि उन्हें किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को सूचित करें।

# एएसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण अनुशासन एवं कार्यकुशलता पर जोर



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में मंगलवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अनुशासन, एकरूपता, फिटनेस एवं कार्यकुशलता पर विशेष बल देते हुए विभिन्न इकाइयों का समग्र निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान टोलीवार ड्रिल एवं शस्त्र अभ्यास कराया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, वर्दी की शुद्धता एवं परेड मानक के अनुरूपता का परीक्षण किया गया। एएसपी ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखते हुए उच्च स्तर की तत्परता से कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। रिक्रूट आरक्षियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर है। उन्होंने आरक्षियों को समय की पाबंदी, शारीरिक दक्षता, सत्यनिष्ठा, वर्दी की शुद्धता तथा जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा विभागीय अभिलेखों का अवलोकन भी किया गया तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार साय सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 6 जनवरी को महराजगंज आएंगे प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आगामी 6 जनवरी को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के प्रथम जनपद आगमन को लेकर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने की तथा संचालन जिला महामंत्री ओमप्रकाश पटेल ने किया। बैठक में स्वागत व्यवस्था, सुरक्षा, मंच संचालन, यातायात, मीडिया समन्वय और जनसंपर्क जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**■ कार्यक्रम संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन का बनेगा अवसर, ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी**

बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और ऊर्जा का स्रोत है। उनका स्वागत ऐतिहासिक होगा, जिसमें हर बूथ स्तर के कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि पंकज चौधरी का नेतृत्व संगठन को नई दिशा और मजबूती देगा। यह कार्यक्रम केवल औपचारिक नहीं बल्कि संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन का अवसर है। पूर्व जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल और पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने भी विचार रखते हुए दौरे को ऐतिहासिक व प्रेरणादायक बताया।

बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री कुरसेद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, जिला मंत्री आशुतोष शुक्ला, गौतम तिवारी, बैजनाथ पटेल, प्रदीप उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला मंत्री डॉ. फरीदा इरम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जिला महामंत्री ओमप्रकाश पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आठवीं के छात्र को गांव के बाहर बुलाकर मनबढ़ों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्कूल में एक पखवाड़ा पहले हुए विवाद को लेकर कुछ मनबढ़ों ने सोमवार की दोपहर में आठवीं के एक छात्र की गांव के बाहर बुलाकर पिटाई कर दी। मामला क्षेत्र के डुमरिया लाला गांव का है। आरोप है कि हमलावर 10-12 की संख्या में थे और गांव के बाहर बुलाकर वारदात को अंजाम दिए हैं। पीड़ित छात्र की मां ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

खुखुंदू क्षेत्र के डुमरिया लाला गांव निवासी रामबिहारी प्रसाद का बेटा रितेश कुमार उम्र 15 वर्ष बगल गांव के नारायनपुर में कक्षा आठवीं में पढ़ाई करता है। बताया जा रहा है कि एक पखवाड़ा पहले किसी बात को लेकर रितेश का दोस्तों से विवाद हो गया था। हालांकि इसके बाद मामला शांत भी हो गया था लेकिन सोमवार को रितेश के किसी दोस्त ने उसके मोबाइल फोन पर बात कर उसे गांव के बाहर सड़क पर मिलने के लिए बुलाया।

रितेश के वहां पहुंचते ही पहले से मौजूद 10-12 युवकों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और वह अभी कुछ समझ पाता तब तक एक युवक उसकी पिटाई करने लगा। गंभीर रूप से घायल होने पर रिश्ते शोर मचाने लगा। जिसपर आसपास के लोगों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया। मां सरीता देवी ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। एसओ दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि विवाद की जानकारी हुई है। आरोपियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस लगाई गई है।

# गायब मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिले

## एसपी सोमेंद्र मीना के निर्देशन में सर्विलांस टीम ने बरामद किये चोरी के 121 मोबाइल फोन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में जनपद महराजगंज की सर्विलांस सेल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी व गुम हुए कुल 121 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कुल कीमत करीब 26 लाख 33 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल पाने के बाद मोबाइल स्वामी बोले थैंक्स यू महराजगंज पुलिस।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बरामद सभी मोबाइल को उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए गए। लंबे समय से खोए अपने मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलकती नजर आई। उपरोक्त मोबाइल बरामदगी की कार्रवाई सर्विलांस सेल प्रभारी श्याम निवास राय के नेतृत्व में की गई, जिसमें तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग और सर्विलांस नेटवर्क का प्रभावी उपयोग किया गया। टीम की सतर्कता और तकनीकी दक्षता के चलते अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन खोज निकालने में सफलता मिली है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सर्विलांस टीम की सराहना करते हुए कहा कि महराजगंज पुलिस आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी निष्ठा व प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल चोरी या गुम होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना अथवा सर्विलांस सेल में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बताते चले कि महराजगंज पुलिस की यह कार्रवाई न केवल तकनीकी दक्षता का उदाहरण बनी है, बल्कि आमजन के बीच पुलिस के प्रति भरोसे को भी और मजबूत करती है। इस दौरान बरामदगी अभियान में शामिल सर्विलांस टीम के सदस्यों में श्याम निवास राय, आशीष सिंह, शिवानंद परमार, चंद्रशेखर यादव, राजकुमार राजभर, सुधीर कुमार यादव, सूरज गुप्ता एवं नीरज कुमार गौड़ शामिल रहे।

# डीएम ने गौशाला में अव्यवस्था मिलने पर जताई नाराजगी, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में मंगलवार को रंजीतपुर चिलबिला स्थित कान्हा गौशाला का डीएम शिवसहाय अवस्थी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौशाला में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, देखभाल एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने गौशाला परिसर की साफ-सफाई, गोवंशों के रख-रखाव, ठण्ड से बचाव हेतु किए गए प्रबंध, चारे-पानी की उपलब्धता तथा बीमार पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम ने गौशाला में मौजूद गोवंशों को दिए जा रहे चारे की गुणवत्ता की स्वयं जांच की और संबंधित कर्मियों से चारा भंडारण व वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी गोवंशों को समय पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण चारा उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी गौवंश उपचार कक्ष भी पहुंचे, जहां उन्होंने बीमार गोवंशों की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपचाराधीन सभी गोवंशों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक दवाइयों और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए ताकि बीमार पशु शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य अवस्था में आ सकें। गौशाला निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए निर्धारित सुविधाएं अपेक्षानुसार संतोषजनक न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं का मूल उद्देश्य निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। इस पुनीत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित कर्मचारी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ जनपदीय स्काउट-गाइड रैली का आगाज

**कुशीनगर।** उदित नारायण इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को 27वीं जनपदीय स्काउट गाइड रैली का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर स्काउट गाइड के प्रशिक्षुओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस रैली में माध्यमिक के 48 और बेसिक के 19 विद्यालयों के स्काउ गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं। तीन दिवसीय जनपदीय रैली का शुभारंभ सदर विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। सदर विधायक ने कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण विद्यार्थियों में अनुशासन, देश प्रेम और अभाव में जीवन जीने की कला सीखता है। इन कलाओं से पारंगत व्यक्ति देश के निर्माण में अपना योगदान देता है। इसलिए शिविर में मिली जानकारी को सभी प्रशिक्षु अपने जीवन में उतारने के साथ यहां मिली जानकारी अपने दोस्तों में भी साझा करें, ताकि मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। वीवीपैट वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा कर्मियों से उनकी समस्यायें जानी और निराकरण हेतु अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार राय को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे।

# कोचिंग संचालक समेत 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

फतनपुर थाना इलाके में एक कोचिंग संचालक पर दो युवकों को अपनी कोचिंग में बुलाकर पिटवाने का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है कि कोचिंग संचालक ने फोन करके बुलाया जहां पर पहले से ही घात लगाये बैठे हमलावरों ने उस पर हमला कर बेरहमी से पिटाई की।

मिली जानकारी के अनुसार फतनपुर थाना इलाके के गौरा पूरेबदल (चन्द्रौटा) गांव निवासी हर्षित तिवारी ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा है कि बीते सोमवार को शाम पौने पांच बजे थाना इलाके के ही रामापुर के कोचिंग संचालक (काब्या इंस्टयूट) मनीष श्रीवास्तव ने मेरे साथी प्रियांशु तिवारी के मोबाइल पर फोन करके बुलाया बोले की कोचिंग पर आ जाओ कुछ बात करनी है। हम दोनो साथी कोचिंग संचालक के पास पहुंचे। आरोप है कि वहाँ पहले से ही घात लगाये बैठे शनी सरोज, लालू गुप्त, हर्षित, सत्यम यादव, आलोक व मनोज सरोज अपने आठ अज्ञात साथियो के साथ हमलावर हो गए। माँ- बहन की भद्दी- भद्दी गालियाँ देते हुए लोहे की राड व धारदार हथियार से हमला कर दिये जिससे मुझको गम्भीर चोटें आयी और गिरकर बेहोश हो गया। हर्षित का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी मोबाइल को तोड़ दिये और उसके साथी प्रियांशु को भी मारे और खुलेआम बोले कि इस बार तो बच गये दोबारा प्राण नही बचेगा। पीड़ित का आरोप है कि पूरा घटनाक्रम कोचिंग संचालक मनीष श्रीवास्तव के इशारे पर हुआ। पुलिस ने हर्षित तिवारी की तहरीर के आधार पर शनि सरोज, लालू गुप्ता, हर्षित, सत्यम यादव, मनोज सरोज, आलोक व मनीष श्रीवास्तव समेत आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# फैमिली आईडी से सरकारी योजनाओं का लाभ होगा आसान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

प्रदेश के सभी परिवारों को एक पहचान देने के उद्देश्य से फैमिली आईडी (एक परिवार-एक पहचान योजना) लागू की जा रही है। सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के माध्यम से ऐसे परिवारों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा, जो अभी तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना या अन्य योजनाओं से आच्छादित नहीं हैं। सीडीओ ने बताया कि प्रदेश में करीब 3.5 करोड़ परिवार निवास करते हैं, जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत करीब 14.92 करोड़ लोग ही शामिल हैं, ऐसे में जो परिवार राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं। उनके लिए फैमिली आईडी बनवाने की सुविधा दी गई है। फैमिली आईडी के जरिए भविष्य में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना सरल होगा। आवेदन के लिए सभी सदस्यों का आधार कार्ड व मोबाइल से लिंक होना जरूरी है। सत्यापन के बाद फैमिली आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। सीडीओ ने पात्र परिवारों से शीघ्र आवेदन करने की अपील की है।

# श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह व गोवर्धन का प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



प्रतापगढ़ जनपद के विकास खंड मंगरौरा के परशुरामपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को कथावाचक डॉ. संजय कृष्ण व्यास महाराज ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी को लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। इस दौरान गोवर्धन प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि एक बार ब्रज में बहुत अधिक वर्षा होने के कारण सभी ग्रामवासी परेशान हो गए थे। तब भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया था। पर्वत के नीचे सभी बृजवासी, पशु-पक्षी जीवन की रक्षा हेतु शरण में आ गए थे। उसके बाद से ही गोवर्धन पूजा की परंपरा की शुरूआत हुई। कथा व्यास ने बताया कि कलयुग में गिरिराज जी की पूजा का बड़ा महत्व है। श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इस अवसर पर, जयप्रकाश उर्फ बादशाह शुक्ला, आन्नद मोहन, संदीप कुमार, छेदीलाल, सूरज मोहन, आजाद दूबे, द्वारिका प्रसाद, रोहित मिश्रा समेत क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बैंकों को सख्त संदेश लंबित ऋण तुरंत करें स्वीकृत

## डीएम की अध्यक्षता में डीसीसी-डीएलआरसी बैठक, नाबार्ड की क्रेडिट प्लान बुकलेट का विमोचन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (DCC) एवं जिला स्तरीय बैंकर्स समिति (DLRC) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नाबार्ड की पोटेंशियल लिंकेज क्रेडिट प्लान बुकलेट का विमोचन किया।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की बैंकवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर आवेदन लंबित न रहें। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण (डिस्बर्समेंट) की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकें।

पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने इसे शासन की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इस योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं है और इसमें विशेष प्रयास की आवश्यकता है। वहीं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए स्ट्रीट वेंडरों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बैंक एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। ऋण-जमा अनुपात (CD Ratio) पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसमें वृद्धि लाने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से यूनियन बैंक और स्टेट बैंक को अपने ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत सभी बैंकों की शाखाओं और एटीएम की समीक्षा के साथ-साथ बैंक मित्रों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय समावेशन सुदृढ़ीकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा स्वयं सहायता समूह, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एनआरएलएम, फसल बीमा योजना, पीएम सूर्य घर योजना सहित सभी सरकार प्रायोजित योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए बैंक एवं विभागीय समन्वय से कार्य करने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में कृषि ऋण वितरण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं फसल बीमा योजना के अंतर्गत बैंक एवं शाखा प्रबंधक पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें। साथ ही कृषि विभाग को भी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अग्रणी जिला प्रबंधक अभय प्रकाश श्रीवास्तव, डीडीएम नाबार्ड, वित्तीय सलाहकार रामअवध यादव, निदेशक आरसेटी कमलेश यादव, जिला समन्वयक यूनियन बैंक गौरव कुमार सहित जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर 11 दिन बाद कब्र से निकाला गया शव, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



स्थानीय थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी के आदेश पर 11 दिन बाद एक युवक का शव कब्र से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान शेखपुर गांव निवासी अबूजर (24) पुत्र स्वर्गीय शकील अहमद के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 19 दिसम्बर को अबूजर की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से मौत हो गई थी। उस समय आसपास के लोगों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। घटना के वक्त मृतक की पत्नी आलिया गुजरात में थी। आलिया बरसठी थाना क्षेत्र के तेलियानी गांव की रहने वाली हैं।

सूचना मिलने पर घर पहुंची मृतक की पत्नी ने के पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पति की हत्या की आशंका जताई। उन्होंने मांग किया कि मौत की सच्चाई सामने लाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी के आदेश पर नामित अधिकारी उपजिलाधिकारी नवीन कुमार की मौजूदगी में शेखपुर गांव के कब्रिस्तान से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दौरान मौके पर क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं परमानन्द कुशवाहा, थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी, चौकी प्रभारी सुग्रीव प्रसाद गुप्ता सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। ग्राम प्रधान राशीद अली भी मौके पर मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं ने बताया कि मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसकी गैरमौजूदगी में मामा सहित अन्य रिश्तेदारों द्वारा शव को दफन कर दिया गया जिससे हत्या की आशंका है।

जिलाधिकारी के आदेश पर शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# ब्राम्हण समाज के खिलाफ टिप्पणी पर विरोध, डीएम-एसपी से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन द्वारा ब्राम्हण समाज के विरुद्ध की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर जनपद में आक्रोश फैल गया है। मंगलवार को राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशान्त पाण्डेय व जिलाध्यक्ष नवीन दूबे के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और ब्राम्हण समाज के लोग कोतवाली पहुंचे। वहां उन्होंने आर.के. आरतियन के खिलाफ लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

कोतवाली प्रभारी ने लोगों को आश्वस्त किया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी और शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान ब्राम्हण समाज के अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय 'शिबलू' ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व जनपद का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा के जिला महामंत्री संजय कुमार शुक्ल, धीरेन्द्र पाण्डेय 'लल्लू', अंकित त्रिपाठी, अशोक मिश्र, विकास उपाध्याय सहित अन्य वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो ब्राम्हण समाज आंदोलन को बाध्य होगा।

वहीं सवर्ण आर्मी अध्यक्ष अनिल मिश्र, विश्व हिन्दू महासंघ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, करणी सेना के पूर्वांचल प्रवक्ता रोलू सिंह, जिलाध्यक्ष राम कुमार सिंह श्रीनेत सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने भी समर्थन जताते हुए कहा कि ब्राम्हण समाज का अपमान किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान देवी दयाल पाण्डेय, रवि शुक्ल, उपेन्द्र शुक्ल, अजय पाण्डेय, अतुल पाण्डेय 'मोनू', राहुल शुक्ल, सौरभ दूबे, विवेक मिश्र, उदय पाण्डेय, प्रियांक शुक्ल, राजन तिवारी, आकाश पाण्डेय, अर्चित तिवारी, सचिन पाण्डेय, दिनेश तिवारी, विपिन शुक्ल, शिवम तिवारी, सुन्दरम शुक्ल, सुधांशु त्रिपाठी, संतोष शुक्ल, अनिल पाण्डेय, सुधांशु पाठक, उत्कर्ष शुक्ल, राम कृष्ण, मोनू दूबे, शानू पाठक, नितिन मिश्र, अमरेश पाण्डेय, सच्चिदा पाण्डेय, विकास तिवारी, रमन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन नवीन कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण

## गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया जोर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने गुरुवार को निर्माणाधीन नवीन कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवसंरचना मॉडल का अवलोकन करते हुए महिला बैरक, पुरुष बैरक एवं हाई सिक्योरिटी बैरक सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से संवाद स्थापित किया और शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंबल वितरित किए। उन्होंने श्रमिकों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यदायी संस्था के एक्सईएन द्वारा आश्वस्त किया गया है कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।

साथ ही उन्होंने श्रमिकों के हितों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कंबल, अलाव, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।

इस अवसर पर एक्सईएन, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जौनपुर में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान तेज

## महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक, संदिग्ध व्यक्तियों को दी गई सख्त हिदायत

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी**

- 1090 – महिला पावर लाइन
- 181 – महिला हेल्पलाइन (आपातकालीन सहायता)
- 112 – आपातकालीन सेवा (पुलिस/फायर/एम्बुलेंस)
- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
- 1098 – चाइल्ड लाइन
- 108 – एम्बुलेंस सेवा
- 102 – स्वास्थ्य सेवा
- 1930 – साइबर क्राइम हेल्पलाइन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिस टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, बाजारों, चौराहों एवं गांवों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इस दौरान महिला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों को चेतावनी देते हुए कानून का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी गई।

### नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन पर जोर

अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं से अपील की गई कि वे सजग रहें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लें।

### छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी अभियान के दौरान छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी

घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनी प्रावधान,साइबर अपराधों से बचाव के उपाय शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से समझाया गया।

### मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका

महिला पुलिस द्वारा बताया गया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र सक्रिय हैं, जहाँ महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

पुलिस प्रशासन ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी समस्या या असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक संबंधित हेल्पलाइन या नजदीकी थाना/मिशन शक्ति केंद्र से संपर्क करें।

### जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जनपद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई के दौरान दूरसंचार माध्यम से संबंधित थाना प्रभारियों व अधिकारियों से वार्ता कर मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि किसी भी फरियादी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और शिकायतों का निष्पक्ष व प्रभावी तरीके से निस्तारण किया जाएगा। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

# एनएसयूआई नेता का हाउस अरेस्ट

## छात्र विरोध से घबराई सरकार पर तानाशाही के आरोप

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एबीवीपी अधिवेशन का विरोध, शांतिपूर्ण आंदोलन पर प्रशासन की सख्ती

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी द्वारा कराए जा रहे अधिवेशन के विरोध में एनएसयूआई के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन को लेकर सियासत गरमा गई है। एनएसयूआई जौनपुर के शहर अध्यक्ष अमन सिन्हा को विरोध दर्ज कराने पर पुलिस प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने से छात्र संगठनों में आक्रोश फैल गया है। एनएसयूआई ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला हनन बताते हुए बीजेपी सरकार और प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि छात्र आंदोलन की बढ़ती आवाज़ से घबराकर सरकार दमन के रास्ते पर उतर आई है।

### हाउस अरेस्ट के बाद अमन सिन्हा ने कहा

हाउस अरेस्ट से हमारी आवाज़ दबने वाली नहीं है। एनएसयूआई छात्र हितों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। तानाशाही सरकार के खिलाफ हमारा संघर्ष और तेज़ होगा। एनएसयूआई जौनपुर इकाई ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयों को राजनीतिक अखाड़ा बनाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने कहा कि छात्र अधिकारों पर किसी भी प्रकार का हमला सीधे तौर पर लोकतंत्र पर हमला है। एनएसयूआई ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए छात्र हितों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# भट्टे के पास से अवैध खनन रोकने की मांग



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

नगर पंचायत गनेशपुर के मोती सिराघाट अर्श भट्टे के पास कई दिनों से अवैध खनन जारी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि अवैध खनन को रोका जाए। ग्रामीणों ने अवैध खनन की सूचना मोबाइल द्वारा एसडीएम सदर, आरटीओ ,112 नंबर व वाल्टरगंज थाने को दिया गया लेकिन उनका कहना है कि मौके पर कोई नही आया और खनन जारी है। सभासद शिव नारायन चौधरी ने बताया कि सिराघाट अर्श भट्टे के पास अवैध खनन से संकट बढ जायेगा। भाजपा नेता अर्जुन चौधरी ने कहा कि यदि अवैध खनन न रोका गया तो स्थानीय स्तर पर लोगों को एकजुट कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। क्षेत्रीय नागरिक रविन्द्र मिश्रा, गजेन्द्र चौधरी, जलंदर आदि ने मांग किया है कि व्यापक जनहित में अवैध खनन को तत्काल प्रभाव से रोका जाय।

# पति की हत्या के मामले में साजिशकर्ता को बचाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया। तहसील अंतर्गत गौर थाना क्षेत्र के बेलवरिया जंगल गांव में महिला ने अपने पति की हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता को बचाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थनापत्र में पीड़िता मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय धर्मेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके पति की हत्या 19 दिसंबर 2025 की रात करीब 8 बजे जमीन रंजिश के चलते की गई थी।

पीड़िता के अनुसार, रोज़ की तरह उनके पति आटा चक्की पर सोने के लिए जा रहे थे, तभी चक्की से कुछ दूरी पहले आरोपियों ने सिर पर लगातार वार कर निर्मम हत्या कर दी। इस मामले में पहले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।



पीड़िता मंजू देवी बच्चों के साथ एसपी आफिस गेट पर

जिसके बाद पुलिस ने जांच के उपरांत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

हालांकि पीड़िता का आरोप है कि इस हत्या का मुख्य साजिशकर्ता राजेन्द्र कुमार निवासी बेलवरिया जंगल को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। जबकि उसकी भूमिका अहम रही है। आरोप है कि घटना के बाद पोस्टमार्टम के समय मृतक की बड़ी बेटी, पत्नी और अन्य परिजनों ने पुलिस के सामने लिखित व मौखिक बयान दिए थे, लेकिन दो दिन बाद आरोपित को छोड़ दिया गया।



पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान में विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक पर साजिशकर्ता को बचाने का दबाव है और आरोपी का थाने में आना-जाना बना हुआ है। इतना ही नहीं, आरोपी पक्ष द्वारा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है और जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं, जिससे वह अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ घर से बाहर निकलने में असमर्थ है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मुख्य साजिशकर्ता को भी अभियुक्त बनाया जाए तथा विवेचना किसी अन्य थाने से कराई जाए, ताकि उन्हें और उनके बच्चों को न्याय मिल सके।

# बरेली से नवी मुंबई तक होगी फ्लाइट, साल के अंत तक दो और नई उड़ानें शुरू करने का दावा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

घरेलू उड़ान में ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में बरेली एयरपोर्ट को प्रदेश में पहली और देश में सातवीं रैंक मिलने के बाद नई उड़ानों की उम्मीदें जग गई हैं। मार्च के अंत तक बरेली-नवी मुंबई के बीच उड़ान शुरू करने के लिए कवायद तेज हो गई है। इस उड़ान के लिए नवी मुंबई एयरपोर्ट पर स्लॉट और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिल गया है।

जेवर एयरपोर्ट शुरू होने के बाद बरेली-दिल्ली और बरेली-मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू करने का दावा है। बरेली एयरपोर्ट से फिलहाल सप्ताह में चार दिन मुंबई और तीन दिन बंगलूरू के लिए उड़ान है। बंगलूरू के लिए कोई ट्रेन नहीं है। मुंबई के लिए अप-डाउन छह ट्रेन हैं, लेकिन यात्रियों के दबाव के कारण



यह नो रूम रहती हैं। ऐसे में लोगों के पास हवाई यात्रा का ही विकल्प बचता है।

दोनों हवाई रूटों पर यात्रियों के दबाव के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने 180 सीटर एयरक्राफ्ट के स्थान पर 232 सीटर एयर बस ए-321 की उड़ान शुरू की है। अब तक बरेली-अंधेरी एयरपोर्ट के बीच उड़ान होती है। मार्च के अंत तक बरेली-नवी मुंबई एयरपोर्ट के बीच भी उड़ान शुरू हो जाएगी।

इसके अलावा-बरेली कुशीनगर की उड़ान को लेकर भी औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। दिल्ली और लखनऊ के लिए उड़ान का खाका भी तैयार कर लिया गया है। इस उड़ान के लिए जेट एयरविंग्स से अनुबंध की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह उड़ान बरेली-लखनऊ-दिल्ली के बीच होगी।

### 10 उड़ानें निरस्त होने के बाद भी ग्राहक संतुष्टि पर असर नहीं

दिसंबर माह में बरेली-बंगलूरू और बरेली-मुंबई के बीच कोहरा व अन्य तकनीकी कारणों से 10 उड़ानों को निरस्त भी किया गया। इसके बावजूद ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में बरेली एयरपोर्ट को प्रदेश में पहली और देश में सातवीं रैंक मिली है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने यह सर्वे जुलाई से दिसंबर के बीच कराया है।

एयरपोर्ट के विस्तार का काम भी तेज 23.55 एकड़ भूमि पर एयरपोर्ट के विस्तार का काम भी तेज हो गया है। भूमि अधिग्रहण का काम सितंबर में ही पूरा हो चुका है। वायु सेना और सरकारी भूमि का भी सिविल एन्क्लेव के लिए हस्तांतरण कर दिया गया है। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल बनाने समेत अन्य काम मार्च 2027 तक पूरे किए जाने हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सिविल एन्क्लेव बरेली के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि बरेली-नवी मुंबई की उड़ान शुरू करने के लिए एनओसी और स्लॉट मिल चुके हैं। मार्च के अंत तक उड़ान शुरू करने की तैयारी है। दिल्ली-लखनऊ के बीच उड़ान के लिए जेवर एयरपोर्ट पर स्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 2026 में नई उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

# नगर पालिका परिषद की भ्रष्ट कार्यशैली से शहरवासी त्रस्त

■ शहरवासियों की समस्याओं को नजरंदाज करने में माहिर नगर पालिका परिषद लखीमपुर

जन एक्सप्रेस। सुनहरा




लखीमपुर खीरी। भीषण ठंड के बाद भी पर्याप्त मात्रा में आलाव न जलवाना नगर पालिका परिषद लखीमपुर की भ्रष्ट कार्यशैली को दर्शाता है जैसा की नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए डिवाइडर पर लगाएं गये जाल जो इस्लामिया इंटर कालेज के पास खुले न होने को लेकर आस पास के दुकानदारों ने बच्चों को घूम फिर के कालेज आने की दिक्कतों को लेकर जिला अधिकारी लखीमपुर-खीरी को ज्ञापन दिए काफी दिन हो गए परंतु लोगों को न्याय नहीं मिला बताते चलें इस्लामिया इंटर कालेज में लगभग 1 हजार बच्चे पढ़ाई करते जिनको कालेज जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ज्यादातर छात्र जाल कूदकर विद्यालय जाते हैं। लेकिन नगर पालिका लखीमपुर द्वारा हर रोड पर आइड साइड रोड होने पर जाल खोल दिया लेकिन इस्लामिया इंटर कालेज से नगर पालिका परिषद को क्या बैर था जो जाल नहीं खोला गया बच्चों के भविष्य का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव एवं अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के द्वारा जरा सा भी न सोचा गया न सोचा जा रहा है जो जांच का विषय है। सिर्फ विकास के नाम पर धन उगाही का खेल जारी है जिसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्षा एवं अधिशासी अधिकारी संजय कुमार की जुगलबंदी के आगे नगर पालिका परिषद लखीमपुर का बेड़ा गर्ग करने पर तुले हैं।पूरे शहर में सड़कों की हालात बद से बद्तर पूरे शहर में कहीं भी रोड पूर्णयता स्वच्छ नहीं है जगह-जगह पर खराब है। अगर आन लाइन शिकायत की जाती किसी मामले को लेकर तो आन लाइन शिकायत का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया जाता है लेकिन नगर पालिका परिषद लखीमपुर इसके विपरित चलते हुए होता यह है शिकायतकर्ता के पास फ़ोन किया जाता जानकारी के लिए उसके बाद नगर पालिका परिषद में परिक्रमा करने वाले व्यक्ति से शिकायत कर्ता के पास फोन भी कराया जाता है परिक्रमा करने वाला शिकायत कर्ता के फोन करके काट देता है फिर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी से कहता चिंता न करो हम कह देंगे कोई बात नही होगी अपनी जड़ें जमाकर परिक्रमा करने वाले नगरपालिका कर्मचारियों को गुमराह कर रहे है।जिस कारण कर्मचारी आन लाइन शिकायतों को गंभीरता को नहीं समझता और समय सीमा समाप्त होने के बाद भी शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जाता जो जांच का विषय है किसी के कहने पर शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से न लेना नगर पालिका परिषद के कार्चारी की गले की हड्डी न बन जाए इस बात से बेखबर आन लाइन शिकायत की गंभीरता को समझना होगा जो जानकारी मांगी जाए उसको शिकायतकर्ता को तय समय-सीमा पर दे नगर पालिका परिषद लखीमपुर की जिम्मेदारी है परंतु अपने दायित्व को न समझना और जवाब न देने की जवाबदेही नगर पालिका परिषद की बनती है रात में सड़क बने सुबह शिकायत करने पर डीएम के निरीक्षण में रोड निर्माण फेल मानकों के विपरित यही हर जगह खेल विकास के नाम पर लूट नगर पालिका परिषद लखीमपुर की दिनचर्या में शामिल हो गया लगातार खबरे प्रकाशित होना इस्लामिया इंटर कालेज के सामने रास्ता न खुलना आनलाइन शिकायतों का निस्तारण न कर नगर पालिका परिषद अपनी हठधर्मिता को दर्शाता है।

## कांग्रेस भवन पर शोक सभा सम्पन्न हुई



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी-लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में कांग्रेस जन की एक शोक सभा, जिला कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। जिसमें उर्मिला वर्मा धर्मपत्नी प्रहलाद पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के आकस्मिक निधन पर शोक एवं संवेदना व्यक्त की गई।प्रहलाद पटेल व उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर प्रदान करें। शोक सभा में सम्मिलित जनाब इरफान अहमद किदवई साहब पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस लखीमपुर खीरी, डाक्टर रईस अहमद उस्मानी मुख्य संगठन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष/प्रवक्ता जिला कांग्रेस लखीमपुर खीरी अब्दुल कयूम उस्मानी, पंकज कुमार शुक्ल, सरोजिनी अवस्थी, कोमल सिंह, चंद्र प्रभा अवस्थी, कमलजीत सिंह, राजेंद्र गुप्ता महासचिव, अमित श्रीवास्तव, कृष्ण वर्मा, नूर मोहम्मद, पंकज बाजपेई, श्याम सिंह, नवाज खान, रवि तिवारी, राजेंद्र अवस्थी, दीपू सिंह, अब्दुल खालिद, सलीम अहमद खान, जावेद अली खान, रामकुमार मिश्र, जाहिद खान, गुलफाम अंसारी, रामपाल शाक्य महासचिव जिला कार्यालय सचिव, अंजुम कद्र उस्मानी, आदि कांग्रेस जन उपस्थित उपस्थित रहे।

# नववर्ष 2026 का कैलेंडर-गणितीय पुनरावृति का अद्भुत संयोग

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



नववर्ष 2026 की दस्तक के साथ ही गणित की दुनिया से जुड़ा एक दिलचस्प और दुर्लभ संयोग इसके कैलेंडर में देखने को आया है। कैलेंडर की संरचना पर आधारित यह संयोग न केवल जिज्ञासा पैदा करता है, बल्कि इसके पीछे छिपी वैज्ञानिक प्रक्रिया को भी उतना ही रोचक बनाता है। लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर शाखा के गणित शिक्षक अतुल सक्सेना के अनुसार वर्ष 2026 का कैलेंडर एक विशेष गणितीय चक्र का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत और समाप्ति दोनों ही गुरुवार के दिन होती हैं।उन्होंने अपने विस्तृत अध्ययन और स्वनिर्मित 'सैकड़ों वर्षों की अंक-कोड सारिणी' के आधार पर उन्होंने बताया कि 21वीं सदी में ऐसा कैलेंडर कुल 11 बार दोहराया जाएगा। वर्ष 2009 और 2015 में यह संयोग पहले भी देखा जा चुका है, जबकि वर्ष 2026 इसका तीसरा उदाहरण होगा। आने वाले वर्षों 2037, 2043, 2054, 2065, 2071, 2082, 2093 और 2099 में भी बिल्कुल यही कैलेंडर दोबारा देखने को मिलेगा। यदि पिछली शताब्दी पर नजर डालें तो 1903, 1914, 1925, 1931, 1942, 1953, 1959, 1970, 1981, 1987 तथा 1998 मे भी यह संयोग ठीक 11 बार घटित हुआ था। अतुल सक्सेना बताया कि कैलेंडर की यह पुनरावृत्ति किसी चमत्कार का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह एक सामान्य और वैज्ञानिक प्रक्रिया है। सामान्य वर्षों में कैलेंडर प्रायः 6, 11 और 11 वर्षों के अंतराल पर खुद को दोहराता है, जबकि लीप वर्ष के मामले में यह अंतराल 28 वर्षों का होता है। यही कारण है कि एक ही सदी मे कैलेंडर निश्चित अंतराल पर दोबारा सामने आते रहते हैं। शताब्दी वर्ष यदि लीप वर्ष नहीं है तो यह पुनः नया क्रम बनाते है। गणितीय गणनाओं को आमजन के लिए सरल और रोचक बनाने के उद्देश्य से उन्होंने 'जुबानी कैलेंडर' की एक पद्धति भी प्रस्तुत की है। इस विधि की मदद से बिना कैलेंडर देखे किसी भी तारीख का दिन आसानी से जाना जा सकता है। वर्ष 2026 के जुबानी कैलेंडर के अनुसार जनवरी से दिसम्बर तक माह-अंक कोड क्रमशः 3, 6, 6, 2, 4, 0, 2, 5, 1, 3, 6, 1 निर्धारित हैं। किसी भी तिथि के दिन को जानने के लिए उदाहरण स्वरूप, 26 जनवरी 2026 के लिए 26 में माह-अंक कोड 3 जोड़ने पर योग 29 आता है, जिसे 7 से भाग देने पर शेषफल 1 प्राप्त होता है, जो सोमवार का संकेत देता है। शेषांक या दिन के कोड क्रमशः शून्य से 6 तक क्रमशः रविवार से शनिवार तक के लिए होते हैं। 1 अप्रैल 2026 के लिए 1 में माहअंक कोड 2 जोड़ने पर योग 3 आता है, जो 7 से कम होने पर सीधे बुधवार को दर्शाता है। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि सामान्य वर्ष में जनवरी और अक्टूबर, फरवरी-मार्च-नवंबर जैसे महीनों की तिथियों पर पड़ने वाले दिन हमेशा समान होते हैं। सामान्य वर्ष के कैलेंडर कुल सात प्रकार के होते हैं। लीप वर्ष के कैलेंडर भी कुल सात प्रकार के ही होते हैं। एक सामान्य वर्ष में 365 दिन होते हैं, जिसमें 52 सप्ताह एवं एक दिन अतिरिक्त होता है। इसलिए जो लीप वर्ष नहीं है, उनमें 1 जनवरी का दिन वही होता है, जो 31 दिसंबर का दिन होता है। अतुल सक्सेना का यह अध्ययन न केवल कैलेंडर की संरचना को वैज्ञानिक आधार देता है, बल्कि छात्रों और गणित प्रेमियों के लिए गणनाओं को सरल, व्यावहारिक और रुचिकर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हो रहा है।

# बकाया वसूली न होने पर गांव कटी बिजली

## नियमित उपभोक्ता भी प्रभावित, भाजपा नेता ने लगाया पक्षपात का आरोप

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी



पसगवां विकास खंड की ग्राम पंचायत चौबियापुर में बिजली विभाग ने पूरे गांव की बिजली आपूर्ति काट दी है। विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई बकाया बिलों की वसूली न होने के कारण की गई है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली गुल होने से चौबियापुर के ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे मोमबत्ती व टॉर्च की रोशनी में रातें गुजार रहे हैं, वहीं पशुओं की देखभाल और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सर्दी के मौसम में यह कटौती उनकी परेशानी और बढ़ा रही है। नियमित बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं में मनोज गुप्ता, रविकांत शर्मा, सुधीर कुमार, सुशीला देवी और सुधा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनके बिल नियमित रूप से जमा हैं, ऐसे में पूरे गांव की बिजली काटना अनुचित है। उन्होंने मांग की कि जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया नहीं हैं, उनकी बिजली बहाल की जाए और केवल बकायेदारों को नोटिस देकर उनके कनेक्शन काटे जाएं।

गांव के भाजपा नेता योगेश अवस्थी ने बिजली विभाग पर पक्षपात का आरोप लगाया है। अवस्थी का कहना है कि वे अपने बिजली बिल का भुगतान हमेशा समय पर करते हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता शुभम को व्हाट्सएप पर भुगतान की रसीद भेजी और फोन पर भी जानकारी दी, जिस पर अधिकारी संतुष्ट दिखे। हालांकि, अधिशासी अभियंता ने अन्य बकायेदारों का हवाला देते हुए पूरे गांव की बिजली बहाल करने से इनकार कर दिया। अवस्थी ने चेतावनी दी है कि नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को इस तरह की सामूहिक सजा देना गलत है।

मोहम्मदी बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता शुभम ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि योगेश अवस्थी अपने बिल भुगतान की रसीद दिखाते हैं, तो वे पूरे गांव की बिजली तुरंत जुड़वा देंगे। इस बयान से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है, लेकिन वे अन्य बकायेदारों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह घटना स्थानीय स्तर पर बिजली वसूली प्रणाली की खामियों को उजागर करती है, जहां नियमित उपभोक्ता भी प्रभावित हो रहे हैं। रविकांत, सर्वेश कुमार और सुधीर कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र बिजली बहाली की मांग दोहराई है।

# विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




नवाबगंज ब्लाक के गौरा कठेरवा में अल्ट्राटेक सीमेंट एवं श्री राम मूर्ति स्मारक हॉस्पिटल के आपसी सहयोग से अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रांगण में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई।इस अवसर पर प्लांट के यूनिट हेड पी.के.धाकड़, मैनेजर श्री संजीव श्रीवास्तव, दीक्षा बर्गे, भावेश सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं हॉस्पिटल की ओर से दिवेश पांडे, अनिल, स्वाति मिश्रा एवं डॉ. दीपशिखा ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर शिविर को सफल बनाया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ आसपास के ग्रामीणों, प्लांट के श्रमिकों तथा आमजन ने बड़ी संख्या में उठाया। शिविर के दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। यह आयोजन अल्ट्राटेक सीमेंट की सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कंपनी के निरंतर प्रयासों का एक सराहनीय उदाहरण है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि कंपनी और समुदाय के बीच मजबूत एवं सकारात्मक संबंध भी स्थापित होते हैं।

# बदलते मौसम मे आयुर्वेद की दवाइयो से ऐलर्जी से होने बाली बीमारियो को मात

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला तहसील क्षेत्र के गांव जडौरा मे स्थित राजकीय आयुर्वेद अस्पताल के चिकित्सक डा हरि शंकर वर्मा ने बताया कि इस समय सर्दी का मौसम चल रहा है जडौरा मे लगभग पचास मरीजो की ओपीडी होती है। लेकिन पचास मरीजो मे लगभग 40 मरीजो की संख्या मे खांसी जूकाम, दमा अस्थमा, बुखार आदि के मरीज अस्पताल पहुंचकर दवाये ले रहे है। इस दौरान आये हुये मरीजो से डाक्टर हरिशंकर वर्मा ने बताया कि इस बदलते मौसम मे मरीजो को फुल कपडे पहनने के साथ साथ गर्म पानी पीने की सलाह दी जाती है, हलाकि ऐलर्जी के चलते जडौरा अस्पताल मे दवाये पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है।लेकिन खांसी व ऐलर्जी मे घरेलू नुस्खा जैसे गरम पानी मे नमक डालकर गरारा करे व पिये भी,शहद व हल्दी अदरक की मात्रा अपने खाने मे बढाये।

और समय समय पर अपना चेकप आदि कराते रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## जनपद ने जीती जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। जिला स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीएसए कार्यालय के पास स्थित रिसोर्स सेंटर में हुई इस प्रतियोगिता में जिले के 15 विकासखंडों से 30 रसोइयों ने भाग लिया।ईसानगर ब्लॉक ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता और प्रस्तुति को बेहतर बनाना था। इसमें रमिया बेहड़, पसगवां, निघासन, मोहम्मदी, पलिया, धौरहरा, ईसानगर और बिजुआ सहित अन्य ब्लॉकों के विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। निर्णायक मंडल ने स्वाद, स्वच्छता, पोषण और प्रस्तुति के आधार पर सभी रसोइयों का मूल्यांकन किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3500 रुपये, 2500 रुपये और 1500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी रसोइयों को 650 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बिलहरी क्षेत्र मे बाघ की आहट के चलते बराबर गस्त कर रहे वनकर्मी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। महेशपुर रेज के अंतर्गत बीलहरी बीट के गांव कोटखेरबा गांव मे दो दिन पूर्व नीलमदेवी पत्नी रूप नारायण की खेत मे चर रही बकरी को उठाकर ले गया था। जिसके पश्चात वनकर्मियो ने मौका मुआयना कर बाघ की पुस्टि के चलते बिलहरी के वन चौकी इंचार्ज विजय सिंह के साथ बाचर रोहित सिह, बाघमित्र सचिव वर्मा, व अरविंद कश्यप ने कोटखेरबा के आस पास के गांव घरधनिया,मूडा जवाहर, कपरहा देवकली, कोटबारा, पिपरिया,बगमरा सहित लगभग ऐक दर्जन गावो का दौरा कर बाघ से सचेत कर रहे है। और अकेले खेतो मे जाने से मनाही की जा रही है।

## सड़क पर गिरकर अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक व्यक्ति की सड़क पर गिरकर मौत हो गई। लोनपुरवा गांव निवासी बबलू (45) पुत्र राजाराम शुक्रवार को नीमगांव कस्बे की बाजार जा रहे थे, तभी किसान इंटर कॉलेज के सामने अचानक गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों के अनुसार, बबलू कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वह किसी काम से बाजार जा रहे थे जब यह घटना हुई। पुलिस ने मौत के स्पष्ट कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया किसी प्रकार का आपराधिक आरोप प्रतीत नहीं होता है।

## 63वा कृषक समाज प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। 63 वा कृषक समाज प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट फाइनल मैच के शुभारंभ के पाँचवा दिवस के मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह भंडारी पूर्व ओलंपियन प्रबंधक पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, नारायण लाल वर्मा, डा.लखपति राम वर्मा, विनोद चंद्र मिश्रा, श्याम मूर्ति शुक्ला कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज टूर्नामेंट के संयोजन मंत्री लखपत भारती ने टीम का परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया। आज का फाइनल मैच ध्यान चंद क्लब गोला व स्टार इलेविन बलरामपुर के मध्य प्रारंभ हुआ 4 वें मिनट में बलरामपुर के खिलाड़ी विनय ने फील्ड गोल किया 9 वें मिनट में गोला के खिलाड़ी हरमंदीप सिंह पेनल्टी कार्नर के द्वारा गोल किया 35 मिनट में बलरामपुर के खिलाड़ी कुनाल ने फील्ड गोल किया 38 मिनट में बलरामपुर के खिलाड़ी बजरंगी ने पेनल्टी कार्नर के द्वारा गोल किया 45 मिनट में गोला के खिलाड़ी हरमंदीप सिंह ने पेनल्टी कार्नर के द्वारा गोल किया। बलरामपुर 3-2 से विजय रही अंपायर रवि शंकर मिश्र, बृजेश यादव सहसंयोजक मंत्री अशोक कुमार वर्मा मीडिया प्रभारी डॉ.अनिल कुमार, अरुण शेखर, संचालन देवेंद्र सिंह, आशीष पांडे ओम प्रकाश चिकित्सा व्यवस्था डेविड, कौशल, ऑडिटर सौरभ गुप्ता टेक्निकल राजश्री शुक्ला सरोज कुमार वर्मा, कपिल, सुमित, वीरेंद्र समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## बीएसए ने बाल वैज्ञानिक पूजा को दी बधाई

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर की उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा की पूर्व छात्रा वर्तमान में फतेहचंद सफदरगंज कॉलेज की छात्रा बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री बाल पुरुस्कार प्राप्त हुआ, इसके पूर्व पूजा पाल द्वारा अपने बनाए गए मॉडल को जापान तक प्रस्तुत किया गया। इसी उपलक्ष्य में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी निंदूरा सुषमा सेंगर, खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव, स्टेनो राहुल शुक्ला, पुनीत श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला व्यायाम शिक्षिका ऋतु पाठक, शिक्षक राजीव श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश कन्नौजिया, अनूप अवस्थी, अर्पित श्रीवास्तव, दिलीप तिवारी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



# नए वर्ष से पहले रसोइयों को मिलेगा तीन माह का मानदेय

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अन्तर्गत कार्यरत रसोइयों को उनके मानदेय का भुगतान नए वर्ष से पूर्व सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालयों, 194 कम्पोजिट विद्यालयों, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों, 13 सहायता प्राप्त मदरसों, 04 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालयों, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय तथा 60 इण्टर कॉलेजों सहित कुल 1576 विद्यालयों में कार्यरत 3686 रसोइयों को माह सितम्बर, अक्टूबर एवं नवम्बर-2025 (तीन माह) का मानदेय प्रदान किया जाएगा।

रसोइयों की उपस्थिति के आधार पर कुल रु0 2,19,81,997/- (रु0 दो करोड़ उन्नीस लाख इक्यासी हजार नौ सौ सत्तानवे मात्र) की धनराशि को जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसके क्रम में उक्त धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से नए वर्ष से पहले रसोइयों के बैंक खातों में स्थानान्तरित कर दी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुचारू ढंग से भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे रसोइयों को आर्थिक संबल प्राप्त हो सके।

# कुछ ही दिन में उखड़ गयी 20 लाख की लागत से बनी सड़क



जन एक्सप्रेस। कन्नौज



छिबरामऊ में हाल ही में बनी एक सड़क निर्माण के कुछ ही दिनों बाद उखड़ने लगी है। 20 लाख रुपये की लागत से बनी इस सड़क के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दोबारा मजबूत सड़क बनाने की मांग की है।

यह मामला छिबरामऊ क्षेत्र का है, जहां सलेमपुर के पास जीटी रोड से रतनपुर, हयातनगर होते हुए चंद्रपुर गांव तक 2400 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है, जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

गांव के एक निवासी ने बताया कि उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान ही ठेकेदार को घटिया सामग्री के इस्तेमाल से रोका था, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। निर्माण पूरा होने के तीसरे दिन से ही सड़क टूटने लगी थी। अब भुगतान कराने से पहले गड्ढों को पैचवर्क के जरिए भरा जा रहा है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सड़क उखड़ती देख कई ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और उन्होंने हाथ से सड़क उखाड़ते हुए वीडियो भी बनाए।

कन्नौज में संपर्क मार्गों के निर्माण में धांधली का यह कोई पहला मामला नहीं है। जिले में ऐसी दर्जनों सड़कें हैं जो बनते ही उखड़ने लगीं और उनमें भ्रष्टाचार के आरोप लगे। यह स्थिति तब है जब जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं, जिनमें सदर विधायक असीम अरुण सरकार में समाज कल्याण मंत्री भी हैं।

इसके बावजूद सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को कथित तौर पर दरकिनार किया जा रहा है।

## एस आई आर की समय सीमा बढ़ी अब 6 जनवरी को प्रकाशित होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। इसी अवधि के साथ-साथ 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे एवं आपत्तियों का ईआरओ द्वारा निस्तारण की कार्यवाही संपादित की जाएगी। इसके उपरांत निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता के मापदण्डों की जांच कर 03 मार्च 2026 तक आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त की जाएगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

# पंकज चैधरी के नेतृत्व में फिर बनेगी भाजपा सरकार : राकेश कर्रा

## भाजपा नेता ने की नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार मुलाकात

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री पंकज चैधरी से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राकेश कर्रा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी। यह मुलाकात न सिर्फ औपचारिक थी, बल्कि बाराबंकी जनपद में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बातचीत भी रही। भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी को भगवान श्रीराम की एक सुंदर प्रतिमा भेंट की, जो अयोध्या की आस्था और भारत की सनातन संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है। राकेश वर्मा कर्रा ने प्रदेश अध्यक्ष को बाराबंकी जिले में विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति, कार्यकर्ताओं की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने, जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक अनुशासन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। राकेश कर्रा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री पंकज चैधरी जमीन से जुड़े हुए लोकप्रिय नेता है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में और मजबूती के साथ जनसेवा एवं विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। श्री वर्मा ने पंकज चैधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी ने भी राकेश कर्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से भाजपा उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के साथ जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी। राकेश वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बाराबंकी में भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे।

# शराब घोटाले : अवैध कमाई के लिए सियासतदानों/नौकरशाहों के गिरोह ने बेची शराब

# चार साल में 2883 करोड़ रुपये की काली कमाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में सियासतदानों और नौकरशाहों का गिरोह शामिल था। अवैध कमीशन के चक्कर में इस गिरोह बेहिसाब शराब की बिक्री कराई। चार साल में 2883 करोड़ रुपये की काली कमाई की गई। ईडी ने शराब घोटाले का पर्दाफाश कर नौकरशाहों, राजनीतिक अधिकारियों और निजी गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर द्वारा 26 दिसंबर को इस मामले में एक और पूरक अभियोग शिकायत दर्ज की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के आबकारी विभाग में 2019 से 2023 के बीच हुए एक बड़े भ्रष्टाचार का ब्यौरा दिया गया है। इस घोटाले के परिणामस्वरूप लगभग 2883 करोड़ रुपये की अपराध की आय (पीओसी) अर्जित की गई है। जांच में एक सुसंगठित आपराधिक गिरोह का खुलासा हुआ है, जिसने अवैध कमीशन और बेहिसाब शराब की बिक्री सहित एक बहुस्तरीय तंत्र के माध्यम से व्यक्तिगत लाभ के लिए राज्य की शराब नीति का दुरुपयोग किया। गिरोह ने चार अलग-अलग चैनलों के माध्यम से अवैध आय अर्जित की।



### नौकरशाह

अनिल तुतेजा (सेवानिवृत्त आईएएस), जो उस समय संयुक्त सचिव थे, और निरंजन दास (आईएएस), जो उस समय आबकारी आयुक्त थे, जैसे वरिष्ठ अधिकारी नीति में हेरफेर करने और गिरोह के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। सीएसएमसीएल के प्रबंध निदेशक अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) को अवैध वसूली को अधिकतम करने और भाग-बी संचालन के समन्वय का कार्य सौंपा गया था। इसके अतिरिक्त, जनार्दन कौरव और इकबाल अहमद खान सहित 30 फील्ड-स्तरीय आबकारी अधिकारियों पर 'प्रति मामले निश्चित कमीशन' के बदले बेहिसाब शराब की बिक्री में सुविधा प्रदान करने का आरोप लगाया गया था।

### नवीनतम अभियोग में 59 नए लोगों को आरोपी बनाया गया

- **अवैध कमीशन :** सरकारी बिक्री पर शराब आपूर्तिकर्ताओं से रिश्वत वसूली जाती थी, जिसे राज्य द्वारा भुगतान की जाने वाली 'लैंडिंग कीमत' को कृत्रिम रूप से बढ़ाकर सुगम बनाया जाता था, जिससे रिश्वत का वित्तपोषण प्रभावी रूप से राज्य के खजाने के माध्यम से होता था।
- **अघोषित बिक्री :** एक समानांतर प्रणाली के तहत सरकारी दुकानों के माध्यम से नकली होलोग्राम और नकद में खरीदी गई बोतलों का उपयोग करके 'बिना हिसाब-किताब वाली' देसी शराब बेची जाती थी, जिससे सभी उत्पाद शुल्क और करों से बचा जा सके।
- **कार्टेल कमीशन :** राज्य में बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने और परिचालन लाइसेंस प्राप्त करने के लिए शराब बनाने वालों द्वारा वार्षिक रिश्वत दी जाती थी।
- **एफएल 10ए लाइसेंस :** विदेशी शराब निर्माताओं से कमीशन वसूलने के लिए एक नई लाइसेंस श्रेणी शुरू की गई थी, जिसमें से 60% लाभ सिंडिकेट को जाता था।
- ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत ने तत्कालीन राज्य के प्रशासनिक और राजनीतिक पदानुक्रम में अवैध वित्तीय लाभ के लिए एक गहरी साजिश का खुलासा किया है। नवीनतम अभियोग में 59 नए लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिससे आरोपियों की कुल संख्या अब तक 81 हो गई है।

### राजनीतिक व्यक्ति

तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा और चैतन्य बघेल (तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र) सहित उच्च पदस्थ राजनीतिक हस्तियों पर नीतिगत सहमति देने और अपने व्यापार/रियल एस्टेट परियोजनाओं में पीओसी प्राप्त करने/उपयोग करने में उनकी भूमिका के लिए आरोप लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में तत्कालीन उप सचिव सौम्या चौरासिया को अवैध नकदी के प्रबंधन और अनुपालन करने वाले अधिकारियों की नियुक्तियों के प्रबंधन के लिए एक प्रमुख समन्वयक के रूप में पहचाना गया था।

### निजी व्यक्ति एवं संस्थाएं

इस गिरोह का नेतृत्व अनवर ढेबर और उनके सहयोगी अरविंद सिंह कर रहे थे। छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज लिमिटेड, भाटिया वाइन मर्चेंट्स और वेलकम डिस्टिलरीज सहित निजी निर्माताओं ने जानबूझकर शराब के अवैध निर्माण में भाग लिया, जो कि पार्ट-बी के अंतर्गत आता था, और पार्ट-ए और पार्ट-बी कमीशन का भुगतान भी किया। सिद्धार्थ सिंघानिया (नकदी संग्रह) और विधु गुप्ता (नकली होलोग्राम की आपूर्ति) जैसे सहायक भी इस धोखाधड़ी में प्रमुख निजी भूमिका निभा रहे थे।

### गिरफ्तारियां और प्रवर्तन कार्रवाई

2002 के पीएमएलए की धारा 19 के तहत कुल नौ प्रमुख व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अनिल तुतेजा (पूर्व आईएएस); अरविंद सिंह; त्रिलोक सिंह ढिल्लों; अनवर ढेबर; अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस); कवासी लखमा (विधायक और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री); चैतन्य बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र) शामिल हैं। सौम्या चौरसिया (मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव) और निरंजन दास (आईएएस) का नाम भी आरोपियों में शामिल है। इनमें से कुछ को फिलहाल जमानत मिल चुकी है, जबकि अन्य न्यायिक हिरासत में हैं।

### संपत्ति की कुल कुर्की

ईडी ने कई अस्थायी कुर्की आदेश जारी कर कुल 382.32 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियां जब्त की हैं। इन कुर्क की गई संपत्तियों में नौकरशाहों, राजनेताओं और निजी संस्थाओं से जुड़ी 1,041 संपत्तियां शामिल हैं, जैसे रायपुर का होटल वेनिंगटन कोर्ट और ढेबर और बघेल परिवारों से संबंधित सैकड़ों संपत्तियां।

# सीट बंटवारे पर महायुति में टकराव

## अठावले ने लगाया विश्वासघात का आरोप, 38 सीटों पर लड़ने का किया एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में महायुति के भीतर खींचतान खुलकर सामने आ गई है। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावने ने बीएमसी चुनाव के लिए सीट बंटवारे में अपनी पार्टी को बाहर रखे जाने को विश्वासघात करार दिया। उन्होंने साफ किया कि उनकी पार्टी 38 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर भाजपा और शिवसेना को समर्थन देती रहेगी। रामदास आठवले ने कहा कि महायुति के गठन के बाद से उनकी पार्टी पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़ी रही। लेकिन बीएमसी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर जो फैसला हुआ, उससे आरपीआई (ए) के कार्यकर्ताओं में भारी नाराज़गी है।



उन्होंने कहा कि देर रात केवल सात सीटों का प्रस्ताव देना व्यावहारिक नहीं था और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### सीट बंटवारे पर क्यों भड़की आरपीआई (ए)

आठवले के मुताबिक, मुंबई में आरपीआई (ए) की ताकत वंचित बहुजन अघाड़ी से ज्यादा है, इसके बावजूद उनकी पार्टी को नजरअंदाज किया गया। इससे पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऐसे नेताओं में से नहीं है जो समय के हिसाब से बात बदलें।

### महायुति में अलग-अलग राह

बीएमसी चुनाव में जहां भाजपा और शिवसेना ने सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है, वहीं महायुति की एक और सहयोगी पार्टी, एनसीपी, भी अलग राह पर है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ रही है। इस बीच, महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख मंगलवार को समाप्त हो रही है। ऐसे में महायुति के भीतर सीटों को लेकर चल रही यह खींचतान चुनावी माहौल को और दिलचस्प बना रही है।

### कार्यकर्ताओं की गरिमा का सवाल

रामदास आठवले ने कहा कि पार्टी और कार्यकर्ताओं की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। अगर कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं बचेगा, तो पार्टी का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा।

### महायुति के साथ रहेंगे, लेकिन लड़ेंगे चुनाव

आठवले ने स्पष्ट किया कि आरपीआई (ए) महायुति के साथ बनी रहेगी। हालांकि, 38 से 39 सीटों पर 'फ्रेंडली फाइट' के तहत पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# प्रतिबन्धित कफ़ सिरफ की कालाबाजारी व तस्करी करने वाला अन्तर्राज्यीय गिरोह का एक अभियुक्त गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

प्रतिबंधित कफ़ सिरफ की कालाबाजारी को लेकर मचे तूफान और राजनीतिक गहमागहमी के बीच गाजियाबाद पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जो पूर्व में गिरफ्तार दवा कारोबारियों के आरोपियों के साथ मिलकर करोड़ो की लेनदेन में संलिप्त था। गिरफ्तार आरोपी दीप प्रकाश गुप्ता डी पी इंटरप्राइजेज के माध्यम से लेनदेन की बात भी प्रकाश में आई है। पुलिस जांच में कफ सिरफ़ मामले गिरफ्तार आरोपी सौरभ त्यागी और विशाल उपाध्याय के फर्मों से मिलकर लगभग 5 करोड़ के लेनदेन किए। ज्ञात हो कि 3 और 4 नवम्बर की रात्रि में सोनभद्र पुलिस की इनपुट पर गाजियाबाद पुलिस की कई टीमों द्वारा मिलकर ऑपरेशन को अंजाम दिया था। जिसमें 4 ट्रकों में भारी मात्रा में कफ़ सिरफ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 1150 पेटी सिरफ से भरी बरामद किया था। इस खुलासे केबाद पूरे देश में हड़कंप मच गया। मुकदमे में विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर दी पी इंटरप्राइजेज के मालिक दीप प्रकाश गुप्ता द्वारा आर एस फार्मा के मालिक सौरभ त्यागी व वान्या इंटरप्राइजेज के मालिक विशाल उपाध्याय के बीच वर्ष 2024-25 में करीब 5 करोड़ रूपये की लेन-देन प्रकाश में आयी। विवेचना के क्रम में दौराने साक्ष्य संकलन प्रकाश में आया कि डी पी इंटरप्राइजेज का अस्तित्व नहीं है, केवल अवैध धन को वैध बनाने हेतु कागजी तौर पर डी पी इंटरप्राइजेज के मालिक द्वारा सचालन किया जा रहा था।

### उड़ीसा में रहकर करता था व्यापार

आरोपी दीप प्रकाश गुप्ता ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2005 से उड़ीसा में रहकर मेडिसिन का कार्य करता था। जहाँ पर वह एम आर से सम्पर्क करके दवाईयां लेकर दिल्ली सप्लाई करता था। जिसके कारण उसका दिल्ली आना-जाना रहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात विशाल उपाध्याय से हुई थी। वर्ष 2023 उसका उड़ीसा में काम बन्द हो गया तो वह वापस हरदोई आ गया और वर्ष 2024 में दोबारा फिर दिल्ली जाकर विशाल उपाध्याय से मिला। विशाल उपाध्याय ने उसकी मुलाकात आर एस फार्मा के मालिक सौरभ त्यागी से कराई और कफ सीरफ की तस्करी के बारे में बताया कि उसको प्रत्येक बोतल के बिल पर 2 से 3 रूपये का कमीशन मिलेगा। उसको केवल अपने नाम एजेन्सी रजिस्टर करानी है। कमीशन के लालच में आकर उसके द्वारा दिसम्बर 2024 में डी पी इंटरप्राइजेज का लाइसेन्स दिल्ली के पते पर रजिस्टर्ड करवाया गया। उसकी इस फर्म को मुख्य रूप से वान्या इंटरप्राइजेज के मालिक विशाल उपाध्याय व आर एस फार्मा के मालिक सौरभ त्यागी संचालित करते थे। यह दोनों अपनी फर्मों से उसकी फर्म के नाम पर बिल काटते है। मुलाकात विशाल उपाध्याय से हुई थी। वर्ष 2023 उसका उड़ीसा में काम बन्द हो गया तो वह वापस हरदोई आ गया और वर्ष 2024 में दोबारा फिर दिल्ली जाकर विशाल उपाध्याय से मिला। विशाल उपाध्याय ने उसकी मुलाकात ॠ स्र्ढ्ढद्धद्ग के मालिक सौरभ त्यागी से कराई और कफ सीरफ की तस्करी के बारे में बताया कि उसको प्रत्येक बोतल के बिल पर 2 से 3 रूपये का कमीशन मिलेगा। उसको केवल अपने नाम एजेन्सी रजिस्टर करानी है। कमीशन के लालच में आकर उसके द्वारा दिसम्बर 2024 में डी पी इंटरप्राइजेज का लाइसेन्स दिल्ली के पते पर रजिस्टर्ड करवाया। उसकी इस फर्म को मुख्य रूप से वान्या इंटरप्राइजेज के मालिक विशाल उपाध्याय एवं आर एस फार्मा के मालिक सौरभ त्यागी संचालित करते थे। यह दोनों अपनी फर्मों से उसकी फर्म के नाम पर बिल काटते थे।

# बीजेपी ने वंशवाद पर कसा शिकंजा : नगर निगम चुनावों में नेताओं के परिजनों को नहीं मिलेगा टिकट : फडणवीस



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा ने एक बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के बच्चों या पत्नियों को चुनावी टिकट न देने का निर्णय लिया है। भाजपा नेतृत्व के इस कदम का उद्देश्य पार्टी के भीतर परिवारवाद को खत्म कर जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे लाना है। राज्यसभा सांसद धनंजय महादिक ने सोमवार को बताया कि हाल में वरिष्ठ नेताओं और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में हुई बैठकों में यह निर्णय लिया गया। पार्टी अब किसी नेता के करीबी रिश्तेदार को उम्मीदवार नहीं बनाएगी। महादिक के अनुसार हम पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। इस आदेश का पूरी तरह पालन करेंगे। पार्टी के इस सख्त रुख का असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

### कई नामाकंन हुए वापस

महादिक के अनुसार, भाजपा ने 15 जनवरी को होने वाले 29 नगर निगमों के चुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है, लेकिन सूची में किसी भी मौजूदा सांसद, विधायक या मंत्री के बेटे-बेटियों के नाम शामिल नहीं हैं। जहां-जहां पहले सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के रिश्तेदारों ने नामांकन दाखिल किया था, वहां पार्टी के निर्देश के बाद नामांकन वापस ले लिए गए हैं। नासिक में भाजपा विधायक सीमा हिरे और देवयानी फरांडे के बेटों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। धनंजय महादिक के बेटे ने भी अपना नाम चुनावी दौड़ से बाहर कर लिया है। पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ और अन्य इलाकों से 100 से अधिक नेताओं ने अपने परिजनों के लिए टिकट मांगे थे। सूत्रों का कहना है कि पिछले स्थानीय निकाय चुनावों में परिवारवाद के आरोपों के कारण भाजपा को आलोचना झेलनी पड़ी थी।

### धनंजय महादिक के बेटे ने भी नाम वापस लिया

महादिक ने स्वीकार किया कि उनके बेटे ने वरिष्ठ नेताओं की अनुमति लेकर नामांकन दाखिल किया था, लेकिन राज्य स्तर पर फैसला होने के बाद उसने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, जब पार्टी ने तय किया कि नेताओं के परिवारों को टिकट नहीं मिलेगा, तो मेरे बेटे ने भी पीछे हटने का फैसला किया। महादिक ने यह भी माना कि टिकट वितरण को लेकर कुछ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नाराजगी है। उन्होंने कहा, जिन्हें टिकट नहीं मिला, उनमें असंतोष है। हम दो दिनों के भीतर उनसे बात करेंगे और स्थिति को समझाएंगे। महायुति के तालमेल में कुछ को नुकसान हो सकता है, लेकिन हम सबको संतुष्ट करेंगे।

## पीएम मोदी ने 1943 में पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराने के लिए नेताजी को किया याद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तारीफ़ की, जिन्होंने 1943 में इसी दिन पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराया था। पीएम मोदी ने उनके इस काम को साहस से भरा हुआ बताया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तारीफ करते हुए संस्कृत में एक श्लोक भी पोस्ट किया है। मोदी ने कहा कि यह पल सभी को याद दिलाता है कि आजादी सिर्फ़ इच्छा से नहीं, बल्कि काबिलियत, कड़ी मेहनत और एक संगठित संकल्प से मिलती है। आज़ाद हिंद फ़ौज या इंडियन नेशनल आर्मी के मुखिया सुभाष चंद्र बोस ने 30 दिसंबर, 1943 को पोर्ट ब्लेयर में पहली बार भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। सुभाष चंद्र बोस के इसी साहस को आज पीएम मोदी से याद किया है। पीएम मोदी ने ङ्क पर एक पोस्ट में कहा, 'आज ही के दिन, 30 दिसंबर, 1943 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने बहुत हिम्मत और बहादुरी के साथ पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराया था।

# देश के विकास में योगदान देने के लिए करें तकनीक का इस्तेमाल : उपराष्ट्रपति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को युवाओं और नए स्नातकों से आग्रह किया कि वे डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल देश के विकास में योगदान देने के लिए करें। वह पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 30वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्नातक हो रहे छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वचालन (ऑटोमेशन), जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल संपर्क मानव जीवन के हर पहलू को बदल रहे हैं। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा, शिक्षित नागरिक होने के नाते



युवाओं को तकनीक का उपयोग उत्साह के साथ-साथ नैतिक सतर्कता के साथ करना चाहिए। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति भी रहे राधाकृष्णन ने जोर दिया कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल राष्ट्रीय विकास के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, डिजिटल तकनीक को आपकी गहन सोच की क्षमता को कम नहीं करने देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने कहा, मैं कई मौकों पर यह अपील करता रहा हूं। आपको न केवल खुद नशे से दूर रहना चाहिए, बल्कि अपने दोस्तों को भी इससे दूर रखने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने युवा स्नातकों से समय प्रबंधन की अहमियत पर भी बात की। राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का भी जिक्र किया और इसे देश के विकास का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा, विकास समावेशी होना चाहिए, जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हों। उन्होंने युवा स्नातकों को सामाजिक और राष्ट्रीय विकास का दूत बताया और कहा कि शिक्षा सभी का मौलिक अधिकार है, न कि कुछ लोगों का विशेषाधिकार।

## अधीर रंजन चौधरी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, बंगाल समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस समय में यह बैठक खास अहमियत रखती है क्योंकि बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें बंगाल में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर चिंताएं शामिल थीं। कई राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा की अलग-अलग घटनाओं पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कांग्रेस सांसद ने देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषा बोलने वाले लोगों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया।

# बांग्लादेश में तीन दिन का शोक, आज सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा खालिदा जिया का पार्थिव शरीर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को 80 वर्ष की उम्र में ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद से देशभर में शोक का माहौल है। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बताया कि खालिदा जिया को अंतिम विदाई बुधवार को दी जाएगी और उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पति बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी के संस्थापक जियाउर रहमान के बगल में दफनाया जाएगा। बता दें कि खालिदा जिया बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं। देश की राजनीति में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिनों के लिए राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का एलान किया है। इस बात की घोषणा



फाइल फोटो

अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि खालिदा जिया का पार्थिय शरीर कल यानी बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने देश में तीन दिन का राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का भी एलान किया है।

### अंतिम नमाज और दफन

कानून सलाहकार आसिफ नजरुल के अनुसार, खालिदा जिया की नमाज-ए-जनाजा (अंतिम नमाज) बुधवार को जोहर की नमाज के बाद संसद भवन के साउथ प्लाजा और मणिक मिया एवेन्यू में होगी। इसके बाद उन्हें ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित जिया उद्यान में उनके पति की कब्र के पास दफन किया जाएगा। इस संबंध में अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद की एक विशेष बैठक हुई, जिसमें बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर भी विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल हुए।

### झंडा आधा झुका रहेगा

बीबीसी बांग्ला के अनुसार, शोक अवधि के दौरान सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त संस्थानों शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और निजी इमारतों और विदेशों में बांग्लादेश के मिशनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इतना ही नहीं बुधवार को खालिदा जिया के सम्मान में देशभर की मस्जिदों में विशेष दुआएं होंगी। साथ ही अन्य धर्मों के पूजा स्थलों पर भी प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, विदेशों में बांग्लादेशी दूतावासों में शोक पुस्तिकाएं खोली जाएंगी।

### यूनुस ने देशवासियों से की शांति बनाए रखने की अपील

राष्ट्र के नाम दिए गए टीवी संबोधन में मोहम्मद यूनुस ने अपील की है कि अंतिम विदाई और शोक के दौरान शांति, अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यह समय धैर्य रखने का है।

### आज देशभर में होगी सामान्य छुट्टी : यूनुस

यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर मैं तीन दिन का राजकीय शोक घोषित करता हूं। उनके जनाजे के दिन यानी बुधवार को देशभर में एक दिन की सामान्य छुट्टी रहेगी। यूनुस ने कहा कि वह जानते हैं कि पूरा देश इस समय दुखी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शोक की इस घड़ी में संयम बनाए रखें और अंतिम विदाई से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा होने दें।

### खालिदा जिया, बांग्लादेश की राजनीति की मजबूत महिला

गौरतलब है कि बांग्लादेश की राजनीति में मंगलवार को एक युग का पटाक्षेप हो गया। संघर्ष, सत्ता और साहस की प्रतीक रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बीएनपी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। पार्टी ने लिखा कि बांग्लादेश की अनुभवी नेता का कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद निधन हो गया। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, खालिदा जिया ने सुबह करीब 6 बजे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताते चलें कि खालिदा जिया पिछले 36 दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं।

### बीएनपी ने घोषित किया सात दिन का राष्ट्रीय शोक

हालांकि इससे पहले बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) पार्टी ने मंगलवार 30 दिसंबर 2025 से सात दिन का आधिकारिक शोक घोषित किया है। मामले में बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शोक कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इसके तहत पार्टी का केंद्रीय कार्यालय नयापालटन और पूरे देश में सभी पार्टी कार्यालयों पर काले झंडे लहराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक स्मृति चिन्ह के रूप में काले बैज पहनेंगे। इसके अलावा पार्टी कार्यालयों और अन्य स्थानों पर दुआ महफिल और कुरान पाठ आयोजित किए जाएंगे।

### पीएम मोदी ने खालिदा जिया के निधन पर जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर शोक जताया। उन्होंने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में उनकी भूमिका का जिक्र करते हुए करीब 10 साल पहले हुई पहली मुलाकात की स्मृतियां भी साझा कीं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर साल 2015 में खालिदा जिया के साथ हुई मुलाकात और बातचीत की तस्वीरें साझा कर पूर्व प्रधानमंत्री के चाहने वालों और परिजनों के लिए संबल की कामना भी की।

### शेख हसीना ने भी शोक प्रकट किया

खालिदा जिया के निधन पर उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहीं शेख हसीना ने भी शोक प्रकट किया। उन्होंने बीएनपी की पूर्व अध्यक्ष को देश के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। हसीना ने कहा, बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में उनकी भूमिका को याद किया जाएगा। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए हसीना ने कहा, जिया की मृत्यु बांग्लादेश की राजनीति और बीएनपी के नेतृत्व के लिए एक गहरा नुकसान है।